

टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी बोलीं- निर्वाचन आयोग के प्रारूप के तहत तार्किक विसंगति मान्य नहीं - 12



ऊंची बनी रह सकती हैं ईंधन, उर्वरक की कीमतें - 12



विशेष चुनाव में जीत से मार्क कार्नी सरकार को बहुमत - 13



सूर्यकुमार के भविष्य पर हो सकती चर्चा - 14


आज का मौसम
39.0⁰ अधिकतम तापमान
24.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.46
सूर्यास्त 06.32

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 10:31 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 15 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 238, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## कल पेश होगा लोकसभा में 850 सीटें करने का प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी



● महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की शुरू होगी प्रक्रिया

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को मूर्त रूप देने के लिए बृहस्पतिवार को विधेयक संसद में पेश किया जाएगा। इसमें संसद के निचले सदन में सदस्यों की मौजूदा संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान है।

विधेयक में निर्वाचन क्षेत्रों के फिर से निर्धारण के लिए जनगणना 2011 के आंकड़ों को आधार बनाया जाएगा। इसमें संविधान के अनुच्छेद 81 में संशोधन का प्रस्ताव है। कहा गया है कि लोकसभा में राज्यों के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों से प्रत्यक्ष निर्वाचन के जरिए चुने गए 815 से अधिक सदस्य नहीं होंगे और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधित्व के लिए 35 से अधिक सदस्य नहीं होंगे, जो संसद द्वारा पारित कानून के तहत प्रदत्त तरीके से चुने जाएंगे। विधेयक के अनुसार, जनसंख्या अभिव्यक्ति से तात्पर्य उस जनगणना में सुनिश्चित की गई जनसंख्या से है, जिसके संबंधित आंकड़े प्रकाशित किए जा चुके हैं।

## विकसित भारत के लिए प्रगति, प्रकृति, संस्कृति की त्रिवेणी जरूरी: मोदी

### प्रधानमंत्री ने किया दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का लोकार्पण, कहा- सड़कें बन रहीं राष्ट्र की भाग्यरेखाएं

● जनसभा में बोले- उत्तराखंड ने यूसीसी से दिखाई देश को राह

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड गढ़ी कैंट में आयोजित भव्य समारोह में दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का रिमोट बटन दबाकर लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड आने वाले सभी पर्यटकों व श्रद्धालुओं से स्वच्छता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। साथ ही, देश के सभी दलों और उनके सांसदों से नारी वंदन विधेयक को पारित कराने का भी आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने मां डाट काली मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही गढ़ी कैंट तक 12 किमी लंबे रोड शो में प्रतिभाग किया। प्रधानमंत्री ने समारोह में कहा कि आगामी कुछ दिनों में पवित्र चारधाम यात्रा भी शुरू होने वाली है, जिसकी देशभर के आस्थावान लोग प्रतीक्षा करते हैं। दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर बनने से चारधाम यात्रियों को भी सुविधा होगी। कहा कि उत्तराखंड स्थापना के 26वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है, अब राज्य की प्रगति में यह एक्सप्रेस-वे भी शामिल हो गया है। कुछ साल पहले उन्होंने बाबा केदार की धरती पर कहा था कि इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड के नाम होने जा रहा है, उन्हें ये देखकर बेहद खुशी हो रही है कि डबल इंजन सरकार की नीतियों और उत्तराखंड के लोगों के परिश्रम से उत्तराखंड तेजी से इस राह पर बढ़ रहा है।




लोकार्पण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### गेमचेंजर साबित होगा इकोनॉमिक कॉरिडोर : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली-बागपत-सहारनपुर-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर को क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए गेमचेंजर बताते हुए कहा कि अब सहारनपुर से दिल्ली और देहरादून की दूरी कम समय में तय हो सकेगी। प्रधानमंत्री मोदी के हाथों कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने आभार जताते हुए कहा कि यह कॉरिडोर न केवल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा, बल्कि उद्योग, निवेश और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। इस कॉरिडोर से सहारनपुर के वुडवर्क, मेरठ के स्पोर्ट्स गुड्स और क्षेत्रीय कृषि उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी के जरिए वैश्विक बाजार तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय उद्योगों को नई पहचान और किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### अकोला देश में सबसे गर्म, विदर्भ में गर्मी की भीषण लहर

**नागपुर।** मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र में भीषण लू चलने के कारण अकोला भारत का सबसे गर्म शहर बन गया है, जहां अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके साथ ही यह वैश्विक पर दूसरा सबसे गर्म शहर भी है। हाल ही में बेमौसम बारिश के बाद तापमान तेजी से बढ़ा है जिससे गर्मी और बढ़ गई है। अकोला लगातार दूसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर बना हुआ है। विदर्भ के कई शहर दुनिया के 10 सबसे गर्म स्थानों में शामिल रहे, जिनमें अमरावती और यवतमाल में 43.2 डिग्री और वर्धा में 43.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने इस क्षेत्र के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

### राजस्थान में सरकार ने कांग्रेस विधायक को घर में नजरबंद किया

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर-पदमपुर राजकीय राजमार्ग पर स्थित 18 बीबी टोल प्लाजा पर टोल वसूली को अवैध बताकर विरोध कर रहे श्रीकरणपुर के कांग्रेस विधायक रुपिंदरसिंह रूबी को प्रशासन ने सोमवार देर रात उनके ही घर में नजर बंद कर दिया। उनके घर के चारों तरफ भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए। विधायक ने इस कार्रवाई को खुली तानाशाही करार देते हुए कहा कि सरकार जनता की जायज मांगों को दबाने के लिए दमनकारी रवैया अपना रही है।

## नोएडा में दूसरे दिन भी तोड़फोड़ पथराव कर्मचारियों की पुलिस से तीखी झड़पें

### ज्यादातर औद्योगिक इकाइयों में काम बंद, पुलिस ने 300 लोगों को किया गिरफ्तार

● भारी फोर्स की तैनाती के साथ ड्रोन से निगरानी, एनएसए लगाने की चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नोएडा

**अमृत विचार:** गौतमबुद्ध नगर के औद्योगिक क्षेत्र में वेतन वृद्धि को लेकर भड़का कर्मचारियों का आंदोलन मंगलवार को दूसरे दिन भी शांत नहीं हो सका। कई इलाकों में पथराव और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। कुछ वाहनों और फैक्ट्रियों में तोड़फोड़ की गई और कर्मचारियों की पुलिस से भी झड़पें हुईं। हालांकि पुलिस ने इन्हें काबू में कर लिया। पुलिस ने दोपहर तक 300 से अधिक आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया, 100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि गंभीर मामलों में आरोपितों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार की हिंसा के बाद मंगलवार सुबह 5 बजे से ही नोएडा-ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक इलाकों में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने फ्लैग मार्च शुरू कर दिया। पीएसी और आरएएफ की 15 कंपनियां, 8 एडिशनल एसपी और 18 डीएसपी स्तर के अधिकारी तैनात किए गए हैं। ड्रोन और सीसीटीवी के जरिए निगरानी हो रही है। इस बीच ज्यादातर कंपनियां बंद रहीं। सोमवार को 42 हजार से अधिक श्रमिक 83 स्थानों पर सड़कों पर उतरे थे और 350 से अधिक फैक्ट्रियों में तोड़फोड़, 50 से ज्यादा वाहनों में आगजनी और पथराव हुआ था। मंगलवार को सेक्टर-121, सेक्टर-80 समेत कुछ स्थानों पर फिर पथराव की घटनाएं हुईं, लेकिन पुलिस ने भीड़ को खदेड़ दिया। सरकार ने देर रात न्यूनतम मजदूरी में 3000 रुपये तक की वृद्धि कर दी। इसके बावजूद कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी रहा।



कर्मचारियों के प्रदर्शन के कारण मंगलवार को औद्योगिक क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

### गोरखपुर तक पहुंची नोएडा आंदोलन की आंच

नोएडा से शुरू हुए प्रदर्शन का आंच पश्चिम के कई जिलों से होते हुए मंगलवार को गोरखपुर तक पहुंची। गोला क्षेत्र में आईओसीएल की ओर से संचालित कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर कर्मचारी गेट पर प्रदर्शन करने लगे। हालांकि आंबेडकर जयंती पर प्लांट बंद है। कर्मचारी वेतन वृद्धि और यात्रा भत्ता की मांग कर रहे हैं। उन्होंने प्रबंधन को 12 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा का कहना है कि कुछ कर्मचारी गेट पर आए हैं। एसडीएम को उनसे बातचीत करने को कहा गया है। बुधवार से प्लांट में काम होगा।

### राहुल बोले- हर आवाज को अनसुना किया गया

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वो देश के श्रमिकों की आखिरी चीख थी, जिनकी हर आवाज को अनसुना किया गया, जो मांगते-मांगते थक गए। नोएडा में काम करने वाले एक मजदूर की 12,000 महीने की तनख्वाह है और 4 हजार से 7 हजार किराया। जब तक 300 की सालाना बढ़ोतरी मिलती है, मकान मालिक 500 किराया बढ़ा देता है। कहा कि तनख्वाह बढ़ने तक ये बेलगाम महंगाई जिंदगी का गला घोंट देती है, कर्ज की गहराई में डुबा देती है। यही है विकसित भारत का सच।

### उपद्रवियों से होगी वसूली: डीजीपी

डीजीपी राजीव कृष्ण लखनऊ से हालात की निगरानी कर रहे हैं। कहा, उपद्रवियों से निजी व सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की भरपाई कराई जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

### बाहरी तत्व सक्रिय: आलोक कुमार

हाई पावर कमेटी के सदस्य आलोक कुमार ने कहा कि श्रमिकों का प्रदर्शन हिंसक हो गया, जो नहीं होना चाहिए था। इंटेलिजेंस से सूचना मिली है कि श्रमिकों की आड़ में कुछ बाहरी तत्व माहौल बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। प्रदेश में उद्योगों को लेकर जो सकारात्मक माहौल बना है, उसे बिगाड़ने की कोशिश की गई है।

## नीतीश कुमार का इस्तीफा सम्राट होंगे नए मुख्यमंत्री

● जदयू के बजाय अब भाजपा करेगी सरकार का नेतृत्व, सम्राट आज करेंगे शपथ ग्रहण

पटना, एजेंसी

बिहार में मंगलवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के बजाय भाजपा के सरकार का नेतृत्व करने का रास्ता साफ हो गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल को अपना त्यागपत्र सौंप दिया। दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसी के साथ उनके बिहार का नया मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। चौधरी बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

नीतीश कुमार मंगलवार को सम्राट चौधरी और मंत्री विजय चौधरी के साथ इस्तीफा देने के लिए लोक भवन पहुंचे। इस दौरान वह लोकभावन में महज सात मिनट ही रुके। इससे पहले राज्य में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश ने मंत्रिमंडल सहयोगियों को मंत्रिपरिषद भंग करने के अपने निर्णय की जानकारी दी, जो राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने से पहले की एक संवैधानिक प्रक्रिया है। राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने के लिए जाने से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी नीतीश कुमार से मुलाकात की। बिहार की राजनीति में गहमागमी से भरे रहे इसी दिन में दोपहर के वक्त सम्राट चौधरी को राजग के विधायक दल का नेता चुना गया। राजग के सभी सहयोगी दलों के विधायकों की बैठक में नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा में 89 विधायकों के साथ भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है।



पटना में राजग विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी को बधाई देते नीतीश कुमार।

### पूरा सहयोग करेंगे: नीतीश

नीतीश कुमार ने राज्यपाल को इस्तीफा देने का बाद कहा कि राज्य की नई सरकार को उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन हासिल रहेगा। नीतीश ने सोशल मीडिया पर इस्तीफा देने की जानकारी देते हुए लिखा कि अगले पांच वर्षों के लिए 7 निश्चय-3 का गठन किया गया है। इसके जरिए बिहार काफी आगे बढ़ेगा। बिहार के विकास में केंद्र का भी पूरा सहयोग मिल रहा है।

## श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी वृद्धि पर 'मॉडल की रार'

### यूपी सरकार ने बढ़ाई मजदूरी, फिर भी हरियाणा से अंतर बरकरार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** नोएडा में श्रमिक आंदोलन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी कर त्वरित राहत देने की कोशिश की है, लेकिन हरियाणा के मॉडल से तुलना में अब भी अंतर साफ नजर आ रहा है। इसी के साथ हालिया कैबिनेट बैठक में आउटसोर्स श्रमिकों के लिए न्यूनतम मानदेय तय करने का फैसला भी न्यूनतम मजदूरी से ज्यादा होना इस बहस को और अहम बना रहा है।

सरकार ने गौतमबुद्ध नगर-गाजियाबाद जैसे औद्योगिक जिलों में अकुशल, अर्द्धकुशल व कुशल श्रमिकों की मजदूरी में करीब एक हजार से तीन हजार रुपये तक की वृद्धि की है, जो एक अप्रैल 2026 से लागू मानी जाएगी। यह फैसला हाई पावर कमेटी की सिफारिशों के बाद सोमवार को आधी रात लिया गया। मंगलवार को हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष औद्योगिक विकास आयुक्त व अपर मुख्य सचिव (एसीएस) वित्त दीपक कुमार ने बताया कि श्रमिकों को तीन श्रेणियों कुशल, अर्द्धकुशल और अकुशल में बांटा गया है। साथ ही जिलों को भी तीन श्रेणियों में रखा गया है। गौतमबुद्धनगर-गाजियाबाद, अन्य नगर निगम वाले जिले और अन्य जनपद। नोएडा-गाजियाबाद में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी 11,313 से बढ़ाकर 13,690 रुपये की गई है। अन्य नगर निगम में यह 13,006 तथा अन्य जनपदों में 12,356 रुपये तय की गई है। इसी तरह अर्द्धकुशल श्रमिकों की मजदूरी नोएडा-गाजियाबाद में 15,059, अन्य नगर निगम में 14,306 और अन्य जनपदों में 13,591 रुपये कर दी गई है। कुशल श्रमिकों के लिए नोएडा-गाजियाबाद में मजदूरी बढ़ाकर 16,868, अन्य नगर निगम में 16,025 और अन्य जनपदों में 15,224 रुपये की गई है। सवाल उठता है कि यह आंदोलनकारियों की हरियाणा मॉडल वाली मांग से उनकी मजदूरी अभी भी काफी कम है। साथ ही, हाल ही में योगी कैबिनेट की बैठक में तय किए गए आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय भुगतान मॉडल से भी नीचे हैं। हालांकि प्रदेश सरकार ने मजदूरी वृद्धि के साथ-साथ ओवरटाइम पर दोगुना भुगतान, साप्ताहिक अवकाश और समय पर वेतन जैसी व्यवस्थाओं को भी लागू करने का निर्णय लिया है। सरकार का फोकस श्रमिकों और उद्योगों के बीच संतुलन बनाए रखने पर है, ताकि निवेश और रोजगार दोनों प्रभावित न हों। फिर भी सरकार के सामने दोहरी चुनौती है। एक ओर श्रमिकों की अपेक्षाओं को पूरा करना और दूसरी ओर उद्योगों की प्रतिस्पर्धा बनाए रखना है। हाई पावर कमेटी की आगे की रिपोर्ट और वेज बोर्ड के गठन के बाद इस दिशा में और स्पष्ट तस्वीर सामने आने की उम्मीद है।

### औद्योगिक क्षेत्रों में भी आउटसोर्स जैसा बने तंत्र

श्रम संगठनों का कहना है कि सभी निजी और पब्लिक लिमिटेड कंपनियों में नियोक्ताओं के शोषण से बचाव का सरकारी तंत्र ठीक से काम नहीं करता। श्रम विभाग में श्रम निरीक्षक से लेकर शीर्ष अधिकारी तक नियोक्ताओं के दबाव में रहते हैं। ऐसे में कानूनन तय वेतन भुगतान व सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। ऐसे में यूपी में प्रस्तावित आउटसोर्स निगम की तर्ज पर एक मजबूत तंत्र बनाया जाना चाहिए, जो वेतन-भत्ता-एचआरए-चिकित्सा, पीएफ, पेंशन और अन्य सुविधाओं का ऑनलाइन पारदर्शी व समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करे।

## दून-अल्मोड़ा-नैनीताल के लिए आज होगी हेली सेवा की शुरुआत

**रुद्रपुर:** उत्तराखंड के साथ ही बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। पवन हंस कंपनी एक फिर उत्तराखंड में अपनी हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने जा रही है। इसका शुभारंभ बुधवार को पंतनगर हवाई अड्डे से होगा।

पंतनगर हवाई अड्डे पर पवन हंस के स्टेशन इंचार्ज हर्ष रंजन ने बताया, यह पहल किफायती और विश्वसनीय हवाई परिवहन की दिशा में कदम है। वर्ष 2021 में पीएचएल ने उड़ान शुरू की थी। इस बीच टेंडर खत्म होने के कारण इसे बंद करना पड़ा था। अब इसे रिन्यू कर लिया गया है। बताया, हेलीकॉप्टर में दो कैप्टन के साथ 11 यात्री रहेंगे।

## सरकारी नौकरियों में समानता का पालन अनिवार्य

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने दी महत्वपूर्ण व्यवस्था- सिर्फ डिग्री न होने पर नहीं कर सकते प्रमोशन से वंचित

सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा है कि अगर सेवा नियमों में अनुभव, योग्यता या वरिष्ठता के आधार पर छूट का प्रावधान है तो किसी कर्मचारी को केवल डिग्री न होने की वजह से प्रमोशन से वंचित नहीं किया जा सकता।

शीर्ष कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया जिसमें एक कर्मचारी को पदोन्नति देने से इन्कार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि जब अन्य कर्मचारियों को समान छूट दी गई तो इस मामले में शैक्षिक योग्यता में रियायत न देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि भेदभाव अन्याय का ही दूसरा नाम है। अदालत ने जोर दिया कि सरकारी नौकरियों में समानता के अधिकार का पालन करना अनिवार्य है। न्यायालय ने यह टिप्पणी एक कृषि सहकारी समिति के कर्मचारी से जुड़े मामले में की, जिसने लगभग तीन दशकों तक सेवा की थी।

समिति के निदेशक मंडल ने उनकी लंबी सेवा और वरिष्ठता के आधार पर शैक्षणिक योग्यता से छूट देते हुए सोसाइटी मैनेजर के पद पर पदोन्नत करने की सिफारिश की थी। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के एकल न्यायाधीश ने छूट का लाभ देने का निर्देश दिया था, हालांकि खंडपीठ ने इस निर्णय को पलटते हुए कहा था कि अपेक्षित योग्यता न होने के कारण रजिस्ट्रार का छूट देने से इन्कार उचित है।

**राहत के आसार** | पाकिस्तानी सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों का दावा-युद्ध विराम खत्म होने से पहले शुरू हो सकती है वार्ता

## अमेरिका-ईरान के बीच अगले सप्ताह फिर हो सकती है वार्ता

इस्लामाबाद, एजेंसी

ईरान और अमेरिका को बातचीत की मेज पर फिर से लाने के लिए पाकिस्तान उच्च स्तर पर कोशिश कर रहा है। दावा किया गया है कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह तक इस्लामाबाद में वार्ता के दूसरे दौर के लिए फिर से मिल सकते हैं। पाकिस्तान सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि अमेरिका-ईरान के बीच रुकी हुई वार्ता 21 अप्रैल को दो सप्ताह के युद्धविराम की समाप्ति से पहले दोबारा शुरू हो सकती है।

दावा किया गया है प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री इसहाक डार और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर दूसरे दौर की वार्ता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, जिससे पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त हो सकता है। इस्लामाबाद में आयोजित कुछ उच्च स्तरीय बैठकों में दोनों पक्षों के शीर्ष नेतृत्व के बीच वार्ता के अगले दौर की तैयारी के संकेत दिए गए हैं। कुछ सूत्रों ने दावा किया है कि वार्ता का अगला दौर बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद में हो सकता है। हालांकि, उसी दिन प्रधानमंत्री शहबाज युवराज मोहम्मद बिन सलमान के निमंत्रण पर सऊदी अरब की यात्रा पर भी जा रहे हैं। नवाज सऊदी अरब और तुर्किये की संक्षिप्त यात्राएं करेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद-बघर ग़ालिबफ के नेतृत्व में ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने 11 अप्रैल को इस्लामाबाद में मैराथन बैठक की थी। हालांकि, यह शांति वार्ता बेनतीजा रही।




न्यूयॉर्क में ईरान के खिलाफ युद्ध का विरोध कर रहे एक प्रदर्शनकारी को ले जाती पुलिस।

### ट्रंप ने मोदी को किया फोन, पश्चिम एशिया पर चर्चा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ फोन पर पश्चिम एशिया की स्थिति और विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री जहाजों के सुरक्षित आवागमन के बारे में चर्चा की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ बातचीत के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी बातचीत हुई। मोदी ने कहा, मुझे मेरे मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फोन आया। हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की और होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता के असफल होने के बाद मोदी और ट्रंप के बीच यह पहली बातचीत थी।

# श्रमिकों को राहत, उपद्रवियों पर एक्शन की तैयारी

## वेतन बढ़ोतरी करने के साथ डबल ओवरटाइम देने, समय पर भुगतान और इकाईयों में श्रम कानून लागू करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहीं जांच में लगी टीमें
- हिंसा में शामिल लोगों पर एनएसए लगाने की तैयारी

**अमृत विचार:** नोएडा में श्रमिक आंदोलन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने एक साथ राहत और सख्ती की रणनीति अपनाई है। एक ओर न्यूनतम मजदूरी में बढ़ोतरी कर श्रमिकों को राहत दी गई है, वहीं दूसरी ओर हिंसा, आगजनी और तोड़फोड़ में शामिल उपद्रवियों पर कड़ा एक्शन लेने की तैयारी शुरू हो गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित हाई पावर कमेटी जहां श्रमिकों से संवाद कर उन्हें काम पर लौटने के लिए प्रेरित कर रही है, वहीं गृह विभाग और पुलिस प्रशासन पूरे मामले की गहन जांच में जुटा है। डीजीपी राजीव कृष्ण और नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने संकेत दिए हैं कि हिंसा में शामिल "हार्डकोर उपद्रवियों" पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून तक लगाया जा सकता है। प्रभावित इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आगजनी व पुलिस पर हमले के सबूत जुटाए जा रहे हैं। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद डीजीपी के साथ हालात पर नजर बनाए हुए हैं। सरकार ने गौतमबुद्ध नगर-गाजियाबाद में न्यूनतम मजदूरी में 3000 तक की बढ़ोतरी की है। इसके तहत अकुशल श्रमिकों का वेतन 11,313 से बढ़ाकर 13,690, अर्धकुशल का 15,059 और कुशल श्रमिकों का 16,868 कर दिया गया है। जिलाधिकारी मेधा रूपम के अनुसार, अब श्रमिकों को ओवरटाइम का दोगुना भुगतान मिलेगा, साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित होगा और हर महीने की 10 तारीख तक वेतन सीधे बैंक खाते में जमा किया जाएगा।

### एसटीएफ करेगी डिजिटल ट्रेल की जांच

- नोएडा में श्रमिकों से जुड़े मुद्दे को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों के बीच बड़ा खुलासा हुआ है। यूपी पुलिस ने 50 से अधिक ऐसे बॉट हैंडल चिन्हित किए हैं, जिन्हें पिछले 24 घंटों के भीतर बनाया गया। जिनका इस्तेमाल भ्रामक नैरेटिव गढ़ने के लिए किया जा रहा था।पुलिस के मुताबिक, ये सभी हैंडल संगठित तरीके से श्रमिकों से जुड़े मुद्दे पर अफवाह फैलाने और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे। प्रारंभिक जांच में यह मामला एक सुनियोजित साजिश की ओर इशारा करता है। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि चिन्हित किए गए सभी हैंडल्स के डिजिटल ट्रेल की डिटेल जांच यूपी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा की जाएगी। जांच के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि इन हैंडल्स को किसने और किस उद्देश्य से संचालित किया।अफवाह और दुष्प्रचार फैलाने वाले ऐसे सभी सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपुष्ट खबरों पर भरोसा न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें।

### श्रम कानूनों का सख्ती से पालन होगा

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर बनी हाई लेवल कमेटी ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर में श्रमिकों से बात की है। बैठक में अपर मुख्य सचिव (एमएसएमई), प्रमुख सचिव (श्रम), श्रम आयुक्त, मंडलायुक्त मेरठ, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर और पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में श्रमिकों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। उन्होंने वेतन बढ़ाने, साप्ताहिक छुट्टी, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, श्रमिकों की सुरक्षा और बेहतर कामकाजी माहौल जैसी मांगें रखीं। कमेटी ने श्रमिकों को भरोसा दिलाया कि उनके हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा और सभी कंपनियों में श्रम कानूनों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

### हिंसा में श्रमिक नहीं, बाहरी लोग शामिल : दीपक

- **अमृत विचार, लखनऊ/नोएडा :** नोएडा में श्रमिक आंदोलन और हिंसा को लेकर बनीं हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष औद्योगिक विकास आयुक्त दीपक कुमार ने मंगलवार को कहा कि श्रमिक प्रतिनिधियों ने खुद बताया है कि हिंसा में उनका कोई हाथ नहीं था, बल्कि बाहरी और असामाजिक तत्वों ने हालात बिगाड़े। प्रेसवार्ता में दीपक कुमार ने कहा कि कर्मचारियों के अनुसार उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण था और उनकी मांगें वेतन वृद्धि, साप्ताहिक अवकाश तथा बेहतर कार्य परिस्थितियों से जुड़ी थीं। लेकिन कुछ लोगों ने इस आंदोलन की आड़ लेकर तोड़फोड़, आगजनी और पथराव जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इस इनपुट को गंभीरता से ले रही है और अब जांच का फोकस उन बाहरी तत्वों की पहचान पर है, जिन्होंने औद्योगिक माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और खुफिया सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। सरकार ने साफ किया है कि हिंसा और अराजकता किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### 20,000 न्यूनतम वेतन की खबरें भ्रामक

- दीपक कुमार ने यह भी बताया कि हाई पावर कमेटी की सिफारिशों के आधार पर नोएडा-गाजियाबाद में श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में 3000 तक की अंतरिम वृद्धि लागू कर दी गई है, जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर 20,000 न्यूनतम वेतन लागू होने की खबरें पूरी तरह भ्रामक हैं और श्रमिकों से अपील की कि वे ऐसी अफवाहों पर ध्यान न दें।

### नोएडा हिंसा पर सरकार जिम्मेदार : अखिलेश यादव

- अखिलेश यादव ने नोएडा में हाल में हुए श्रमिक आंदोलन और हिंसा को लेकर भी प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक विफलता के कारण हालात बिगड़े और सरकार अब इसे साजिश बताकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज टाटा मोटर्स प्लांट में 10 लाखवीं गाड़ी को झंडी दिखाएंगे योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ स्थित टाटा मोटर्स प्लांट में निर्मित 10 लाखवीं कमर्शियल गाड़ी को हरी झंडी दिखाएंगे। इस अवसर पर टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। यह माइलस्टोन वाहन जीरो-एमिशन इलेक्ट्रिक बस है, जो ग्रीन मोबिलिटी और सतत विकास के प्रति प्रदेश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 1992 में स्थापित यह प्लांट करीब 8 हजार लोगों को रोजगार देता है और कौशल विकास के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करता है। यह उपलब्धि यूपी के औद्योगिक विकास, निवेश और 'नेट-जीरो' लक्ष्यों की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

### रेजिडेंट्स से लेकर संकाय तक करें अनुसंधान : धीमन

**अमृत विचार, लखनऊ :** संजय गांधी पीजीआई (एसजीपीजीआई) में अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में निदेशक डॉ. आरके धीमन ने संस्थान में मजबूत शोध संस्कृति विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान की शुरुआत रेजिडेंट डॉक्टरों, शोधार्थियों और युवा संकाय सदस्यों के स्तर से ही होनी चाहिए, ताकि वैज्ञानिक सोच को शुरुआती चरण से ही मजबूती मिल सके। निदेशक ने सुझाव दिया कि संकाय सदस्य अपने कार्य समय का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा अनुसंधान गतिविधियों को समर्पित करें। उन्होंने युवा संकाय सदस्यों को व्यावहारिक सलाह देते हुए कहा कि वे आंतरिक अनुदानों के माध्यम से शोध कार्य प्रारंभ करें और उनके परिणामों के आधार पर बाह्य अनुदानों के लिए योजनाएं बनाएं। निदेशक ने यह भी कहा कि संस्थान के वरिष्ठ शोधकर्ता एक समय में कम से कम छह पीएचडी छात्रों का मार्गदर्शन करें, ताकि उच्च प्रशिक्षित शोधकर्ताओं का एक मजबूत समूह तैयार किया जा सके। इससे पीजीआई को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए आईसीएमआर, नई दिल्ली में प्रस्ताव भेजने में मदद मिलेगी। कार्यशाला में डॉ. अमित गोयल, डॉ. खलिकुर रहमान, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. सी.पी. चतुर्वेदी, डॉ. अतुल गर्ग और श्याम कुमार ने बहुविषयक अनुसंधान के लिए उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं और संभावनाओं की जानकारी दी।

### 14566 हेल्पलाइन पर शिकायतों का निस्तारण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पीड़ितों को त्वरित और प्रभावी न्याय दिलाने के लिए शुरू की गई 14566 अत्याचार एवं उत्पीड़न हेल्पलाइन अब मजबूत सहारा बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शासन-प्रशासन को संवेदनशील और जवाबदेह बनाने की दिशा में यह पहल जमीनी स्तर पर असर दिखा रही है। समाज कल्याण विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस हेल्पलाइन पर दर्ज सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया गया, जो सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच कुल 628 शिकायतें दर्ज हुईं। जांच में 75 शिकायतें डुप्लीकेट पाई गईं, जिन्हें अलग कर दिया गया। शेष सभी मामलों में संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश देकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया गया। महीनेवार आंकड़ों में सितंबर (80) और अक्टूबर (79) में सबसे अधिक शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि अन्य महीनों में भी लगातार शिकायतें आती रहीं—जो इस बात का संकेत है कि लोग अब इस हेल्पलाइन पर भरोसा जता रहे हैं।

## मशरूम उत्पादन से बदली जिंदगी

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में योगी सरकार की पहल अब जमीन पर असर दिखा रही है। भदोही जिले की पप्पू देवी इसका सशक्त उदाहरण बनकर उभरी हैं, जिन्होंने मशरूम उत्पादन के जरिए न केवल अपनी आर्थिक स्थिति बदली, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के नए रास्ते खोल दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) आज ग्रामीण महिलाओं के लिए आर्थिक आजादी का मजबूत माध्यम बन रहा है। इसी मिशन की मदद से पप्पू देवी ने पारंपरिक खेती से अलग राह चुनते हुए मशरूम उत्पादन शुरू किया और आज उनकी सालाना आमदनी 8 से 10 लाख रुपए तक पहुंच चुकी है। पप्पू देवी ने शुरुआत में अपनी जमा-पूंजी से करीब ढाई लाख रुपए निवेश किए और 50 हजार रुपए का ऋण लेकर इस उद्यम की नींव रखी। सीमित संसाधनों और छोटे स्तर से शुरू हुआ यह काम आज एक सफल व्यवसाय में बदल चुका है।

# सपा का स्टेट गेस्ट हाउस कांड और कांग्रेस का आंबेडकर विरोध वास्तविक चरित्रः मुख्यमंत्री

## योगी ने 75 जिलों में बाबा साहेब की प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण का किया वर्चुअल शुभारंभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने स्टेट गेस्ट हाउस में महिलाओं के साथ बर्बर व्यवहार कर अपना वास्तविक चरित्र दिखाया था। कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव से वंचित रखने का प्रयास किया। उन्हें भारत रत्न न मिले, इसके लिए षडयंत्र रचे। कांग्रेस आज भले ही संविधान की प्रति लेकर घूम रही है, लेकिन उसकी असलियत को समझने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को डॉ. आंबेडकर महासभा कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्मारिका का विमोचन किया और 75 जिलों में स्थापित बाबा साहेब की 75 मूर्तियों के सौंदर्यीकरण व संरक्षण कार्य का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके पहले हजरतगंज चौक स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दलितों के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले गिनाएं कि बाबा साहेब के नाम पर उन्होंने क्या किया और उनके दर्शन से क्या प्रेरणा ली? सब जानते हैं कि कौन मुख्यमंत्री बनने पर दलित महापुरुषों के स्मारक तोड़ने की धमकी देता था। कड़वा-कड़वा थू, मीठा-मीठा गप, नहीं चलेगा और समाज यह स्वीकार भी नहीं करेगा, क्योंकि समाज असलियत जानता है। जाति के नाम पर समाज को बांटने वाली ताकतें बताएं कि जब बांग्लादेश में दलित नौजवान को जलाया जा रहा था तो उनका मुंह क्यों सिला था।

इस अवसर पर आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, महापौर सुषमा खर्कवाल, आंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज, महामंत्री अमरनाथ प्रजापति, कोषाध्यक्ष डॉ. सत्या दोहरे आदि की मौजूदगी रही।



प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद डॉ. आंबेडकर को नमन करते योगी।

### बना रहे डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक व शोध केंद्र

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लखनऊ में हमारी सरकार ने तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविद को बुलाकर डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक व शोध केंद्र के कार्य को बढ़ाया। इसके प्रथम चरण का काम लगभग पूरा हो चुका है, जुलाई तक द्वितीय चरण का कार्य कराने का निर्देश दिया है। यहां दलित बच्चों के लिए बाबा साहेब के दर्शन पर शोध करने का प्लेटफॉर्म उपलब्ध होगा। सामाजिक न्याय और जनचेतना के लिए केंद्र बनेगा, जिससे समाज महापुरुषों के बारे में जान सके। यहां छात्रावास, शोध केंद्र, ऑडिटोरियम, बाबा साहेब की भव्य प्रतिमा भी स्थापित हो रही है।

### बाबा साहेब ने दिखाई थी न्याय की रोशनी

- मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार करने, दलितों, वंचितों, गरीबों को न्याय प्रदान करने के लिए समर्पित था। हर दलित-वंचित, गरीब, महिला जब न्याय की अपेक्षा रखती है और उसे जो रोशनी दिखाई देती है, वह रोशनी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने ही दिखाई थी। बाबा साहेब का जो प्रकाश फैला है, उसे हड़पने के लिए कुछ स्वार्थी ताकतें फिर से उनके नाम का स्मरण करने का नाटक कर रही हैं।


पार्टी कार्यालय पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करतीं बसपा सुप्रीमो मायावती, साथ में अन्य।

# देश में बढ़ती सामंती सोच के कारण संविधान के लक्ष्य प्रभावित : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बाबा साहेब आंबेडकर जयंती पर बसपा सुप्रीमो मुखिया का सरकार पर निशाना
- कहा-गरीबी, बेरोजगारी और जातिवाद खत्म किए बिना नहीं मिलेगा संविधान का पूरा लाभ

**अमृत विचारः** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में बढ़ती सामंती और जातिवादी सोच के कारण संविधान के मूल उद्देश्यों को पूरी तरह लागू नहीं किया जा सका है। इसके निदान के लिए देश व राज्यों में भी डा. आंबेडकर की ''सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय'' की नीति व सिद्धांत वाली उनकी अनुयायी पार्टी बसपा की सरकार जरूरी है।

मायावती ने मंगलवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय और अन्य स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

बसपा प्रमुख ने नौ माल एवेन्यू स्थित केंद्रीय कैंप कार्यालय में डा. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कहा कि बहुजन समाज आज भी गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक भेदभाव जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे मजबूत संविधान वाले देश में भी अगर बहुजन समाज को सम्मान और न्याय नहीं मिल पा रहा है, तो यह चिंताजनक है। संविधान का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता स्थापित करना था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में यह लक्ष्य अधूरा दिखाई देता है। मायावती ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने जो संविधान देश को दिया, वह सभी वर्गों को समान अधिकार और अवसर प्रदान करने के लिए बनाया गया था। लेकिन आज भी समाज के कमजोर वर्गों को उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। मायावती ने कहा कि केवल जयंती मनाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उनके सिद्धांतों को जमीन पर लागू करना जरूरी है। उन्होंने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत को अपनाने की अपील की। आरोप लगाया कि वर्तमान सरकारें बहुजन समाज के मुद्दों पर गंभीरता से काम नहीं कर रहीं।

# बाबा साहब की प्रतिमाएं तोड़ने वाले अब सुरक्षा का दे रहे बजट


लखनऊ में बाबा साहब को नमन करते अखिलेश यादव।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आंबेडकर जयंती पर सपा प्रमुख का भाजपा पर हमला

**अमृत विचारः** बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। हजरतगंज स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी लाभ के लिए बाबा साहब के नाम का इस्तेमाल कर रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार में सबसे अधिक आंबेडकर प्रतिमाएं तोड़ी गईं, और अब वही लोग चुनाव से पहले उनकी सुरक्षा के नाम पर बजट देकर "झूठा संदेश" देने की कोशिश कर रहे हैं। उनका इशारा हाल ही में यूपी कैबिनेट के उस प्रस्ताव की ओर था, जिसमें आंबेडकर प्रतिमाओं की सुरक्षा के लिए कैनोपी लगाने का निर्णय लिया गया है। सपा प्रमुख ने कहा कि बाबा साहब का संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि "लोहे की तलवार" है, जो समय-समय पर समाज को सम्मान दिलाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि संविधान दलितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों के लिए ढाल और संजीवनी है, जो उन्हें न्याय और समान अवसर प्रदान करता है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि चुनाव के समय 400 सीटें जीतने के बाद संविधान बदलने की बातें कही गई थीं, लेकिन देश और प्रदेश की जनता ने लोकतंत्र और संविधान को बचाने का काम किया। सपा प्रमुख ने कहा कि आज भी समाज में दलितों और पिछड़ों के साथ भेदभाव की घटनाएं सामने आती हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई जगहों पर लोगों को शादी में घोड़ी पर चढ़ने या पानी छूने तक पर अपमानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए यह संघर्ष लंबा है और समाजवादी पार्टी इसे लगातार आगे बढ़ाती रहेगी।


डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करतीं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल व अन्य।

# राहुल गांधी राजनीतिक पर्यटक : अनुप्रिया पटेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बंगाल में भाजपा और यूपी 2027 में एनडीए की जीत का दावा

**अमृत विचारः** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में नेता विरोधी दल कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 'राजनीतिक पर्यटक' करार देते हुए कहा कि उनके प्रचार से पश्चिम बंगाल की राजनीति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी और उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में एनडीए तीसरी बार सत्ता में लौटेगा।

मंगलवार को गांधी भवन में आयोजित आंबेडकर जयंती समारोह के दौरान पत्रकारों से बातचीत में अनुप्रिया पटेल ने कहा कि बंगाल में कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक है, ऐसे में वहां परिवर्तन तय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास केंद्रित सरकार का गठन होगा। यूपी चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि फिलहाल सीट बंटवारे पर कोई चर्चा नहीं है, बल्कि संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि अपना दल (एस) आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगा।

इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलते हुए सामाजिक न्याय को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों में जुट जाएं। कार्यक्रम में आशीष पटेल और आरपी गौतम समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## निषाद समाज को मिले अनुसूचित जाति का दर्जा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एकलव्य समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर निषाद ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को हजरतगंज चौराहे पर स्थित बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अम्बेडकर जयंती धूम-धाम से मनाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि निषाद समाज दिल्ली, महाराष्ट्र सहित 14 प्रदेशों में अनुसूचित जाति में आता है तथा सेंसेक्स ऑफ इंडिया 1961 में निषाद मल्लाह को लखनऊ, आगरा, इटावा और उन्नाव में अनुसूचित जाति में रखा गया है। परंतु उन्हें अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी न करके पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र दिया जा रहा है। इस विसंगति को दूर करने के लिए एकलव्य समाज पार्टी निरंतर प्रयासरत है।

जागरूकता

**आज और कल निकाली जाएंगी पदयात्राएं, छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की भागीदारी होगी सुनिश्चित**

# उच्च शिक्षण संस्थानों में चलेगा नारी शक्ति वंदन अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने मंगलवार को वर्चुअल बैठक कर विभागीय अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए।

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, निदेशालय के पदाधिकारियों और क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाना प्राथमिकता है। यह अभियान 10 से 20 अप्रैल 2026 तक प्रदेशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में चलाया जाएगा। इसके तहत छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और आमजन की सक्रिय भागीदारी के साथ विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंत्री ने बताया कि 15 और 16 अप्रैल को प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 'नारी शक्ति पदयात्रा' आयोजित की जाएगी। इसमें समाज की प्रतिष्ठित महिलाओं को नेतृत्व देने के साथ एनसीसी, एनएसएस स्वयंसेवकों और 'लखपति दीदी' जैसी लाभार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है और यह अभियान उसी कड़ी को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

### नारी शक्ति दीवार बनेगी अभिव्यक्ति का मंच

- अभियान के तहत महिला महाविद्यालयों और छात्रावासों में 'नारी शक्ति दीवार' स्थापित की जाएगी, जहां महिलाएं अपने विचार लिखकर और हस्ताक्षर कर भागीदारी निभाएंगी। इसके साथ ही मानव श्रृंखला बनाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया जाएगा। मंत्री ने निर्देश दिए कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से अभियान का व्यापक प्रचार किया जाए। साथ ही मिस्ड कॉल नंबर और स्टिकर के जरिए जनसमर्थन जुटाने पर भी जोर दिया गया।

### अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

- अभियान के सफल संचालन के लिए स्पष्ट जिम्मेदारियां तय की गई हैं। उच्च शिक्षा परिषद के सचिव निजी विश्वविद्यालयों से समन्वय करेंगे, कुलसचिव सरकारी व अनुदानित कॉलेजों से संपर्क रखेंगे, जबकि क्षेत्रीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रमों का संचालन सुनिश्चित करेंगे।

### प्रमुख गतिविधियां

- 15-16 अप्रैल : नारी शक्ति पदयात्रा
- स्कूटी रैली और जनसंपर्क अभियान
- बैनर, कार्ड और प्रचार सामग्री का उपयोग
- छात्र-छात्राओं की व्यापक भागीदारी

## न्यूज ब्रीफ

### रामलला को पिलाया सतुवा का शरबत

**अयोध्या, अमृत विचार** : राम मंदिर में श्रीरामलला को बाल भोग में सतुवा( कई अनाजों को मिलाकर बनाया गया) का शरबत पिलाया गया। दोपहर 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगा। वैशाख कृष्ण पक्ष द्वादशी तिथि पर संक्रांति उत्सव मनाया गया। इस दिन सतू का सेवन और दान करना अत्यंत शुभ माना जाता है। जौ और चने के सत्तू का सेवन आम की चटनी और गुड के साथ किया जाता है। इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। राम मंदिर के पुजारी के मुताबिक सुबह श्रृंगार आरती के बाद रामलला को सतुवा का भोग लगाया गया।

### येलो जोन पास के लिए विशेष शिविर 19 व 26 को

**अयोध्या, अमृत विचार** : अयोध्या में येलो जोन के लिए पास बनाए जाने के लिए दो विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। सूचना विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार पहला शिविर 19 अप्रैल को राम कथा पार्क परिसर में और दूसरा शिविर 26 अप्रैल को आरटीओ कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। दोनों शिविरों का समय सुबह 10 से शाम पांच बजे तक तय है। जिन लोगों को येलो जोन के लिए पास की आवश्यकता है, वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर समय से उपस्थित होकर अपना पास बनवा सकते हैं।

### विद्यालयों में होगी नारी शक्ति वंदन की गूंज

**अयोध्या, अमृत विचार** : बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संदेश को सभी परिषदीय विद्यालयों और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। अपर मुख्य सचिव ( बेसिक ) पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 16 से 20 अप्रैल तक तीन चरणों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास जगाना, नारी सशक्तीकरण को बढ़ावा देना और नारी शक्ति वंदन अधिनियम ( जिसके तहत लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा) का संदेश युवा पीढ़ी तक पहुंचाना है। सभी कार्यक्रमों की फोटोग्राफ्स और रिपोर्ट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दी जायेगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने बताया कि सभी स्कूलों को निर्देश दे दिए गए हैं।

### ग्रामीण विकास का सपना साकार कर रही सरकार: लल्लू

**पूराबाजार, अमृत विचार** : पूर्व सासंद लल्लू सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार ग्रामीण विकास का सपना साकार कर रही है। वह मंगलवार को पूरा बाजार ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रसूलाबाद में आंगनबाड़ी केंद्र रसूलाबाद के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप गांवों को शहर जैसी सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। अब गरीबों की बेटियों के शादी विवाह तक की चिंता नहीं करनी है। अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नीरज राना व संचालन मुन्ना दूबे ने किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, पूर्व प्रधान रसूलाबाद बलराम दूबे, मुन्ना दूबे, प्रधान ऐमी राम जीत निषाद सहित तमाम लोग मौजूद थे।

### छात्रों को मिलेगी निशुल्क वाई-फाई सुविधा

**अयोध्या, अमृत विचार** : राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्रों को सत्र 2026-27 में निशुल्क वाई-फाई की सुविधा मिलेगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग कंपोजिट ग्रांट से जिले के 41 विद्यालयों में वाई-फाई लगवाएगा, जो छात्रों के साथ-साथ विद्यालयों में बनी स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, प्रधानाचार्य को मिले टैबलेट आदि के संचालन में भी उपयोगी होगा। इससे इससे छात्र ऑनलाइन ट्यूटोरियल, ई-बुक्स और अन्य डिजिटल शैक्षिक सामग्री का लाभ उठा सकेंगे। डीआईओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि वाई-फाई से छात्रों को किसी भी चीज में शोध करने में आसानी होगी। विद्यालयों के छात्रों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में अभी भी संसाधनों की कमी है।

### रौहारी में खुला आरोही का कार्यालय

**अयोध्या।** ग्राम पंचायत रौहारी में किशोरियों के सर्वांगीण विकास के लिए आरोही संस्थान के नए कार्यालय का शुभारंभ प्रधान अजय यादव ने किया। उन्होंने संस्थान द्वारा समाज और किशोरियों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। संस्थान की अध्यक्ष शालिनी, सचिव मौसम, उपाध्यक्ष पिंकी और उनकी टीम ने इसके उद्देश्य, कार्यप्रणाली और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मौसम, पिंकी, एकता, शालिनी, रौनक आदि शामिल रहीं।

# कचरा गाड़ी आय रही, द्वारे खड़ी बुलाय रही...

**अयोध्या कार्यालय।**

- घर-घर पहुंचेगा स्वच्छता का संदेश नगर आयुक्त ने दी सहमति
- कूड़ा संग्रह वाहनों में अब बजेगा अवधी जिंगल


आलोक सिंह राणा।

**अमृत विचार :** 'कचरा गाड़ी आय रही, द्वारे खड़ी बुलाय रही। चाची सुनो, काका सुनो, बाहिनी सुनो, सुनो मेरे भाई मिली सब नगरी सजाइब, रामलला के धाम चमकाइब।'' अगर सबकुछ सही रहा तो नगर वासियों को जल्द अवधी भाषा में संगीत के साथ स्वच्छता का ये संदेश सुनाई देगा। अवधी भाषा में ये ''जिंगल'' कूड़ा संग्रह के लिए संचालित किए जाने वाले वाहनों में बजेगा। इसकी अनुमति मंगलवार को नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने दे दी है।

स्वच्छता के क्षेत्र में पहल करते हुए चिंतन इन्वायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप ने शिक्षाविद एवं प्रमुख समाजसेवी आलोक सिंह राणा के नेतृत्व में यह अवधी जिंगल तैयार किया है। नगर निगम के चार वार्डों में कूड़ा वाहनों में सफलतापूर्वक संचालन शुरू हो गया है। आलोक ने बताया कि लोगों को अवधी भाषा में सफाई के लिए प्रेरित करने और घर का कूड़ा इधर-उधर न फेंकने की अपील करने के उद्देश्य से ये बनाया गया है। जिंगल के बोल महापौर गिरीशपति त्रिपाठी के मार्गदर्शन में तैयार किये गये है। सामाजिक संस्था राम का घर के प्रबंधक एवं चिंतन संस्था के चीफ कोऑर्डिनेटर ने अवधी जिंगल की रचना की है। अब इसे पूरे नगर में लागू किए जाने से स्वच्छ अयोध्या अभियान को नई गति मिलने की उम्मीद है। आलोक प्रत्येक माह 15 दिन दिल्ली में आईएएस के परीक्षार्थियों को इतिहास विषय का मार्गदर्शन देते हैं। शेष 15 दिन अयोध्या में सामाजिक कार्यों को समर्पित करते हैं, जिससे कि अयोध्या को श्रीराम के अनुरूप दिव्य और भव्य स्वरूप में पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत किया जा सके। नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों का मानना है कि यह पहल न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय संस्कृति और भाषा के माध्यम से जनभागीदारी को भी मजबूत करेगी।

# अक्षय तृतीया पर विशेष अनुष्ठान की तैयारी

**अयोध्या कार्यालय।**

**राम मंदिर**

- 56 प्रकार के व्यंजन और मौसमी फलों का लगाया जाएगा भोग

**अमृत विचार :** अक्षय तृतीया पर राम मंदिर समेत सभी 5000 मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान का भी आयोजन किया जायेगा। विभिन्न मठ मंदिरों में भव्य झांकी सजेगी। भगवान को 56 प्रकार के व्यंजन और मौसमी फलों का भोग भी लगाया जाएगा।

महंत सत्येंद्र दास वेदांती ने कहा कि अक्षय तृतीया भगवान विष्णु का दिन माना गया है। अयोध्या के सभी मंदिरों में भगवान विष्णु के 11वें अवतार के रूप में श्री राम की पूजा होती है। इस दिन मंदिरों के गर्भगृह में विशेष झांकी सजाई जाती है। इस वर्ष यह तिथि 19 अप्रैल को पड़ रही है। इस दिन भगवान को सुबह स्नान अभिषेक के बाद सूती वस्त्र धारण कराकर विशेष श्रृंगार होगा। जिसके बाद भव्य आरती का भी आयोजन किया जाएगा।दोपहर में मौसमी फल तरह-तरह के व्यंजनों का भोग लगाकर उसका प्रसाद भक्तों में वितरित होगा। उन्होंने बताया कि खेतों में पूजन-अर्चन करने के बाद नई फसल को उगाने के लिए खेती प्रारंभ करते हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट विशेष आयोजन की तैयारी कर रहा है। ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा के मुताबिक अक्षय तृतीया पर विधि विधान पूर्वक परंपरागत आयोजन संपन्न किए जाएंगे। यह बहुत महत्वपूर्ण तिथि है और हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवान के विशेष भोग श्रृंगार व धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन की तैयारी है। इसमें वैदिक आचार्य परिसर में स्थित यज्ञशाला में अनुष्ठान को संपन्न करेंगे।

# जिला अस्पताल के आधे परिसर में दो दिन से पानी नहीं, हाहाकार

**कोई घर से ला रहा पानी तो कोई खरीद रहा, चरमराने लगी सफाई व्यवस्था**

## मरीज-तीमारदारों में मची हाय तौबा, शौचालय चोक, आरओ बने शोपीस

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के आधे परिसर में दो दिन से पानी की आपूर्ति ठप पड़ने से मरीज और तीमारदारों में हाहाकार मचा है। अस्पताल के आरओ प्लांट शोपीस बने हुए हैं। टोटियां उखड़ चुकी हैं। पानी की कमी के कारण शौचालय चोक हो गए हैं। सफाई की व्यवस्था भी चरमराने लगी है।गर्मी की तेज धूप में लोग घरों से पानी लाकर या खरीद कर पीने और इस्तेमाल के लिए मजबूर हैं।

जिला अस्पताल मरीजों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। इन दिनों पानी की भारी कमी से जूझ रहा है। दो दिन से नल सूखे पड़े हैं। ईएनटी वार्ड, रिजर्व वार्ड और जनरल वार्ड के आसपास स्थिति सबसे खराब है। यहां मरीज और उनके परिजन तेज धूप में बाल्टी-बर्तन लेकर पानी ढो रहे हैं। ब्लड बैंक के पास लगा वाटर कूलर बंद पड़ा है। थैलेसीमिया वार्ड के बगल में एक वर्ष पहले लगाया गया आरओ प्लांट भी बंद है। रसोईघर के पास बना आरओ और जनरल वार्ड के बगल वाला आरओ प्लांट भी पानी नहीं दे रहा। नलों से टोटियां गायब हैं। कई जगह जमी हुई काई नजर आ रही है। ऑक्सीजन प्लांट के बगल से हैंडपंप भी हटा लिया गया है, जिससे गंभीर मरीजों के परिजनों को और परेशानी हो रही है। अब सिर्फ जेनेरिक दवा केंद्र के बगल लगे आरओ व हैंडपंप से ही पानी की उम्मीद है। मेडिकल वार्ड के पास लगा वाटर कूलर कब दगा दे जाए। इसका भरोसा नहीं है।


थैलीसीमिया वार्ड के बगल लगे आरओ के आउटपुट से निकलने वाले पानी का प्रयोग करता सख्स।


ब्लड बैंक के बगल लगे बंद वाटर कूलर के पास अपनी प्यास बुझाने पहुंचा युवक।



रसोईघर के बगल वर्षों से बंद पड़ा वाटरकूलर। अमृत विचार

### भइया हम काव बोली इलाजव न करिहै

अमृत विचार ने जब मंगलवार को वार्डों ने पेयजल के लिए जूझ रहे मरीज व तीमारदारों से बात करने का प्रयास किया तो सब डरे सहमे दिखाई पड़े। ईएनटी वार्ड में मौजूद लोग पानी को लेकर अस्पताल प्रशासन को कोस रहे थे, लेकिन कैमरे के सामने आने से सभी मना कर रहे थे। कहना था कि भइया अब काव बोल देई। का पता पेपर म फोटू छप जाए के बाद अस्पताल से भगाय दें। फिर इलाजव न मिले। तुहिन देख ल्यो, हिया कतनी दिक्कत अहय। दुई दिन से बड़ी दिक्कत है। तीमारदार साहिल अपनी मां को सर्जरी के डॉक्टर को दिखाने गए थे। जब उन्हें प्यास लगी तो वह ब्लड बैंक के पास लगे वाटर कूलर के पास गए। देखा तो सूखा पड़ा था। तीमारदार पंकज ने बताया ईएनटी वार्ड के बगल शौचालय चोक है। आदमी कहां जाएगा।


पानी की आपूर्ति न होने से परेशान ईएनटी वार्ड में भर्ती मरीज व तीमारदार। अमृत विचार

### बनवाने की सुधि भी नहीं ले रहे अधिकारी

रसोईघर के बगल लगा बड़ा आरओ प्लांट करीब दो वर्षों से बंद पड़ा है। इधर से रोज अधिकारियों का आना-जाना भी रहता है, लेकिन उसकी मरम्मत कराने की कोई सुधि नहीं ले रहा है।

### पानी 20 से 25 रुपये बोतल

भले ही जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को एक रुपये में इलाज का दावा किया जा रहा है, लेकिन पानी के लिए उन्हें एक बोतल के लिए 20 से 25 रुपये तक चुकाने पड़ रहे हैं। जगह-जगह पानी न आने से मरीजों को होती परेशानी देख तीमारदार बाहर से पानी खरीदकर लाने को भी मजबूर हैं। बताते हैं कि कई लोग इसका फायदा उठाकर बाहर से पानी लाकर 25 रुपये बोतल बेच रहे हैं।

> मुझे जैसे ही जानकारी मिली कर्मियों को निर्देशित कर दिया है। तत्काल व्यवस्थाओं में सुधार कराया जा रहा है। जिम्मेदारों को चेतावनी दी गई है कि अगली बार से ऐसा हुआ तो सीधे बड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनरेटर रूम के बगल लगी टोटियां सिर्फ हाथ धोने के लिए लगाई गई हैं। पर्चा काउंटर के पास वाला आरओ चल रहा है। **-डॉ. अजय चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल।**

# 30 लाख के गबन का आरोपी उप डाकपाल गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय।**

- आरोपी की पत्नी व सिपाही अभी भी फरार

**अमृत विचार:** डाक विभाग के महबूबगंज उप डाकघर में खाताधारक के खाते से 30 लाख की रकम के गबन के मामले में आरोपी उपडाक पाल शिवांशु श्रीवास्तव को मंगलवार को पुलिस ने आवास विकास कॉलोनी बाराबंकी से गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपी उसकी पत्नी आयुषी श्रीवास्तव व सिपाही अजय यादव अभी भी फरार हैं। इस मामले में केस दर्ज न करने के आरोप में गोसाईगंज थाना प्रभारी व सिपाही को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर निलंबित कर चुके हैं।

प्रवर डाक अधीक्षक हरे कृष्ण यादव ने गोसाईगंज थाने में उप डाकपाल समेत उसकी पत्नी आयुषी व चौकी महबूबगंज के सिपाही अजय यादव पर केस दर्ज कराया था। तीनों पर आरोप था कि इन्होंने मिलकर खाता धारक मो. शगीर को मृत दिखाकर उसके 30 लाख रुपये हड़प लिए थे। घटना 11 जनवरी 2025 की है। उस दौरान जांच में उप डाकपाल को दोषी पाते हुए प्रवर डाक अधीक्षक ने निलंबित कर दिया था और गोसाईगंज थाना पुलिस को कई बार तहरीर देकर केस दर्ज करने का अनुरोध भी किया। थाना गोसाईगंज पुलिस ने अपने सिपाही को बचाने के चक्कर में केस ही नहीं दर्ज किया। आखिरकार प्रवर डाक अधीक्षक ने इसकी शिकायत एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से की। जांच के दौरान आरोप सही पाए जाने पर एसएसपी ने थाना प्रभारी शारतेंदु दुबे व आरक्षी अजय यादव को निलंबित कर दिया था। इसके बाद चार मार्च को उक्त मामले में केस दर्ज किया गया। थाना प्रभारी अभिमन्यु शुक्ल ने चार्ज संभालते ही निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार राय, हेड कांस्टेबल जयबिन्द सिंह, कांस्टेबल संदीप सिंह, रामजनम यादव व पूजा यादव की टीम के साथ आरोपी शिवांशु को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि आरोपी शिवांशु को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया गया है। फरारआरोपी की पत्नी व सिपाही अजय यादव की तलाश जारी है।

### बुक सिलेंडर किया निरस्त डीएम के पास पहुंचा बुजुर्ग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : जिले में एलपीजी संकट ने लोगों के दिन का चैन व रातों की नींद छीन ली है। कहीं बुकिंग नहीं हो रही है तो कहीं डीएसी नंबर लटका दे रहा है। अब एक ताजा मामला सिलेंडर बुक होने के बाद निरस्त किए जाने का सामने आया है। जिलाधिकारी के दरबार में पहुंचे गद्दोपुर निवासी बुजुर्ग राम कृष्ण तिवारी ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह मधुपुर गैस एजेंसी के पंजीकृत उपभोक्ता हैं। उन्होंने 27 मार्च को सिलेंडर की बुकिंग कराई थी, जिसका रिफिल नंबर 0056004850 आया था। इसके बाद उनकी बुकिंग निरस्त कर दी गई। दोबारा सात अप्रैल को फिर से सिलेंडर की बुकिंग कराई, लेकिन उन्हें सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया गया। कई बार एजेंसी गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। डीएम के निर्देश पर वह आपूर्ति विभाग पहुंचे। अपना शिकायती पत्र डीएसओ बृजेश मिश्रा को दिया है। डीएसओ ने बताया कि शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में मौत मामले में रिपोर्ट

**बीकापुर, अमृत विचार:** सड़क दुर्घटना में हुई युवक की मौत मामले में पुलिस ने अज्ञात बुलेट चालक के विरुद्ध दुर्घटना करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। मलेथू कनक के रहने वाले शिवकुमार वैश्य ने कोतवाली में शिकायत की थी। बताया कि उनका का भाई रूद्र प्रसाद 10 अप्रैल को देर शाम पिपरी जलालपुर से बाइक से घर आ रहा था।

प्रयागराज हाईवे पर पातूपुर तिराहे के करीब अयोध्या की ओर आ रही तेज रफ्तार बुलेट चालक ने भाई की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अज्ञात बुलेट चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

# चाबी मांगने पर युवक को पीटा, दरोगा सहित दो सिपाही लाइन हाजिर

**कुमारगंज अयोध्या।**

- कुमारगंज थाने का मामला, चार पुलिसकर्मियों पर है पिटाई का आरोप
- समर्थकों के साथ पहुंचे क्षेत्रीय विधायक, पुलिस कर्मियों के हाथ पांव फूले


कुमारगंज थाना में पुलिस अधिकारियों से वार्ता करते विधायक चंद्रभानु पासवान।

**अमृत विचार :** कुमारगंज कस्बे में बाइक की चाबी मांगने की बात को लेकर एक युवक की पुलिस कर्मियों द्वारा बर्बरता पूर्वक पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि थाने में भी युवक को पीटा गया। सूचना पर विधायक चंद्रभानु पासवान भी अपने समर्थकों के साथ पहुंच गए। इसके बाद मामले ने इस कदर तूल पकड़ा कि एसएसपी ने एक उप निरीक्षक सहित दो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया। हालांकि अभी समूचे घटनाक्रम के सूत्रधार आरोपी एक सिपाही के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो सकी है।

पूरे चूड़ामणि अकमा निवासी संतोष पांडे का हरिकृष्ण पांडे(25) बाइक लेकर 13 अप्रैल की रात करीब आठ बजे कुमारगंज बाजार गया था। रास्ते में बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। वह पेट्रोल भरवाने के लिए पैदल बाइक लेकर हनुमानगढ़ी के पास पहुंचा। जहां एक मोमोज की दुकान पर थाने के तीन सिपाही सादे कपड़ों में मोमोज खा रहे थे। युवक ने उन्हीं सिपाहियों से टंकी का लॉक खोलने के लिए चाबी मांग ली। आरोप है कि इस पर तीनों सिपाही युवक पर बिफर पड़े और कहा कि यह बाइक चोरी की है। सिपाही उमेश गौतम, भगवान सिंह एवं शशिकांत मिश्रा ने हरिकृष्ण की पिटाई शुरू कर दी। यह देख मौके पर भारी संख्या में बाजार के व्यापारी भी पहुंच गए। इतने में सिपाहियों ने थाने से उपनिरीक्षक विमल कुमार यादव को बुला लिया। तीनों सिपाही एवं दरोगा ने पहले युवक को खूब जमकर बाजार में ही पीटा, फिर उसे थाने ले गए। आरोप है कि थाने में भी उपरोक्त चारों पुलिसकर्मी उसे लाठियों से पीटते रहे।

इतने में जानकारी पाकर युवक के पिता संतोष पांडे कुमारगंज कस्बे से कई व्यापारियों के साथ थाने पहुंच गए। भारी संख्या में लोगों के थाने पहुंचने के बाद चारों पुलिस कर्मियों ने युवक को पीटना बंद किया। युवक के पिता संतोष पांडे ने बेवजह पिटाई करने वाले दरोगा विमल कुमार यादव सहित तीनों सिपाहियों के खिलाफ मुकदमा कायम करने के लिये तहरीर दी। गुस्साए एवं आक्रोशित लोगों ने घटना की जानकारी क्षेत्रीय विधायक चंद्रभानु पासवान को दी। सूचना मिलते ही विधायक भी थाने पहुंच गए। उधर, क्षेत्रीय विधायक के साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थकों के थाने पहुंचने के बाद कुमारगंज पुलिस के हाथ-पांव फूल गए और उन्होंने घटनाक्रम की जानकारी विभागीय उच्चाधिकारियों को दी।

सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी एवं क्षेत्राधिकारी पीयूष भी थाने पहुंच गए। आनन-फानन मिल्कीपुर सर्किल के खंडासा एवं इनायत नगर थानों से भी अतिरिक्त फोर्स बुला ली। थाने पहुंचे विधायक चंद्रभानु पासवान युवक की पिटाई का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को देखने के बाद आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जिद पर अड़ गए। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार पटेल ने पिटाई से घायल हरिकृष्ण पांडे का मेडिकल परीक्षण कराने के लिए संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज भेजा। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया तब जाकर मामला शांत हुआ। एसएसपी ने घटनाक्रम का संज्ञान लेते हुए आरोपी चारों पुलिस कर्मियों में से एक दरोगा विमल कुमार यादव और सिपाही शशिकांत मिश्रा व भगवान सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है, जबकि घटना के मुख्य सूत्रधार सिपाही उमेश गौतम पर अभी कोई भी कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिसे लेकर अभी भी क्षेत्रवासी लोगों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। युवक की पिटाई के बाद कार्रवाई की जद में आए पुलिस कर्मियों ने बताया कि समूचे घटनाक्रम में हम लोग पूरी तरह से निर्दोष हैं। घटना के मुख्य सूत्रधार तो कांस्टेबल उमेश गौतम हैं, जिनके खिलाफ तो कार्रवाई ही नहीं हुई है। वह तो साफ बच गए हैं।

# प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में 300 खिलाड़ियों ने लक्ष्य पर साधा निशाना

**अयोध्या कार्यालय।**


प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में लक्ष्य पर निशाना लगाते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित यूपी प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता के पहले दिन पंजीकृत लगभग 2000 खिलाड़ियों में से करीब 300 खिलाड़ियों ने लक्ष्य पर निशाना साधा। दस मीटर एयर पिस्टल व एयर राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए खिलाड़ियों ने अलग-अलग श्रेणियों में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन अध्यक्ष शनि कुमार वर्मा ने बताया कि तकनीकि खराबी के चलते सोमवार को उद्घाटन समारोह के बाद प्रतियोगिता की स्पर्धाएं शुरू नहीं हो पाईं थीं।

यूपी स्टेट रायफल एसोसिएशन के महासचिव जीएस सिंह ने सभी खिलाड़ियों से धैर्य बनाए रखने व अनुशासन का पालन करने का आग्रह किया। कोच शनि ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला, पुरुष, बालक, बालिका, वेटरेन्स, सेना, पुलिस अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी सहित पुलिस बल व सरकारी अधिकारी विभिन्न वर्गों में प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर जैनुल खान, विकास सिंह, राजवीर रावत, फाल्गुनी चौधरी, उमंग पाठक सहित अनेक खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# कैब, स्पॉर्टन व फाइटर क्लब ने जीते लीग मैच

**अयोध्या कार्यालय।**

**सीबीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता**


सीबीपीएल प्रतियोगिता के दूसरे दिन एमजेएस स्कूल के प्रबंधक बलवंत सिंह खिलाड़ी से परिचय प्राप्त करते हुए। अमृत विचार

**अमृत विचार:** अनित सिंह मेमोरियल कैनवस बॉल प्रीमियर लीग (सीबीपीएल)-4 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन कैब जियान्ट, स्पॉर्टन व फाइटर क्लब ने लीग मुकाबले में जीत दर्ज की। रिकाबगंज स्थित स्काई स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एमजेएस स्कूल के प्रबंधक बलवंत सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से खेल के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने की बात कही। सीबीपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेन्ट के दूसरे दिन तीन मैच खेले गए। पहले मैच में जेन इलीट टीम ने शास्वत के 18 रनों की मदद से 57 रन बनाये। कैब टीम के अर्शी व कासिम ने दो-दो विकेट लिये। जवाब में कैब जियान्ट ने ताहिर के नौ चौके की मदद से बने 38 रनों की बदौलत अंतिम गेंद पर चौके से मैच जीत लिया। ताहिर मैन-ऑफ-द-मैच रहे। दूसरे मैच में फाइटर क्लब ने विल्स क्लब को 37 रनों का लक्ष्य दिया। बल्लेबाजी करते हुए विल्स की टीम 24 रनों पर सिमट गई। तीसरा मैच में स्पॉर्टन क्लब ने ध्रुव के शानदार 53 व रजत के 28 रनों की मदद से 92 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में एलीट क्लब विनीत के 28, कैफ के 22 व अंचल के 21 रनों के सहयोग से 90 रनों पर सिमट गई। स्पॉर्टन के मोहित ने तीन विकेट लिये। ध्रुव मैन-ऑफ-द-मैच रहे। मैच के दौरान आयोजन अध्यक्ष दीपेन्द्र श्रीवास्तव, अमित सक्सेना, अरवी व हमजा अंपायर रहे। प्रतियोगिता निदेशक सैय्यद सुबहानी, डॉ. रजनीश, कासिम, माजिद, मनोज सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती

## निकाली गई शोभायात्राएं, कटा केक, अर्पित किए श्रद्धासुमन, आयोजित हुई गोष्ठी | वक्ताओं ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से की चर्चा

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार:** जिले में शहर से देहात तक मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों ने कार्यक्रम आयोजित किया गया। उनके प्रति सम्मान का भाव प्रदर्शित किया। केट कटा, शोभा यात्राएं निकाली गई। फूल माला अर्पित की गई। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को लेकर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। कहा कि डॉ. आंबेडकर न केवल एक महान विधिवेत्ता थे, बल्कि वे प्रख्यात अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, दार्शनिक एवं बहुभाषाविद भी थे। उनका जीवन संघर्ष, परिश्रम और दृढ़ संकल्प का अद्वितीय उदाहरण है। शीतला वर्मा ने भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, एडीएम नगर योगानंद पांडेय, सीआरओ गजेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी (भूलेख) कौशल कुमार सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने और उनके सपनों के भारत के निर्माण के लिए संकल्प लिया।



कलेक्ट्रेट सभागार में आम्बेडकर की चित्र को नमन करते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे।



कलेक्ट्रेट सभागार में आम्बेडकर की चित्र को नमन करते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे। अमृत विचार

### न्यूज ब्रीफ

### लोकदल ने मनाई बाबा साहब की जयंती

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय आनन्द नगर पर मनाई गई। रालोद अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने कहा बाबा साहेब ने देश के करोड़ों वंचित, शोभित और पिछड़े लोगों को सम्मान, समानता और अधिकार के साथ जीवन जीने की राह दिखाई। कार्यक्रम में रालोद जिला उपाध्यक्ष अवधेश रावत, प्रमोद श्रीवास्तव, अरविंद सिंह महंत, देवीशरण वर्मा, पूर्व प्रधान गौहनिया विजय बहादुर वर्मा आदि ने बाबा साहेब के चित्र पर फूल माला चढ़कर श्रद्धापूर्वक याद किया।

### जयंती पर सफाईकर्मियों का किया गया सम्मान

**अयोध्या, अमृत विचार :** बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की जयंती पर सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया। बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के अध्यक्ष अरविंद कौल ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कहा कि बाबा साहब के विचार हमें एक ऐसे समाज का निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं जहां हर नागरिक को समान अधिकार प्राप्त हो। इसके बाद सफाईकर्मी सूरज चौधरी, राजकुमार, संदीप, रामू और सुरेश आदि को सम्मानित किया गया ।संचालन उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने किया।

### फिजूल खर्ची बंद कर बच्चों को दें अच्छी शिक्षा

**शाहगंज, अमृत विचार :** फिजूल खर्ची, नशाखोरी को बंद करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर देश के नागरिकों को इस काबिल बनाया जाए कि प्रत्येक समस्याओं का डटकर मुकाबला कर सके। यह उद्गार बीआर अंबेडकर सेवा समिति से मुकीमपुर उर्फ पहाड़पुर में आयोजित डॉ. भीमराव जयंती समारोह को संबोधित करते हुए भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा एडवोकेट ने व्यक्त किये। विवेक पटेल, देवी दीन कोरी, हृदय राम कोरी, विन्ध्यादीन कोरी आदि ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। समिति के अध्यक्ष रंजीत कोरी ने अतिथियों और उपस्थित लोगों का स्वागत किया।

### कटा केक, आयोजित की गई गोष्ठी

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। संयोजन अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राम सागर रावत ने किया। केक काटा गया, बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा बाबा साहब ने समाज के निचले वर्ग को मुख्यधारा में लाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किया। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष में बिता दिया। पीसीसी राम अवध पासी, पूर्व विधायक माधव प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह और रामदास वर्मा ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राम सागर रावत और संचालन राजित राम कोरी ने किया।

### डॉ. आंबेडकर का सम्पूर्ण जीवन प्रेरणादाई

**अयोध्या, अमृत विचार :** पंडित हृदयराम शर्मा पी डी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने कहा कि देश का संविधान बनाने वाले डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन प्रेरणादायी है। संचालन रमेश पाठक ने किया। इस अवसर पर अनिल पांडेय, राज कुमार, सुनील दूबे, विनीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो चरित्र का निर्माण करे: डॉ. बिजेंद्र



डॉ. आम्बेडकर जयंती पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बाबा साहेब ने कहा था कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो चरित्र का निर्माण करे। आज के परिप्रेक्ष्य में, भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान का समन्वय ही छात्रों को एक ''जिम्मेदार वैश्विक नागरिक'' बना सकता है। ये बातें मंगलवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहीं। वह श्रीराम शोध पीठ में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर 'डॉ. आंबेडकर नीति आख्यान एवं 21 वीं सदी का भारत' विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि राष्ट्र निर्माण और समावेशी अर्थव्यवस्था के संदर्भ में डॉ. आंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने जल प्रबंधन, श्रम सुधार और कृषि सुधारों के माध्यम से एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जहाँ अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल हो। कहा कि 21वीं सदी की चुनौतियों, जैसे जलवायु परिवर्तन, तकनीकी असमानता और सामाजिक ध्रुवीकरण के बीच ''बंधुत्व'' ही वह सूत्र है जो भारतीय समाज को एक सूत्र में पिरो सकता है। मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज के पूर्व संकाय अध्यक्ष प्रो. मनमोहन कृष्ण ने कहा कि 21वीं सदी का भारत तभी सशक्त होगा जब वह डॉ. आंबेडकर के ''नीति आख्यान'' को केवल पुस्तकों में नहीं, बल्कि अपने आचरण में उतारेगा। हमारा लक्ष्य एक ऐसा समाज का निर्माण होना चाहिए जहाँ न्याय केवल अदालत तक सीमित न हो, बल्कि हर व्यक्ति के अवसर और सम्मान में परिलक्षित हो। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव ने किया। स्वागत उद्बोधन के साथ प्रो. आशुतोष सिन्हा ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. मृदुला मिश्रा, प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रो. एके राय, प्रो. सुरेंद्र मिश्र सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

## भाजपा ने सभी बूथों पर मनाई बाबा साहेब की जयंती, अर्पित की श्रद्धांजलि

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भाजपा ने जिले के सभी बूथों पर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। पार्टी कार्यालय में संगोष्ठी में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि बाबा साहेब ने भारतीय संविधान के निर्माण के माध्यम से देश को एक सशक्त लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की जो नींव बाबा साहेब ने रखी, वही आज भारत की लोकतांत्रिक मजबूती का आधार है। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और आत्मसम्मान की प्रेरणा देता है। उनके विचार समाज को एकजुट करने और भेदभाव मिटाने का मार्ग दिखाते हैं। संगोष्ठी को जिपं अध्यक्ष रोली सिंह, जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, संजीव सिंह ने भी सम्बोधित किया। संचालन राम मोहन भारती ने किया।

## देशसेवा को समर्पित था डॉ. आंबेडकर का जीवन: डॉ. प्रतिभा



दीप प्रज्ज्वलन कर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती का शुभारंभ करते कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह। साथ में कृषि अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह, निदेशक प्रसार डॉ. राम बटुक सिंह, निदेशक शोध डॉ. शंभू प्रसाद व डॉ. भानु प्रताप।

**कुमारगंज, अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। शिक्षकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। कृषि अधिष्ठाता डॉ. प्रतिभा सिंह ने कहा कि बाबा साहब सिर्फ एक नाम ही नहीं एक विचार हैं। उनका पूरा जीवन देश की सेवा को समर्पित था। निदेशक शोध डॉ. शंभू प्रसाद ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का काम किया है। कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह ने कहा कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र पर उनके विचार आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। डॉ. भगवानदीन के साथ छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचार रखे। संयोजन डॉ. भानुप्रताप ने किया। मौके पर विवि के अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## कूढ़ा सादात में 2.88 करोड़ से बनेगा आंबेडकर पार्क :रामचंद्र

- बोले, विधायक, जयंती पर श्रद्धा के साथ याद किए गए संविधान निर्माता

**मवई / रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के कुढ़ा सादात स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर मंगलवार को उनकी 136वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। लोक गायिका डॉ. प्रतिमा यादव ने बाबा साहब के जीवन और संघर्षों पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि बाबा साहेब के आदर्श आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि प्रतिमा स्थल पर 2.88 करोड़ रुपये की लागत से आंबेडकर पार्क का निर्माण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। विधानसभा क्षेत्र में संचालित अटल आवासीय विद्यालय, मवई स्थित राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज व आईटीआई कॉलेज जैसी परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। मवई ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी, किशोरीलाल भारती, शीतला शुक्ल, जग प्रसाद रावत, राम भवन, निर्मल शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पहले विधायक पुत्र आलोक चन्द्र की अगुवाई में बाइक रैली निकाली गई। जो शुजागंज से शुरू होकर भेलसर होते हुए कूढ़ासादत स्थित अंबेडकर पार्क पहुंची।



रुदौली के कूढ़ा में आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक रामचंद्र यादव व अन्य।

### सपा कार्यालय में गूंजे बाबा साहेब के विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** सपा जिला एवं महानगर इकाई के संयुक्त तत्वावधान में लोहिया भवन में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने कहा कि बाबासाहेब द्वारा रचित संविधान ही देश की लोकतांत्रिक आत्मा है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि डॉ. आंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन के महानायक थे। निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि बाबासाहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर महानगर महासचिव हामिद जाफर मिशम, बाबूराम गौड़, प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम अचल यादव, अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष रामकरन यादव आदि मौजूद रहे।



डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते समाजसेवी सस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव।

### बाबा साहेब के संविधान से चल रहा है देश : सुरेश

**अयोध्या, अमृत विचार :** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विभिन्न स्थानों पर राजा दशरथ समाधिररामगढ़वा पूरा बाजार में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर केक काटा और मिठाई वितरित की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान के आधार पर ही देश संचालित हो रहा है। उनके सिद्धांतों और विचारों को अपनाना आज भी समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस मौके पर आयोजक कृष्ण कुमार मांझी, कृष्ण कुमार मांझी, रवि प्रताप राणा, राम कुमार निषाद समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## निकाली गई शोभायात्राएं, माल्यार्पण और विचार गोष्ठी का आयोजन

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** क्षेत्र में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, शोभायात्राओं के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण व गोष्ठियों का आयोजन किया गया। रसूलाबाद में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन किया। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि नीरज राना, मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवनरायन तिवारी, प्रधान रामजीत निषाद सहित तमाम लोग मौजूद थे। दतौली में महानगर मंत्री रवि सिंह से आयोजित जयंती समारोह के मुख्य अतिथि महानगर महामंत्री व ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने और ताहिरपुर बरौली में प्रधान अजीत वर्मा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गन्ना समिति चेयरमैन दीपेंद्र सिंह ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान अच्छे लाल निषाद, सुग्रीव वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद थे। सनेथू में प्रधान व भाजपा मण्डल मंत्री विजय रंजन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, विशाल सिंह बाबा, भाजपा महानगर मंत्री विपिन सिंह, विजय बहादुर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद थे। यहां भी शोभा यात्रा के साथ गोष्ठी का आयोजन हुआ। अटरावां में जिपं सदस्य देवता प्रसाद पटेल ने आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जलालुद्दीन नगर के तारापुर में पूर्व मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया। मड़ना में प्रधान संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।



पूराबाजार के दतौली में भीमराव अंबेडकर जयंती पर लोगों को पत्रक वितरण करते महानगर महामंत्री शिवेंद्र सिंह।



डॉ अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद डॉ. एके सिन्हा, डॉ. अजय चौधरी, डॉ. विपिन वर्मा व डॉ. अमित सिंह।

## जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने अर्पित की बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को पुष्पांजलि

**अयोध्या, अमृत विचार :** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक हाल में एक आयोजन किया गया। पूर्व प्रभारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक सर्जन डॉ. एके सिन्हा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी, नेत्र सर्जन डॉ. विपिन कुमार वर्मा, डेंटल सर्जन डॉ. अमित सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शिशिर श्रीवास्तव, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. आरबी वर्मा, वरिष्ठ फार्मासिस्ट हनुमत दुबे, विजय वर्मा, सर्वेश श्रीवास्तव, उपेंद्र मणि तिवारी व अन्य कर्मियों ने पुष्प अर्पित किये।

**जयंती पर तोहफा** | महापुरुषों, समाज सुधारकों और सांस्कृतिक विभूतियों का होगा सम्मान व संरक्षण

# लागू की गई डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना

**राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।**

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने महापुरुषों के प्रति सम्मान प्रकट करने और उनकी मूर्तियों की संरक्षा, सुरक्षा के लिए नई योजना लागू की है। डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत मूर्तियों के संरक्षण के साथ स्थल विकास किया जाएगा। जिससे लोग उनसे प्रेरणा प्राप्त कर सकें।

डा. आंबेडकर की मंगलवार को जयंती थी। एक प्रकार से यह योजना जयंती से ही प्रभावी हो गई। जिला प्रशासन को सोमवार को ही इसका पत्र प्राप्त हुआ है। योजना के तहत सार्वजनिक स्थलों पर लगी महापुरुषों, राष्ट्रीय स्तर के समाज सुधारकों एवं सांस्कृतिक विभूतियों की मूर्तियों को राष्ट्र की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक माना गया है। इन मूर्तियों को सार्वजनिक स्मृति, सामाजिक मूल्यों और राष्ट्रीय एवं स्थानीय योगदानकर्ताओं के सम्मान के रूप में लिया जा रहा है। इसलिए इन मूर्तियों के प्रति सम्मान, सुरक्षा और संरक्षण के लिए यह योजना शुरू की गई है। योजना के तहत इनकी सुरक्षा, सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसे विरासत का संरक्षण माना जाएगा। योजना के तहत 31 दिसंबर 2025 तक स्थापित की गई मूर्तियों को इसके दायरे में रखा गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 ऐसे स्मारकों के विकास का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में 4030 मूर्ति स्थलों का विकास किया जाएगा।

### स्थल विकास के लिए होंगे यह कार्य

प्रत्येक प्रतिमा स्थल को आकर्षक बनाया जाएगा। मौसम की मार से बचाव के लिए मूर्ति पर छत्र लगाया जाएगा। जगह के हिसाब से पांच फिट ऊंची बाउंड्री वाल का निर्माण होगा। मूर्ति के आसपास प्लेटफार्म बनाया जाएगा। सौंदर्यीकरण के साथ हरित क्षेत्र विकसित किया जाएगा। बैठने के लिए बेंच और संभव हो तो पाथ वे बनाया जाएगा। समुचित प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। प्रकाश के लिए सौर ऊर्जा को प्राथमिकता दी जाएगी। तीन गुणा ढाई फिट का सूचना पट लगाया जाएगा। इस पर नाम के साथ संबंधित संक्षिप्त इतिहास दर्ज कि जाएगा। डीएम कार्यालय ने भी प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह की ओर से सभी मंडलायुक्तों को पत्र आने की पुष्टि की है।

### यहां दिए जा सकेंगे विकास के लिए प्रार्थना पत्र

योजना के तहत स्मारकों के विकास के लिए आवेदन पत्र खंड विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी और जिलाधिकारी को दिए जा सकेंगे। इसका क्रियान्वयन संबंधित विभाग, नगरीय निकाय, जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत या ग्राम पंचायत से किया जाएगा। स्थल निरीक्षण के बाद प्रतिवेदन डीएम को दिया जाएगा। उनके स्तर से कार्यदायी संस्था से आगणन तैयार कराया जाएगा। इसके बाद शासन से धन की मांग की जाएगी। प्रत्येक स्मारक के विकास पर 10 लाख रुपये तक खर्च किए जाएंगे। धन प्राप्त होने के बाद कार्यदायी संस्था को तीन माह में काम पूरा करना होगा।


**महाराजा देवीबख्श सिंह स्मारक संस्थान बनघुसराय डुमरियाडीह-गोण्डा**
(सम्बद्ध: मा0 पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में प्राचार्य तथा स्नातक स्तर पर हिन्दी, राजनीतिशास्त्र, प्राचीन इतिहास, समाजशास्त्र, भूगोल, गृह विज्ञान, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, भोतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान एवं प्राणि विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है-
**अर्हता-** (01) महाविद्यालय प्राचार्य पद हेतु पी0एच0डी0 उपाधि सहित 15 वर्षो का प्राध्यापन अनुभव तथा (02) सहायक आचार्य पद हेतु स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित, यू0जी0सी0 रेगुलेशन प्रमाणपत्र सहित पी0एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाणपत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/ उत्तर प्रदेश शासन/मा0 पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों / उपाधिपत्रों एवं अनुभव की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक



**कार्यालय ग्राम पंचायत बंभौरा विकास खण्ड जरवल,बहराइच**

**वार्षिक निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बंभौरा की वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ओडीएफ प्लस कार्य योजना के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 5वें राज्य वित्त/15वें केंद्रीय वित्त/एमजीएनआरईजीए और अन्य योजनाओं से प्राप्त निधियों का उपयोग अनुमत कार्यो के लिए किया जाएगा। इनमें कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई-रिक्शा), स्वच्छता किट, आरआरसी केंद्र, अमृत सरोवर, चारागाह, टाइलें, इंटरलॉकिंग ईंटें, आंगनवाड़ी फर्नीचर, चारदीवारी, पेंट, साइनबोर्ड, श्मशान स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय और सोख गड्ढे, नाली निर्माण, हैंडपंप, प्लेटफॉर्म, रेट्रोफिटिंग, गाद पकड़ने वाले यंत्र, फिल्टर चौंबर, सामुदायिक/व्यक्तिगत एनएडीईपी गड्ढे, प्लास्टिक कम्पोस्ट इकाइयां, स्टील, लोहा, टिन, ह्यूम पाइप, नल के पाइप, सबमर्सिबल मोटर, बिजली आदि शामिल हैं।
**निविदा प्रक्रिया**
निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से 20.04.2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त किए जा सकते हैं, और सीलबंद निविदाएं (21.04.2026) को दोपहर ( 12:00) बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं उसी दिन दोपहर 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी। अधिकार ग्राम पंचायत को सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

पूनम (ग्राम प्रधान) बंभौरा विकासखंड जरवल
प्रीति शुक्ला (पंचायत सचिव) बंभौरा विकासखंड जरवल



**कार्यालय ग्राम पंचायत कसमढ़ा विकास खण्ड जरवल,बहराइच**

**वार्षिक निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कसमढ़ा की वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ओडीएफ प्लस कार्य योजना के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 5वें राज्य वित्त/15वें केंद्रीय वित्त/एमजीएनआरईजीए और अन्य योजनाओं से प्राप्त निधियों का उपयोग अनुमत कार्यो के लिए किया जाएगा। इनमें कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई-रिक्शा), स्वच्छता किट, आरआरसी केंद्र, अमृत सरोवर, चारागाह, टाइलें, इंटरलॉकिंग ईंटें, आंगनवाड़ी फनह्वचर, चारदीवारी, पेंट, साइनबोर्ड, श्मशान स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय और सोख गड्ढे, नाली निर्माण, हैंडपंप, प्लेटफॉर्म, रेट्रोफिटिंग, गाद पकड़ने वाले यंत्र, फिल्टर चौंबर, सामुदायिक/व्यक्तिगत एनएडीईपी गड्ढे, प्लास्टिक कम्पोस्ट इकाइयां, स्टील, लोहा, टिन, ह्यूम पाइप, नल के पाइप, सबमर्सिबल मोटर, बिजली आदि शामिल हैं।
**निविदा प्रक्रिया**
निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से 18.04.2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त किए जा सकते हैं, और सीलबंद निविदाएं (19.04.2026) को दोपहर ( 12:00) बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं उसी दिन दोपहर 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी। अधिकार ग्राम पंचायत को सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

नरगिस (ग्राम प्रधान) कसमढ़ा विकासखंड जरवल
प्रीति शुक्ला (पंचायत सचिव) कसमढ़ा विकासखंड जरवल



**कार्यालय ग्राम पंचायत अटवा विकास खण्ड जरवल,बहराइच**

**वार्षिक निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अटवा की वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ओडीएफ प्लस कार्य योजना के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 5वें राज्य वित्त/15वें केंद्रीय वित्त/एमजीएनआरईजीए और अन्य योजनाओं से प्राप्त निधियों का उपयोग अनुमत कार्यो के लिए किया जाएगा। इनमें कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई-रिक्शा), स्वच्छता किट, आरआरसी केंद्र, अमृत सरोवर, चारागाह, टाइलें, इंटरलॉकिंग ईंटें, आंगनवाड़ी फर्नीचर, चारदीवारी, पेंट, साइनबोर्ड, श्मशान स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय और सोख गड्ढे, नाली निर्माण, हैंडपंप, प्लेटफॉर्म, रेट्रोफिटिंग, गाद पकड़ने वाले यंत्र, फिल्टर चौंबर, सामुदायिक/व्यक्तिगत एनएडीईपी गड्ढे, प्लास्टिक कम्पोस्ट इकाइयां, स्टील, लोहा, टिन, ह्यूम पाइप, नल के पाइप, सबमर्सिबल मोटर, बिजली आदि शामिल हैं।
**निविदा प्रक्रिया**
निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से 16.04.2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त किए जा सकते हैं, और सीलबंद निविदाएं (17.04.2026) को दोपहर (12:00) बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं उसी दिन दोपहर 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी। अधिकार ग्राम पंचायत को सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

श्यामकला (ग्राम प्रधान) अटवा विकासखंड जरवल
प्रीति शुक्ला (पंचायत सचिव) अटवा विकासखंड जरवल



**कार्यालय ग्राम पंचायत रेवढ़ा, विकास खण्ड जरवल,बहराइच**

**वार्षिक निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रेवढ़ा की वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ओडीएफ प्लस कार्य योजना के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 5वें राज्य वित्त/15वें केंद्रीय वित्त/एमजीएनआरईजीए और अन्य योजनाओं से प्राप्त निधियों का उपयोग अनुमत कार्यो के लिए किया जाएगा। इनमें कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई-रिक्शा), स्वच्छता किट, आरआरसी केंद्र, अमृत सरोवर, चारागाह, टाइलें, इंटरलॉकिंग ईंटें, आंगनवाड़ी फर्नीचर, चारदीवारी, पेंट, साइनबोर्ड, श्मशान स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय और सोख गड्ढे, नाली निर्माण, हैंडपंप, प्लेटफॉर्म, रेट्रोफिटिंग, गाद पकड़ने वाले यंत्र, फिल्टर चौंबर, सामुदायिक/व्यक्तिगत एनएडीईपी गड्ढे, प्लास्टिक कम्पोस्ट इकाइयां, स्टील, लोहा, टिन, ह्यूम पाइप, नल के पाइप, सबमर्सिबल मोटर, बिजली आदि शामिल हैं।
**निविदा प्रक्रिया** निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से 22.04.2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त किए जा सकते हैं, और सीलबंद निविदाएं (23.04.2026) को दोपहर (12:00) बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं उसी दिन दोपहर 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी। अधिकार ग्राम पंचायत को सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

किरन (ग्राम प्रधान) रेवढ़ा विकासखंड जरवल
प्रीति शुक्ला (पंचायत सचिव) रेवढ़ा विकासखंड जरवल

न्यूज ब्रीफ

### आगे बढ़ने का मौका देता है सोशल मीडिया

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के संगीत एवं अभिनय कला में संगीत शिक्षा विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी आयोजित की गई। विशिष्ट अतिथि प्रो. आशुतोष सिन्हा ने कहा कि सोशल मीडिया छात्र व छात्राओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। प्रो. प्रिया कुमारी ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल एक हद तक करना उचित है। संयोजिका डॉ. रचना श्रीवास्तव ने मंच का संचालन किया और इस व्याख्यान में डॉ. सरिता द्विवेदी डॉ.कविता पाठक आदि मौजूद रहे।

### चाणक्य परिषद ने मनाया आर्य भट्ट का जन्मदिन

**पूराबाजार, अमृत विचार :** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के जिलाध्यक्ष सत्यदेव मिश्रा की अध्यक्षता में सूर्य कुंड दर्शननगर में देश के महान विभूतियों में शामिल आर्यभट्ट का जन्मदिन मनाया गया। जिलाध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि आर्य भट्ट जी गुप्त काल के महान भारतीय गणितज्ञ और खगोलशास्त्री थे, जिन्हें भारतीय गणित का जनक माना जाता है। कार्यक्रम में परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रमोद मिश्रा, राकेश पाठक, कौशलेश तिवारी, घनश्याम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### फायर स्टेशन पर शोक परेड का आयोजन

**अयोध्या।** अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर अग्निशमन अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा फायर स्टेशन जीआईसी पर शोक परेड का आयोजन किया गया। 14 अप्रैल 1944 को मुम्बई बंदरगाह पर घटित भीषण अग्निकांड में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए पंफलेट्स का विमोचन किया गया। अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# खामनेई की शहादत का दुनिया पर असर, एकजुट हुई मानवीयता

अयोध्या कार्यालय।



इमामबाड़ा जवाहर अली खां में याद ए शोहदा कार्यक्रम में पहुंचे अयातुल्लाह डॉ अब्दुल मजीद हकीम इलाही का खैरमकदम करते उलेमा व लोग।

- इमामबाड़ा जवाहर अली खां में आयोजित याद-ए-शोहदा कार्यक्रम में बोले, ईरानी कल्चर हाउस के सरपरस्त

**अमृत विचार :** ऐतिहासिक इमामबाड़ा जवाहर अली खां की सरजमीं पर अल कायम फाउंडेशन ट्रस्ट और मोमनीन शहर की ओर से इस सोमवार रात आयोजित याद-ए-शोहदा प्रोग्राम में ईरान के सुप्रीम लीडर शहीद अयातुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी खामनेई को आंसुओं के नजराने और ईसानियत के अहद के साथ याद किया गया।

इस मौके पर मेहमान ए खुसूसी भारत में सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि ईरानी कल्चर हाउस के सरपरस्त अयातुल्लाह डॉ.अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा कि सुप्रीम लीडर सैय्यद अली हुसैनी खामनेई की शहादत ने पूरी दुनिया पर गहरा असर डाला है। उन्होंने शहीद अयातुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी खामनेई की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए कहा कि इंसान अपनी उम्र और तवील जिंदगी के लिए तमाम जतन करता है, लेकिन हर शै का एक हुदूद यानि दायरा है उसे कभी तो खत्म होना है। उन्होंने जालिम के आगे झुकने के बजाए मजलूमों के लिए जिंदगी गुजार दी। आज मानवता जिस मेयार पर पहुंची है वह सुप्रीम लीडर की शहादत की वजह से। इन सब खुसुसियत के लिए ईमान का मजबूत होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अपने मुल्क से मोहब्बत करो, उसकी तरक्की के लिए काम करो, क्योंकि वतन से मोहब्बत अहलेबैत का पैगाम और जुज्बे ईमान है। उन्होंने कर्बला में हजरत इमाम हुसैन की रुख्सती का मसायब पढ़ते हुए, आशूर के दिन का जिक्र किया।

प्रख्यात वक्ता मौलाना डॉ. कल्बे रुशैद रिजवी साहब ने कहा कि याद-ए-शोहदा सिर्फ एक रस्म नहीं है, बल्कि यह इमाम हुसैन (अ.स.) की उस क्रांति की याद है। जिसने युगों-युगों तक जुल्म और ज्यादती के खिलाफ आवाज बुलंद करने का सबक दिया। उन्होंने कहा कि खामनेई साहब एक दर्सगाह थे। एक सोच थे, ईरान में कौम खड़ी है जो अयातुल्लाह खुमैनी और सुप्रीम लीडर की देन है। अंबेडकरनगर के प्रख्यात समाजसेवी धर्मवीर सिंह बग्गा ने अपने संबोधन से कौमी एकता को बल दिया। उन्होंने कहा कि मैं सिख हूं लेकिन अली हमारे भी हैं। खामनेई साहब की शहादत ने इंसानियत को एक मंच ला दिया है। मौलाना नदीम रजा जैदी ने खेराजे अकीदत पेश करते हुए कहा कि जालिम के खिलाफ हमेशा खड़ा होना चाहिए। मौलाना वसी हसन ने कहा कि शहीद खामनेई की शहादत ने पूरी दुनिया को बता दिया कर्बला और कर्बला वाले क्या हैं। मौलाना मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि मौलाए क़ायनात ने किसी बजी जंग के बाद ये एलान नहीं किया कि मैं जीत गया उन्होंने अपनी शहादत पर ये शब्द दोहराये कि रब्बे क़ाबा कि कसम मैं कामयाब हो गया लश्करी मंदिर अयोध्या के महंत अरुण दास ने कहा कि अब समय आ गया है जब हम धर्म-जाति भुला कर एक हों। इससे पहले मौलाना कमर मेंहदी ने खेराजे अकीदत पेश करते हुए अपनी बात कही। शायरे अहलेबैत दानिश फैजाबादी, शबाब फैजाबादी और डॉ. उर्फी ने अपने कलाम के जरिए सुप्रीम लीडर को खेराजे अकीदत पेश की। ईरानी कल्चरल हाउस दिल्ली के अयातुल्लाह डॉ अब्दुल मजीद हकीम इलाही के ट्रांसलेटर मौलाना सैय्यद तकी नकवी रहे। तिलावते कुरान मोहम्मद खादिम तो निजामत अर्शी मौलाई ने किया।

### गुंचे मजलूमिया के कार्यालय पहुंचे डॉ. अब्दुल मजीद, अंजुमन ने दिया शहीद का पुरसा

ईरान कल्चरल हाउस नई दिल्ली से आयतुल्लाह डॉ .अब्दुल मजीद हकीम इलाही का गुनच ए मज़लूमिया ने अपने ऑफिस मे खैरमकदम किया। सदर सैय्यद कामिल हसनैन सेक्रेट्री जियो हैदर व अंजुमन के सर्परस्त मौलाना महफूज़ ने शॉल उड़ाकर ताज़ियतनामा पेश किया। नाएब सदर फ़ैज़ी फैज़ाबादी, साबिक़ सेक्रेट्री इज़हार हुसैन,हामिद जाफर मीसम,अहमद ज़मीर सैफी आदि मौजूद रहे।

### सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष के साथ भागवत कथा का हुआ विश्राम



**अयोध्या, अमृत विचार :** बेनीगंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का सोमवार को सातवें दिन भक्ति, भाव और ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास अयोध्या धाम के आचार्य रमोज जी वत्स महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष जैसे अत्यंत मार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया। सुदामा की निष्कपट मित्रता और भगवान के प्रति अटूट प्रेम के प्रसंग ने हृदय को छू लिया। वहीं परीक्षित मोक्ष से जीवन के अंतिम सत्य और भक्ति के महत्व का संदेश दिया। इसी के साथ सात दिवसीय कथा का विश्राम हुआ। भक्तों ने व्यास जी को शॉल व पुष्पमाला अर्पित कर आशीर्वाद लिया। इसके पूर्व कथा परीक्षित ओमप्रकाश पांडेय व व्यवस्थापक पवन पाण्डेय, श्वेता त्रिपाठी ने भगवान की आरती कर कथा व्यास पूजन अर्चन किया। संगीतमयी कथा में रेनू मिश्रा, रजनीश मिश्र, रेखा पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, बिंदु पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में छात्राओं को दिलाई शपथ

**कुमारगंज अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में "नारी शक्ति वंदन" कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय की छात्राओं को जेंडर सेंसिटिविटी एवं समानता के अधिकार के विषय में जागरूक किया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के तत्वावधान में तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार उच्च शिक्षण संस्थानों में पॉश एक्ट का सही तरह से प्रचार प्रसार एवं लागू करने की दिशा में यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. प्रतिभा सिंह ने सभी प्राध्यापकों एवं छात्राओं को नारी शक्ति वंदन के विषय में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा रचित शपथ दिलाई। कार्यक्रम का आयोजन माननीय कुलपति डॉ. पी.एस. प्रमाणिक एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. डी नियोगी के निर्देशन में यूजीसी प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर डॉ. दिवाकर सिंह ने किया। इस मौके पर अधिष्ठाता उद्यानकी एवं वानिकी महाविद्यालय डॉ. भानु प्रताप, सह-अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. सीताराम मिश्रा, सह-अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. एस.पी. सिंह, प्रोफेसर डॉ. नमिता जोशी आदि मौजूद रहीं।

### वैदिक मंत्रोच्चार व हवन के साथ सरस्वती शिशु मंदिर का शुभारंभ



हवन पूजन के साथ सरस्वती शिशु मंदिर का शुभारंभ करते लोग।

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** देवकाली वार्ड में मंगलवार को विद्या भारती से सम्बद्ध सरस्वती शिशु मंदिर का शुभारंभ वैदिक यज्ञ के साथ किया गया। विद्या भारती के संभाग निरीक्षक मिथिलेश सिंह, अध्यक्ष प्रेम हरि आर्य, उपाध्यक्ष कमल चंद्र गुप्त, प्रबंधक सतींद्र प्रकाश शास्त्री ने वैदिक हवन पूजन किया। प्रबंधक शतींद्र प्रकाश शास्त्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति का यह विद्यालय समाज के बच्चों को संस्कारित एवं गुणवान बनाकर देश भक्त नागरिक का निर्माण करेगा।अध्यक्ष प्रेम हरि आर्य ने कहा कि रुदौली क्षेत्र में शिशु मंदिर की महती आवश्यकता को समझ कर शिशु मंदिर प्रारंभ किया जा रहा है। इस मौके पर राम प्रकाश कसौधन, उज्जवल धवन, वीरेंद्र कुमार राय, राजेंद्र कौशल आदि मौजूद रहे।

## दिखा भक्ति-उत्सव का अद्भुत संगम

अयोध्या कार्यालय

- भरतकुंड पर्यटन कॉन्क्लेव का आयोजन

**अमृत विचार:** योगिराज भरत की तपोभूमि नंदी ग्राम भरतकुंड में भरतकुंड कॉन्क्लेव का दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भक्ति, संस्कृति और उत्सव देखने को मिला। सतुवा संक्रांति के पावन पर्व पर पारंपरिक सतुवा भोज का आयोजन कर लोक परंपराओं को जीवंत किया गया। शुरुआत सुबह संस्कृति विभाग के सौजन्य से हुई, जिसमें ईओ नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा विनय कुमार ने द्वीप प्रज्ज्वलन के बाद अंबरीष चन्द्र पाण्डेय की टीम ने सुंदरकांड पाठ एवं भजन प्रस्तुत किया। भक्ति से ओतप्रोत इन प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को राममय बना दिया।

इसके बाद पूनम वर्मा से प्रस्तुत मनमोहक लोक नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। लोक कलाकार प्रकृति यादव ने बधाई गीतों और भगवान के जन्म से संबंधित गीतों पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। पूरा आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का अद्भुत उदाहरण बन गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी और विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कमला शंकर पाण्डेय की मौजूदगी रही। भरतकुंड महोत्सव न्यास अध्यक्ष अंजनी कुमार पाण्डेय, व्यवस्थापक योगेश मिश्रा, संगठन मंत्री डॉ. विजय शंकर मौर्य, प्रबंधक रीता तिवारी द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अरुण त्रिपाठी, डॉ. आकांक्षा, मंजू निषाद, राधेश्याम , राहुल शर्मा, सुधा , रेनू, आरती, ऋषि पाण्डेय, प्रमोद, आशीष, पूनम, अर्चना द्विवेदी, संतोष, प्रकृति यादव आदि को श्री भरत शिरोमणि सेवा सम्मान प्रदान किया गया।

### राजगीर का मिला शव

**आजमगढ़।** रानी की सराय थाना क्षेत्र के दिलौरी गांव के पास खेत में 65 वर्षीय राजगीर का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर रजमो निवासी महातम सिंह सोमवार को दिन में घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों द्वारा उनकी तलाश की जा रही थी। इसी दौरान दिलौरी गांव के पास रेलवे ट्रैक से करीब 100 मीटर दूर खेत में ग्रामीणों ने एक शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान महातम सिंह के रूप में की और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी सुनील सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। बताया जा रहा है कि घर से निकलने से पहले मृतक की परिजनों से कहासुनी हुई थी।

# अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।




जागरूकता वाहन को हरी झंडी देकर रवाना करते कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा।

**अमृत विचार।** एनटीपीसी टांडा परिसर में मंगलवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ की अग्निशमन शाखा द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में संयंत्र की सुरक्षा, आग से बचाव और आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा रहे। उनके साथ सहायक कमांडेंट सीआईएसएफ एमदानय्या, अपर महाप्रबंधक मेंटेनेंस प्रमोद कुमार, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन रजनीश कुमार खेतान सहित सीआईएसएफ एवं एनटीपीसी के अनेक वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और सुरक्षा कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक कमांडेंट एम दानय्या ने 14 अप्रैल 1944 को कर्तव्य पालन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह का उद्देश्य आमजन और औद्योगिक इकाइयों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

#### छोटी-सी लापरवाही दुर्घटना का बन सकती है कारण

मुख्य अतिथि जयदेव परिदा ने कहा कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि यदि सभी कर्मचारी और अधिकारी सुरक्षा मानकों का पालन करें और समय-समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करें, तो आग से होने वाली घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर लगने से महिला की हुई मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मालीपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सडक़ हादसे में ई-रिक्शा से पति और बच्चों के साथ आ रही महिला की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग मामूली रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मालीपुर थाना क्षेत्र के मंसूरपुर गांव निवासी राहुल पुत्र रामउजागर अपनी पत्नी पूजा 28 वर्ष और दो वर्षीय बच्ची के साथ किसी कार्य से जलालपुर जा रहे थे। इसी दौरान करमिसिरपुर गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पूजा गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि अन्य को हल्की चोटें आईं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने पूजा को मृत घोषित कर दिया। मालीपुर थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक टक्कर मारकर फरार हो गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

### कांग्रेस नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि



कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस नेता डॉ. विजय शंकर तिवारी, प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी व बच्चे।

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर जनपद के मिर्जापुर क्षेत्र में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बाबा साहेब के अनुयायी राजित राम, जयराम गौतम और ग्रामीणों के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पीसीसी सदस्य डॉ. विजय शंकर तिवारी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी और जिला कांग्रेस सोशल मीडिया अध्यक्ष अनुराग तिवारी मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा बुद्ध के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को अनुराग तिवारी, जयराज गौतम और राजित राम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राम बहाल, शाहिद, सर्वेश, शुभम, सोनू, शशिप्रभा, माया, कांति सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई आंबेडकर जयंती



कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते जिलाधिकारी।

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती जनपद से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में। बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। विभिन्न शासकीय एवं गैर-शासकीय संस्थानों, संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ.अंबेडकर ने अपनी असाधारण प्रतिभा, अटूट समर्पण एवं दृढ़ निष्ठा के बल पर जीवन की हर चुनौती को अवसर में परिवर्तित किया। उनका जीवन, उनके विचार एवं राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में समानता का अधिकार तथा बिना किसी भेदभाव के मतदान का अधिकार जैसे प्रगतिशील प्रावधानों ने एक सशक्त और समतामूलक भारत की नींव रखी है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, अपर जिलाधिकारी गंभीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, उप संचालक चकबंदी राम किशोर सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।




आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह।

### अंबेडकर ने वंचितों को दिलाया उनका अधिकार

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू के संयोजन में भाजपा जिला कार्यालय सहित जनपद भर के बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के मूर्तियों की साफ-सफाई, दीपदान और चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय को झालर से सजाया गया। डॉ. भीम राव अंबेडकर जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने आमजन को बधाई देते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा की अनेकों उपाधियों को प्राप्त कर धनार्जन पर अपना ध्यान नहीं दिया। अपितु समाज को नई दिशा देने में अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया था। भारतीय संविधान के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने समाज के वंचितों को उनका अधिकार दिलाने और समता मूलक समाज की स्थापना के लिए अनेकों कार्य किया है।

## पुलिस ने युवक को आत्महत्या से बचाया

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

- सोशल मीडिया अलर्ट पर अहिरौली पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

**अमृत विचार।** जपद के अहिरौली थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक 18 वर्षीय युवक को आत्महत्या करने से बचा लिया। युवक ने सोशल मीडिया पर आत्महत्या से जुड़ा एक संदेश पोस्ट किया था, जिसके वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के माध्यम से मिली सूचना पर अंबेडकरनगर पुलिस ने त्वरित संज्ञान लिया। थाना अहिरौली पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक के घर पहुंचकर उससे संपर्क किया। पुलिस के अनुसार युवक ने व्यक्तिगत कारणों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक और भावनात्मक पोस्ट की थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक तथा उसके परिजनों से बातचीत कर स्थिति का आकलन किया। पुलिस ने युवक की काउंसलिंग की और उसे मानसिक सहयोग प्रदान किया। उसे किसी भी प्रकार का आत्मघाती कदम न उठाने के लिए प्रेरित किया गया। युवक ने भविष्य में ऐसी कोई पोस्ट न करने और आत्महत्या जैसा कदम न उठाने का लिखित और मौखिक आश्वासन दिया है। परिजनों को भी आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।



अंबेडकर जयंती पर भंडारे में प्रसाद वितरित करते विवेक मौर्य व साथ में मौजूद अन्य।

### अंबेडकर जयंती पर जूट बैग का किया वितरण

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जनपद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता और नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान को बढ़ावा देने के लिए जूट बैग व बाबा साहेब के प्रतीक चिन्ह का नि :शुल्क वितरण किया गया। अकबरपुर कलेक्ट्रेट परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष तथा बसखारी रोड पर भंडारे व जलपान का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद भर से आए लोगों ने सहभागिता किया। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस दौरान नारायण फाउंडेशन की ओर से जूट बैग वितरित कर लोगों को प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए जागरूक किया। आयोजकों ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़े।

### गांव से लेकर नगर तक आंबेडकर जयंती की धूम

**बसखारी अम्बेडकर नगर।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने की गांव से लेकर नगर तक धूम रही। अंबेडकर जयंती के अवसर पर जहां सरकारी और सरकारी विद्यालयों कार्यालय में अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया वहीं गांव और नगरों में स्थित अंबेडकर पार्कों में अंबेडकर व बुद्ध की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा भी निकल गई। विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं एवं बाबा साहब के अनुयायियों ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर भगवान बुद्ध व बाबा साहब के चित्र एवं प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। क्षेत्र के शुकुल बाजार, भिदुण ,मसड़ा मोहन पुर, हंसवर, हीरापुर,परडिया फौलाद पुर सहित कई स्थानों पर डीजे की धुन पर बजने वाले अंबेडकरवादी गीतों के धुन पर थिरकते हुए लोगो ने शोभा यात्रा निकली। कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने बताया कि केंद्र व प्रदेश भाजपा सरकार के द्वारा बाबा साहब के सम्मान में पंचतीर्थ का निर्माण कराया गया है। उन स्थानों पर आज विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार बाबा साहब के सपनों को साकार करते हुए समतामूलक समाज की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है।

आयोजन | आंबेडकर जयंती पर जनपद में विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन, प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें किया गया नमन

# श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



कलेक्ट्रेट परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व साथ में एडीएम ज्योत्स्ना बंधु।

**अमृत विचार।** जनपद में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को नमन किया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु एवं अपर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। जिलाधिकारी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर के आदर्श समाज में समानता, न्याय एवं शिक्षा के मूल्यों को स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी लोक सेवक हैं, उन्होंने आह्वान किया कि सभी लोक सेवक के रूप में समानता के भाव के साथ जनसेवा करते हुए नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहें तथा राष्ट्र को विश्व शक्ति बनाने में अपना योगदान दें। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समर्पण एवं दृढ़ संकल्प का प्रतीक है, जो हमें विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढने की प्रेरणा देता है।

#### डॉ. आंबेडकर के विचारों पर दीं प्रस्तुतियां

नगर पालिका परिषद अकबरपुर के शहजादपुर क्षेत्र में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। वहीं बीएन इंटर कॉलेजए अकबरपुर में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने डॉ. अंबेडकर के विचारों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं, जिसमें उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही जनपद के समस्त नगर निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

### बिना परमिशन प्रतिमा की स्थापना पर तनाव

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत नसीरपुर हरिजन बस्ती में अंबेडकर जयंती पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापना को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। ग्रामीणों द्वारा बिना अनुमति के मूर्ति स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा था। बता दें कि प्रशासन को मूर्ति स्थापित किए जाने की सूचना मिली, जिसके बाद उन्होंने इसे रोकने का प्रयास किया। इस दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच कहासुनी हुई। तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। थानाध्यक्ष महेंद्र सरोज ने बताया कि ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

### मेडिकल कॉलेज में मनाई बाबा साहेब की जयंती

**टांडा, अम्बेडकर नगर।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के सरदार वल्लभभाई पटेल प्रेक्षागृह में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनके विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित पटेल, चीफ प्रॉक्टर डॉ. प्रमोद यादव एवं प्रोफेसर मेडिसिन डॉ. मुकेश राणा सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

# धूमधाम से मनाई गई संविधान के शिल्पकार की जयंती

## जिले भर में हुए कार्यक्रम, डीएम ने कलेक्ट्रेट में तो एसपी ने पुलिस लाइन में किया माल्यार्पण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जिले में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 135वीं जयंती पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने तिकोनिया पार्क स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी गौरव शुक्ला व उपजिलाधिकारी शिव प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। विचार गोष्ठी में संविधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराते हुए उसके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया। वहीं विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में जिला विकास अधिकारी गजेंद्र तिवारी के नेतृत्व में भी संगोष्ठी आयोजित हुई, जहां अधिकारियों ने बाबा साहेब के विचारों पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में पुलिस लाइन में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

अपने संबोधन में एसपी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों की स्थापना का प्रतीक है।





जिलाधिकारी ने बाबा साहब की मूर्ति पर किया माल्यार्पण। अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### बाबा साहेब थे विश्व स्तर के महान विचारक: सेवानिवृत्त आईपीएस

**सुलतानपुर :** जिले के अंबेडकर पार्क में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 135वी जयंती भव्य और गरिमामय तरीके से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी उदय प्रताप ने शिरकत करते हुए बाबा साहेब को विश्व स्तर का महान विचारक बताया और उनके सिद्धांतों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ. पारसनाथ ने बाबा साहेब के क्रांतिकारी विचारों और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला, जबकि सब इंस्पेक्टर हरिश्चंद्र ने लोगों को संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जिला कार्य अध्यक्ष शिवनाथ बौद्ध ने त्रिशरण और पंचशील का संकल्प दिलाकर कार्यक्रम को आध्यात्मिक स्वरूप दिया। जिले भर से 200 से अधिक शोभायात्राएं निकलीं, जिससे पूरा शहर "जय भीम" के नारों से गूंज उठा। अंबेडकर कल्याण समिति और "दी बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया" के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस आयोजन में हजारों लोग शामिल हुए और बाबा साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आंबेडकर जयंती पर भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, 1900 बूथों पर कार्यक्रम

**सुलतानपुर :** भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर भाजपा ने जनपद के 1900 से अधिक बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किए। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब के सपनों को साकार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकारों ने दलितों को केवल वोट बैंक माना, जबकि भाजपा ने उन्हें सम्मान और अधिकार दिलाया। कार्यक्रमों में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर समरसता का संदेश दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सीमांकन पिलर तोड़ने पर चार पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सीमांकन के लिए लगाए गए पत्थर नसब पिलर को तोड़ने और धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बिजेथुआ राजापुर निवासी सालिकराम की भूमि का सीमांकन उपजिलाधिकारी के आदेश पर कराया गया था। आरोप है कि विपक्षियों ने पिलर तोड़ दिया और विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह के अनुसार, तहरीर के आधार पर लालचंद्र, महेंद्र, जयराम और परदेसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### लूट के दो आरोपी बंदी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में कोतवाली नगर पुलिस ने लूट व मारपीट मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। मोहम्मद शादाब व मोहम्मद एहसान को हिरासत में लेकर उनके पास से कुल 17,950 रुपये बरामद हुए। दोनों पर दुकान में घुसकर युवक पर हमला, लूटपाट व धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायालय भेज दिया।

### टीएमटी चैम्प्स परीक्षा संपन्न

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अमहट में मंगलवार को टीएमटी चैम्प्स प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित हुई। कक्षा 4 से 11 तक के 139 छात्रों ने परीक्षा दी। आयोजन हैदर अब्बास खान के नेतृत्व में हुआ। परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा निखारना है, जिसमें सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का मशाल जुलूस

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के नेतृत्व में तिकोनिया पार्क से आजाद पार्क तक विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

जुलूस के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह निर्णय शिक्षकों के हित में नहीं है और सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता के.के. सिंह ने की। इस दौरान विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय संयुक्त

**● सरकार से निर्णय पर पुनर्विचार की मांग, बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल**

शिक्षक महासंघ के पदाधिकारी जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रणधीर सिंह, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह और अटेवा के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह गौरा, महामंत्री मो. हसीब, जूनियर शिक्षक संघ के मंत्री रमेश कुमार, विशिष्ट बीटीसी के महामंत्री सत्यप्रिय पांडेय, टीएससीटी के मीडिया प्रभारी वैभव सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी और महिला शिक्षक संघ की महामंत्री सीमा सिंह, भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के सचिव जनार्दन राय , सह सचिव जगन्नाथ रावत , कोषाध्यक्ष पिंकल प्रकाश तिवारी , मीडिया प्रभारी मनोज दूबे , सोशल मीडिया प्रभारी अखिलेश मिश्रा , आईटी सेल प्रभारी सुशांत , प्रवक्ता सुरेन्द्र कुमार मौर्य , विधिक सलाहकार बृजेश द्विवेदी और प्रचार मंत्री शुचिता सिंह, अटेवा जिला संगठन मंत्री सुरेश सिंह, राजमणि मिश्रा, संदीप वर्मा, शिवकुमार यादव, रामलौट यादव, नागेन्द्र सिंह, फूलचंद, पंकज सिंह समेत अन्य रहे।



शहर में मशाल जुलूस निकालते शिक्षक। ● अमृत विचार

### विवाद में पिस्टल से की फायरिंग, तीन पर केस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के हमजाबाद गांव निवासी मोहित यादव ने मोतिगरपुर थाने में तहरीर दी है। बताया कि सोमवार दोपहर गांव के ही रमाकांत यादव ने उसके भाई हरिश्चंद्र को गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से पीट दिया। रात करीब 10 बजे विवाद फिर बढ़ गया। मोहित के अनुसार, जब वह मलवा गांव में सत्यप्रकाश के खेत पर मौजूद था, तभी रमाकांत अपने साथियों आदर्श पांडेय और आदित्य सिंह के साथ पहुंच गया और गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से पीटा। आरोप है कि आदर्श और आदित्य ने असलहा निकालकर जान से मारने की धमकी दी। हल्ला-गुहार करने पर आरोपी फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। सीओ जयसिंहपुर ने बताया कि तहरीर पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीमों को गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है।

### भदैया में आंबेडकर जयंती पर निकलीं झांकियां

**भदैंया, सुलतानपुर :** भदैंया क्षेत्र में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर दर्जनों गांवों से भव्य झांकियां गाजे-बाजे के साथ शहर पहुंचीं। मंगलवार दोपहर बाद ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक जयंती मनाते हुए बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अभियाखुर्द, बेला सदा, जादीपुर समेत कई गांवों में चित्रों को फूल-मालाओं से सजाया गया और युवाओं ने अंबेडकर का रूप धारण कर आकर्षण बढ़ाया। कुछमुछ, पखरौली व करोमी में भी उत्सव का माहौल रहा।


**आर्यावर्त महाविद्यालय मनोहरजोत, आर्यनगर-गोण्डा**
(सम्बद्ध : मा0 पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, वनस्पति विज्ञान एवं प्राणि विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित है-
**अर्हता-** स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित, यू0जी0सी0 रेगुलेशन प्रमाणपत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाणपत्र।
**वेतन-** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मा0 पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
**नोट-** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन-पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधिपत्रों एवं अनुभव की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।
प्रबन्धक



**मॉ रीता महिला महाविद्यालय, रामगढ़, अम्बेडकरनगर उ0प्र0**

**सम्बद्ध: में आवश्यकता है-**

प्राचार्य-01 पद तथा परास्नातक स्तर पर एम0ए0 (हिन्दी, गृहविज्ञान एवं भूगोल) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।
भवदीय-**रणविजय सिंह**
मो0नं0-9415581418


# देवरिया निवासी सौरभ ने विजय प्रताप सिंह को मारी थी गोली

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बेलगरा गांव में 60 वर्षीय विजय प्रताप सिंह की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन हत्या की वजह अब भी रहस्य बनी हुई है। बीते शनिवार देर रात हुई इस सनसनीखेज वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक चारू निगम, अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह और सीओ जयसिंहपुर रामकृष्ण चतुर्वेदी ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की थी। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए थे। मृतक की पत्नी तारा सिंह की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा, जहां परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। इसी दौरान

**● सीओ ने किया हत्याकांड का खुलासा, वजह अब भी बनी रहस्य**

पुलिस को एक संदिग्ध नाम मिला, जिस पर जांच तेज कर दी गई। मंगलवार को सीओ जयसिंहपुर ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी सौरभ पांडेय को न्यायालय भेजने की बात कही। उसकी पहचान देवरिया जनपद के सलेमपुर थाना क्षेत्र के ठोकावंशी गांव निवासी के रूप में हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी देवरिया से सुलतानपुर पहुंचा और वारदात को अंजाम दिया। हालांकि सबसे बड़ा सवाल अब भी बना हुआ है आखिर सौरभ पांडेय ने विजय प्रताप सिंह की हत्या क्यों की, इस पर पुलिस अभी स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रही है। जयसिंहपुर कोतवाल के अनुसार जांच जारी है और हत्या के पीछे की असली वजह का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

### पोषण पाठशाला का डिजिटल अभियान आज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक अभिनव पहल की जा रही है। बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह दो बजे तक "पोषण पाठशाला" का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा, जिसका लाइव वेबकास्ट भी प्रसारित होगा। इस बार कार्यक्रम की थीम "सही पोषण और प्रारम्भिक देखभाल बच्चों के विकास का सशक्त आधार रखी गई है। इसका उद्देश्य आम जनमानस और लाभार्थियों को पोषण प्रबंधन, कुपोषण से बचाव और बच्चों के समुचित विकास के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ विषय विशेषज्ञ भी शामिल होंगे, जो पोषण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे। खास बात यह है कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रतिभागी सीधे अपने सवाल पूछ सकेंगे।

# आग की भेंट चढ़ा 40 बीघा गेहूं

**● दो घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंचने से ग्रामीणों में आक्रोश**

दोस्तपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम बम्हरौली के पूर्वी छोर पर मंगलवार दोपहर करीब दो बजे अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में आग लग गई। तेज पछुआ हवा के चलते आग तेजी से फैलती हुई सरसवां नहर तक पहुंच गई, जिससे लगभग 40 बीघा फसल जलकर राख हो गई।

ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए पंपिंग सेट चालू कर आग बुझाने का प्रयास किया, वहीं पांच ट्रैक्टरों से खेतों की जुताई कर आग को आगे बढ़ने से रोका। कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया गया। सूचना के बावजूद फायर ब्रिगेड टीम के देर से पहुंचने पर लोगों में आक्रोश देखने को मिला। आग से प्रभावित किसानों में अजय श्रीवास्तव, भुल्लुर, विजय, रामलौट वर्मा, राकेश वर्मा, सभापति, चंदन, राम दौर, हरिकेश, अकबर अली, सिद्धू और देवतादीन सहित कई किसान शामिल हैं।

### बल्दीराय में खेत में लगी आग, नुकसान टला

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर :** तहसील क्षेत्र के पारा स्थित गुरुदत्त शुक्ल का पुरवा में मंगलवार को खेत में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि गेहूं की फसल पहले ही कट चुकी थी और खेत में केवल भूसा (पराली) बचा था, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। आग रमेश पांडेय और रामकुमार तिवारी के खेतों में लगी, जो देखते ही देखते फैलने लगी। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। पारा चौकी प्रभारी संजय कुमार सिंह व पुलिस टीम ने भी तत्काल पहुंचकर ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। दमकल के पहुंचने से पहले ही स्थिति नियंत्रित कर ली गई। ग्रामीणों के साहस और सतर्कता से लाखों रुपये के संभावित नुकसान को टाल दिया गया।


**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है, कि सुनीता मनशा राम यादव पत्नी मनशा राम यादव निवासी 67/16 पत्थर नगर भारत नगर शिवाजी मुम्बई वर्तमान पता कुतुबगंज बाजार पूरे तेंदुआ. गोंडा शपथिनी के बैंक पास बुक में सत्यवती पत्नी मनशा राम यादव जो कि आधार कार्ड में सुनीता मनशा राम यादव पत्नी मनशा राम यादव दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है. भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
मैने अपना नाम SINGH SAGAR SUNIL से बदलकर SAGAR SUNIL SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SUNIL SWAMINATH SINGH ADD-PLOT No-1 KHASRA No-84, OPPOSITE KASTURI VIHAR COLONY UATTARDHONA CHINHAT PS&B-B-D DIST-LUCKNOW-226028 (U.P)

**सूचना**
मैने अपना नाम MOHAMMAD SUHAIL KHAN से बदलकर SUHAIL KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-QMARUDDIN KHAN ADD-21 MI, CHANDRA CITY DAROGA KHEDA MIRANPUR PINVAT AURAWAN DIST-LUCKNOW-226401(U.P.)

**सूचना**
मैं MASOOM KHAN पुत्र SHARIFULLAH, निवासी ग्राम-महुआढार, पो0-महदेइया स्टेट बलरामपुर, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर MASOOM RAZA SHAIKH रख लिया है, अत: आज से मुझे MASOOM RAZA SHAIKH के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सूचना**
मैंने अपना नाम ममता देवी से बदलकर ममता शर्मा कर लिया है भविष्य में मुझे ममता शर्मा पत्नी श्री इन्द्रजीत शर्मा निवासी- ए / 132 विजयनगर हंसनगर कानपुर नगर उ0प्र0 नाम से जाना / पहचाना / अभिलेखों में दर्ज किया जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र विशाल और उसकी पत्नी ऊषा को उनके खराब आचरण, व्यवहार व प्रताड़ना से तंग आकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। विशाल और ऊषा के किसी कृत्य व लेन-देन से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है। **रामजग पाण्डेय पुत्र स्व. सूर्यनारायण पाण्डेय ग्राम- पूरे रघुनाथ पाण्डेय मजरे भांटी थाना धम्मौर परगना मीरानपुर तहसील सदर जिला सुलतानपुर**

**सूचना**
मैं लालमणि पुत्र वंशराज निवासी अशरफपुर भुआ-मैनपुर थाना व तहसील जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर यह घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र नैतिक यादव के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका सही नाम नैतिक यादव की जगह निटिल तथा सही जन्मतिथि 13-03-2009 की जगह 01-01-2010 अंकित हो गया है। अत: न्याय हित में इसे शुद्ध किया जाना आवश्यक है।

**सूचना**
मेरे बेटे का नाम आधार कार्ड में त्रुटिवश मंगल यादव (MANGAL YADAV) जन्मतिथि 14-06- 2011 अंकित है। जबकि उसका वास्तविक नाम आदविक यादव (ADVIK YADAV) जन्मतिथि 14-06-2013 है उसके आधार कार्ड व समस्त दस्तावेजों में आदविक यादव (ADVIK YADAV) जन्मतिथि 14-06-2013 अंकित की जाय। **सुरेश कुमार यादव निवासी सराय मकरकोला पोस्ट अर्जुनपुर जनपद सुलतानपुर उत्तर प्रदेश**

**सूचना**
मैं **ज्योति भोला पत्नी राज कुमार भोला निवासी- नि0 4033 स्ट्रीट नं0 6 निकट सिंह सभा गुरुद्वारा साहिब गोविन्द कालोनी जमालपुर फोकल वाईट लुधियाना 141010,** यह कि मेरी पुत्री के आधारकार्ड में मेरी पुत्री का नाम श्रेया भोला सुनार लिखा है जबकि मैंने अपनी पुत्री का नाम बदलकर अनुष्का भोला रखा दिया है। अत: मेरी पुत्री को अनुष्का भोला के नाम से जाना व पहचाना जाय। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भी मेरी पुत्री का नाम अनुष्का भोला लिखा है।


# भये प्रकट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** स्थानीय क्षेत्र के चौकिया गांव में आयोजित नव दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के तीसरे दिन राम जन्म प्रसंग के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो उठा। कथा आचार्य पंडित राकेश जी महाराज ने बालकाण्ड में प्रवेश करते हुए भगवान श्रीराम के जन्म की कथा का अत्यंत मोहक और भावपूर्ण वर्णन किया।

महाराज जी ने बताया कि लोक कल्याण और असुरों के विनाश के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अयोध्या के राजा दशरथ के यहां अपने तीनों भाइयों के साथ अवतार लिया। उन्होंने मधुमास की नवमी तिथि पर प्रभु श्रीराम के जन्म का रोचक वर्णन

**● राम जन्म पर झूम उठा कथा पंडाल, तीसरे दिन छाया रहा भक्तिमय माहौल**

करते हुए कहा कि जैसे ही भगवान का जन्म हुआ, अयोध्या नगरी में चारों ओर हर्ष और उल्लास छा गया। कथा के दौरान यह भी बताया गया कि राम जन्म की सूचना मिलते ही अयोध्यावासी उत्सव में डूब गए और घर-घर सोहर एवं बधाइयां गूंजने लगीं। इससे पहले कथा में सती चरित्र का भी विस्तार से वर्णन किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर सुना।

राम जन्म के उपरांत कथा पंडाल में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें राम भक्त घंटों तक सोहर गीतों पर झूमते रहे। मुख्य यजमान राम जन पाण्डेय एवं विमला देवी ने विधि-विधान से आरती उतारी। इस अवसर पर भाजपा नेता विकास वर्मा, राम सिंह, बृज मोहन सिंह, कमलाकांत पांडेय, राम चंद्र सिंह, माता प्रसाद सिंह, राम कृष्ण पांडेय, प्रभव पांडेय, अनय पांडेय, अवनीश सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कथा प्रेमी उपस्थित रहे।



चौकिया में चल रही कथा में उमड़ रहे लोग। ● अमृत विचार

# महिला से हड़प लिए लाखों रुपये के जेवर, मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बंधुआकला थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। नए गहने बनवाने के नाम पर लाखों रुपये के जेवर हड़पने और बाद में नकली मंगलसूत्र देने के आरोप में पुलिस ने एक स्वर्णकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रेम कुमारी, निवासी सैय्यद बाड़ा (हसनपुर), ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उन्होंने सन्तोष सोनी नामक स्वर्णकार को 65 हजार नकद और अपना पुराना सोना नए गहने बनवाने के लिए दिया था। आरोप है कि सामान लेने के बाद आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। मामला बढ़ने पर थाने में दो बार समझौता भी हुआ, लेकिन आरोपी अपने वादे से मुकर गया। पहला समझौता फरवरी में हुआ, जिसे तोड़ दिया गया। इसके बाद 30 मार्च 2026 को दूसरा

**● नकली मंगलसूत्र देने पर खुला राज एसपी के निर्देश पर मुकदमा दर्ज**

समझौता हुआ, जिसमें 13 अप्रैल तक गहने लौटाने की बात तय हुई थी। लेकिन महिला का आरोप है कि उसे जो तीन ग्राम का मंगलसूत्र दिया गया था वह नकली निकला। इतना ही नहीं, जब महिला ने बाकी 150 ग्राम चांदी के छागल और 10 ग्राम सोने का हार मांगा, तो आरोपी ने कथित तौर पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि उनके पति का निधन हो चुका है और 21 अप्रैल को उनके बेटे की शादी है, ऐसे में गहनों की सख्त जरूरत है। बंधुआकला पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक विपिन कुमार पाठक को सौंपी है।

### लवकांत बने मिस्टर व प्रिंसी बनीं मिस फेयरवेल

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** मंगलवार को केएनआई संस्थान के भूगोल विभाग में विदाई समारोह आयोजित हुआ। परास्नातक द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को यादगार अंदाज में विदाई दी। कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु प्रताप सिंह के निर्देशन और प्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती और संस्थापक बाबू के.एन. सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मंच संचालन राज दूबे और अंजली मिश्रा ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नृत्य और गायन की शानदार प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें प्रिंसी तिवारी के शास्त्रीय नृत्य को खूब सराहना मिली। विदाई के भावुक पलों में छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। व्यक्तित्व मूल्यांकन के आधार पर लवकांत मिश्र को "मिस्टर फेयरवेल" और प्रिंसी तिवारी को "मिस फेयरवेल" चुना गया।

**कार्यक्रम** पालिकाध्यक्ष ने किया कार्य का लोकार्पण, अंत्येष्टि स्थल विकास योजना के तहत सुविधाओं का विस्तार

# सीताकुंड श्मशान घाट का 42 लाख से हुआ जीर्णोद्धार

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड सीताकुंड स्थित श्मशान घाट का जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद मंगलवार को पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सीताशरण त्रिपाठी की उपस्थिति में इसका लोकार्पण किया।

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में अंत्येष्टि स्थल विकास योजना के तहत 42 लाख रुपये की लागत से श्मशान घाट का कायाकल्प किया गया है। इसमें सीढ़ीयुक्त घाट का निर्माण, भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण, शेड व अंत्येष्टि स्थल का पुनर्निर्माण, स्नानघर और पेयजल के लिए आरओ युक्त वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि यहां विद्युत संचालित मानव शवदाह गृह भी प्रस्तावित है, जबकि ओदरा बाईपास पर पशुओं के लिए विद्युत शवदाह गृह का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा कर लोकार्पित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सीताशरण त्रिपाठी ने कहा कि पहले यह श्मशान घाट जर्जर अवस्था में था, जिससे लोगों को काफी दिक्कत होती थी, अब इसके नवीनीकरण से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। इस मौके पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पालिकाध्यक्ष ने शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को याद किया।

इस मौके पर सभासदगण प्रवीण मिश्र, रमेश सिंह टिन्नू, संजय कप्तान, दिनेश चौरसिया, अरुण तिवारी, अखिलेश मिश्र, विजय जायसवाल, गिरीश कुमार मिश्र, अफजल अंसारी, अरशद हबीब, भैयादीप सिंह व मो अहमद भाई, मनीष जायसवाल, संदीप सोनकर, मंगरू प्रसाद प्रजापति तथा केश कुमारी निषाद, राम चरित्र पांडेय, कृष्ण कुमार तिवारी किन्नू, पंकज मिश्रा, राकेश सिंह, शत्रुघ्न निषाद, अभयराज निषाद, अनिल सिंह पत्रकार, अशोक सिंह आदि उपस्थित रहे।



जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण करते पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

# हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी बाबा साहब की जयंती

## जिलेभर में आयोजित किये गये विविध कार्यक्रम, डीएम कार्यालय के बाहर स्थापित प्रतिमा पर लोगों ने किया माल्यार्पण

### किया याद

संवाददाता, गोंडा


डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करतीं डीएम।


लोगों को गिफ्ट बांटते सपा नेता हफीज मलिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** संविधान के पुरोधा डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। डीएम कार्यालय के बाहर चौराहे पर लगी प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण किया। सामाजिक समरसता कायम रखने तथा संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया।

डीएम प्रियंका निरंजन ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय के लिए उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर एडीएम आलोक कुमार, सीआरओ रिंकी जायसवाल, एसडीएम सदर अशोक कुमार गुप्ता, कलेक्ट्रेट प्रशासनिक अधिकारी वीरेंद्र कुमार तिवारी सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पंचायत परसपुर में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मंगलवार को उत्साह से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन चेयरमैन वासुदेव सिंह एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष वंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष वंश बहादुर सिंह ने बताया कि परसपुर मंडल के 75 बूथों पर भी डॉ अंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। गौरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा विधायक प्रभात वर्मा के नेतृत्व में आंबेडकर की जयंती मनाई गई। पीडीए समाजवादी पार्टी जनसंपर्क कार्यालय पर हफीज मालिक के नेतृत्व में आंबेडकर जयंती केक काटकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में महिलाओं को साड़ी तथा पुरुषों को अंगवस्त्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में शशांक यादव, सुनील शर्मा, आलिम, आमिर, अब्दुल अजीज बब्बू गल्ला, पिल्लू, और बड़ी संख्या में नागरिक, पार्टी कार्यकर्ता, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। सुरेश कुमार शुक्ल की अगुवाई में पूर्व ब्लाक प्रमुख इटियाथोक अनवर शकील चौधरी, बब्बू सोनी, अजीम वारसी, अमीन खान, शिवनाथ गौतम सहित बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने रामदेव नगर इटियाथोक गोंडा स्थित कैंप कार्यालय पर बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। करनैलगंज तहसील सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एसडीएम नेहा मिश्रा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नवाबगंज थाना अध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में एसएसआई विश्वास चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक विभव सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी पंकज यादव, महिला उपनिरीक्षक अंतिमा सिंह, उपनिरीक्षक रियाज खां, रामचंदर यादव, मुख्य आरक्षी ज्ञान सिंह, धर्मवीर यादव, अभिषेक सिंह, अतुल सिंह, नीरज सिंह, महिला आरक्षी सविता सिंह, नीलू सिंह, सपना, रोशनी, प्रिंसी और आस्था आदि पुलिस कर्मियों ने पुष्प अर्पित कर बाबा साहब को सैल्यूट किया।

### विधायक ने किया बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण

**धानेपुर, अमृत विचार :** मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी ने आंबेडकर जयंती पर मंगलवार को धानेपुर नगर पंचायत के आंबेडकर नगर वार्ड में डा आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब की प्रतिमा की स्थापना करना उनके लिए गर्व का विषय है। यह केवल एक प्रतिमा की स्थापना नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का प्रतीक है। इस मौके पर नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुजेहना शेषराम बारी, रवि प्रकाश तिवारी, रक्षाराम वर्मा, पूर्व जिला मंत्री चन्द्र प्रकाश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मुजेहना मुनीन्द्र शर्मा, परमात्मादीन तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।


डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण करते विधायक विनय द्विवेदी।

### समाजवादी पार्टी की महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव ने बाबा साहब को किया नमन

**गोंडा, अमृत विचार :** बाबा साहेब की जयंती पर मंगलवार को सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा सिंह ने शहर के अंबेडकर चौराहे पर स्थित बाबासाहेब डा भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। वहीं इटियाथोक मे सपा नेता सुरेश कुमार शुक्ल ने इटियाथोक स्थित अपने कैंप कार्यालय पर बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होने इटियाथोक से गोंडा जा रही स्वाभिमान यात्रा का पुष्प वर्षा का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख अनवर शकील चौधरी, बब्बू सोनी, अजीम वारसी, अमीन खान, शिवनाथ गौतम सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।


बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करतीं सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा सिंह।

### परम कल्याणकारी है श्रीमद्भागवत का श्रवण


कथा सुनाते राधेश्याम शास्त्री।

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** कस्बे में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराते हुए प्रवाचक राधेश्याम शास्त्री ने श्रोताओं से कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण सुनने से मानव का कल्याण होता है। उन्होंने श्रीकृष्ण के जीवन के उन पहलुओं को छुआ है, जो मानव के मानस के लिए है। राग, प्रेम, भक्ति, भाव, योग, ध्यान और आत्मा-परमात्मा जैसे विषयों को उनके यथार्थ रूप में ही स्वीकार करते हैं। युद्ध और राजनीति को भी उन्होंने वास्तविक अर्थों में स्वीकार किया है। श्रीकृष्ण युद्धवादी नहीं हैं। श्री कृष्ण का व्यक्तित्व पूर्वाग्रही नहीं है। यदि युद्ध होना ही हो तो भागना ठीक नहीं है। यदि युद्ध होना ही है और मनुष्य के हित में अनिवार्य हो जाए तो युद्ध को आनंद से स्वीकार करना चाहिए। वेद व्यास ने युद्ध और शांति के द्वंद्व को समझाते हुए कृष्ण के व्यक्तित्व को अधिक सरलता से प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि कृष्ण जीवन को युद्ध और शांति दोनों द्वारों से गुजरने देना चाहते हैं। शांति के लिए युद्ध की सामर्थ्य हो। मनुष्य की युद्ध की मानसिकता को भागवत में बड़ी सहजता से उजागर किया है। सतगुणों और दुर्गुणों से ही मनुष्य आकार लेता है। अनुपात कम व अधिक हो सकते हैं। कार्यक्रम में अशोक गुप्ता, मनोज गुप्ता, शिवम गुप्ता, हरीश सोनी आदि रहे।

### श्रीकृष्ण की बाल लीला के प्रसंग सुन भक्त भावविभोर

**करनैलगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ अतरौलिया में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा से पूरे इलाके में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। कथा प्रवाचक रघुनाथ दास शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कथा के दौरान उन्होंने माखन चोरी, कालिया नाग दमन, गोवर्धन धारण जैसी लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भगवान की ये लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाली प्रेरणाएं हैं। प्रवचन में वर्तमान समय के प्रेम पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज का प्रेम स्वार्थ और वासना में बदलता जा रहा है, जबकि सच्चा प्रेम गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से किया था, जिसमें कोई स्वार्थ या बाधा नहीं थी। सच्चा प्रेम वही है, जिसमें प्रेमी अपने प्रेम के मार्ग में स्वयं भी बाधा न बने। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि भगवान को माखन-मिश्री अर्पित करने का वास्तविक अर्थ बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होता है। व्यक्ति को अपने मन को माखन की तरह कोमल और व्यवहार को मिश्री की तरह मधुर बनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने परिवार में कटुता से बचने और प्रेमपूर्ण व्यवहार अपनाने की सलाह दी। कथा में गौ माता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि गाय समस्त विश्व की माता के समान है और उसकी सेवा से पुण्य की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में आयोजक डॉ. सर्वेश शुक्ल, जयप्रकाश शुक्ल, राजेश शुक्ल, लालू तिवारी, राजकुमार तिवारी, शीतला प्रसाद पांडे, अरुण शुक्ल, वर्षा, वैभव शुक्ल, सत्यदेव शुक्ल, राधेश्याम शुक्ल, अशोक, बलराम शुक्ल, देव कुमार शुक्ल सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# समय पर बंद हो जाती आपूर्ति तो बच सकती थी रंजीत की जान

अमृत विचार Follow UP

- सूचना के बावजूद चालू रही आपूर्ति, सुरक्षा के दावों पर उठे सवाल
- सिविल लाइन उपकेन्द्र की लॉगबुक में दर्ज समय ने बढ़ायीं विभाग की मुश्किलें


रंजीत तिवारी (फाइल फोटो)

**गोंडा, अमृत विचार :** पत्रकार रंजीत तिवारी की मौत के मामले में एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि बिजली उपकेंद्र के वीसीबी (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) में खराबी थी इसलिए बिजली का तार टूटकर गिरने के तत्काल बाद लाइन तत्काल ट्रिप नहीं हुई। सूचना मिलने के बाद बिजलीकर्मियों ने सप्लाई बंद की थी। इस पूरी कवायद में 10 मिनट से अधिक का वक्त लग गया वरना यदि तार गिरते ही लाइन ट्रिप हो जाती तो रंजीत की जान बच सकती थी। सूचना मिलने से लाइन बंद किए जाने तक का ब्योरा उपकेंद्र की लॉगबुक में दर्ज है जिसने सुरक्षा दावों पर सवाल खड़ा कर दिया है।

पथवलिया के पत्रकार रंजीत तिवारी पर बीते 10 अप्रैल को हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया था जिससे उनकी मौत हो गयी थी। यह लाइन जर्जर है और कंपोजिट विद्यालय के ऊपर से गुजर रही है। गांव के लोगों ने कई बार इस लाइन को यहां से हटाने की मांग की थी लेकिन अधिकारी अनसुना करते रहे। रंजीत खुद इस तार को यहां से हटाने की पैरवी कर रहे थे। बेसिक शिक्षा विभाग के पत्र पर पावर कारपोरेशन ने पथवलिया समेत जिले के 206 स्कूलों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के हाईटेंशन तारों को शिफ्टिंग के लिए एक साल पहले ही बिजली विभाग को 1.55 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया था लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से इस पर अमल नहीं हो सका। रंजीत की मौत के बाद परिवार ने बिजली अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, उप खंड अधिकारी व अवर अभियंता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी है। इसी बीच इस घटना को लेकर एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त यह घटना हुई उसके तत्काल बाद गांव के एक शख्स ने संबंधित बिजली उपकेंद्र को मोबाइल से सूचना दी थी। इसके बाद उपकेंद्र पर तैनात कर्मी ने लाइन को बंद किया था और उसकी ट्राली निकालकर बाहर की थी। उपकेंद्र की लाग बुक में सूचना मिलने से लाइन बंद करने और ट्राली बाहर निकालने का जिक्र है, जबकि बिजली विभाग के जानकारों का कहना है कि चूंकि बिजली सप्लाई करने वाली मशीनें ऑटोमेटिक होती हैं इसलिए यदि हाईटेंशन लाइन का तार गिरता है तो लाइन ट्रिप कर जाती है लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। इसे सिस्टम की खामी माना जा रहा है। इस मामले ने बिजली सुरक्षा के दावे पर सवाल खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते लाइन ट्रिप कर दी जाती तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। इस पूरे मामले ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है।

### सूचना मिलने और कार्रवाई के बीच अंतर

**गोंडा, अमृत विचार :** बताया जा रहा है कि घटना की सूचना मिलने पर वीसीबी (वैक्यूम सर्किट ब्रेकर) से लाइन तत्काल ट्रिप नहीं की गई। विभागीय नियमों के अनुसार किसी भी दुर्घटना की सूचना मिलते ही संबंधित फीडर की सप्लाई बंद कर दी जानी चाहिए, ताकि बचाव कार्य सुरक्षित तरीके से हो सके, लेकिन यहां ऐसा नहीं हुआ, जिससे इस पूरी घटना पर सवाल खड़े हो गए हैं। सुबह 8:53 बजे सूचना मिलने के बावजूद लाइन ट्रिप नहीं हुई। उपकेन्द्र 220 के 11/33 केवी उपकेन्द्र के पथवलिया लाइन को लेकर लागबुक में दर्ज समय के अनुसार सूचना मिलने और कार्रवाई के बीच स्पष्ट अंतर दिखाई दे रहा है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि या तो सूचना को गंभीरता से नहीं लिया गया या फिर तकनीकी व मानवीय स्तर पर लापरवाही बरती गई। हालांकि विभाग का दावा रहता है कि हादसे की स्थिति में वीसीबी स्वतः या मैनुअली ट्रिप कर दी जाती है, लेकिन इस घटना में यह दावा पूरी तरह फेल साबित हुआ।

## बाइक की टक्कर से किसान की मौत

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** के रुपईडीह क्षेत्र में सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई। खरगूपुर थाना क्षेत्र के सिसई माफी गांव निवासी राम प्रताप (65) घर से सड़क पार कर अपने खेत जा रहे थे। इसी दौरान गोंडा-बहराइच मार्ग पर बाइक नने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल राम प्रताप को परिजनों ने जिला मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए, जहां उनकी हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन लखनऊ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पिपरा बाजार पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश गुप्ता ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### छात्र-छात्राओं ने जानी पुलिस की कार्यप्रणाली


छात्रा को प्रमाण पत्र देते पुलिस के अधिकारी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम के तृतीय चरण के अंतर्गत एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय एवं सीओ सदर शिल्पा वर्मा की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें चयनित छात्र-छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। उन्हें यक्ष एप, सीसीटीएनएस, यूपी कॉप एप, जनरल डायरी (जीडी), आमजन की शिकायतों के पंजीकरण व निस्तारण की प्रक्रिया, महिला हेल्प डेस्क के कार्य एवं अभिलेखों के रख-रखाव के बारे में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। सीओ सदर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पुलिस विभाग की जिम्मेदारियों, कार्यशैली और समाज में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में अनुशासन, जिम्मेदारी और पुलिस के प्रति विश्वास को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनजागरूकता अभियानों—मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, एंटी रोमियो अभियान एवं साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दी।

## शक्ति कैफे में अब खान-पान के साथ मिलेगी ज्ञान की खुराक



अरगा शक्ति केंद्र।

**गोंडा, अमृत विचार :** महिला सशक्तिकरण और युवा जुड़ाव को एक साथ जोड़ने की दिशा में एक अभिनव प्रयोग करते हुए विकास भवन परिसर स्थित शक्ति कैफे और अरगा स्टोर के पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार किया जा रहा है। सीडीओ के नेतृत्व में अरगा ज्ञान गंजः चाय एंड चैप्टर्स नामक पहल शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत अरगा शक्ति कैफे के दो कमरों को सार्वजनिक पठन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

इसका उद्देश्य युवाओं को एक सकारात्मक और उत्पादक थर्ड स्पेस प्रदान करना है। अब शक्ति कैफे में आने वाले आगंतुक जलपान के समय का सदुपयोग उत्कृष्ट पुस्तकों को पढ़कर कर सकेंगे। यहां गोण्डा के गौरवशाली इतिहास और सफलता की कहानियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस पुस्तकालय के लिए एक विशाल पुस्तक दान अभियान शुरू किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने नागरिकों और सरकारी कर्मचारियों से इस पुस्तक दान अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें, साहित्य और प्रेरणादायक पुस्तकें विकास भवन में स्थापित संग्रह केंद्र पर दान की जा सकती हैं।

# डॉक्टर फरार, अस्पताल में पसरा सन्नाटा

### आनंद हत्याकांड

**गोंडा, अमृत विचार :** धानेपुर क्षेत्र के बग्गीरोड स्थित न्यू मेडी लाइफ अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर के सामने रविवार की रात हुई हत्या की वारदात के बाद मंगलवार को अस्पताल में सन्नाटा पसरा रहा। अस्पताल संचालक डाक्टर फरार है। भर्ती मरीज दूसरे अस्पताल चले गए हैं। मंगलवार की सुबह पुलिस अस्पताल परिसर में हत्या से संबंधित सुराग तलाशने में जुटी रही।

धानेपुर के बेलहरी गांव निवासी खाद विक्रेता आनंद पांडेय की रविवार की रात न्यू मेडी लाइफ हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के सामने हमलावरों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। इस घटना में उनका भांजा सत्यम भी चाकू लगने से घायल है और उसका इलाज चल रहा है। परिजनों ने न्यू मेडी लाइफ हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के संचालक डॉ. अनिल ओझा समेत रुद्रगढ़ नौसी गांव के मजरे ईन्दइकपुरवा के रहने वाले अनुपम शुक्ला उर्फ अनूप, राजन शुक्ला, उदयभान उर्फ साजन शुक्ला, अनुपम के पिता व चार अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी अनुपम शुक्ला व उदयभान शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया था। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। हत्या की वारदात के बाद अस्पताल संचालक डॉ. अनिल शुक्ला अस्पताल छोड़कर फरार हो गया है।

**सीसीटीवी फुटेज के सहारे हमलावरों की पहचान में जुटी पुलिस :** बताया जा रहा है कि आनंद की हत्या में 15 से अधिक लोग शामिल थे। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो दर्जन भर से अधिक लोग बोलेरो से आए थे। चार-पांच लोग पहले से मौजूद थे। वारदात अस्पताल और बगल में टीवीएस शोरूम में लगे सीसीटीवी में कैद है। पुलिस ने दोनों कैमरों का फुटेज लिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

**होती रही मारपीट, पुलिस को नहीं लगी भनक :** बग्गीरोड में हत्या के मामले में पुलिस की पिकेट ड्यूटी पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जिस जगह पर वारदात हुई वहां से महज 100 मीटर की दूरी पर पुलिस मौजूद रहती है। हालांकि पुलिसकर्मियों की ड्यूटी पूरे कस्बे में गश्त की है लेकिन पुलिसकर्मी एक स्थान पर बैठ जाते हैं। लोगों की मानें तो अनुपम और सत्यम के बीच विवाद शाम 6 बजे ही शुरू हो गया था। अनुपम ने सहयोगियों के साथ सत्यम की पिटाई की थी लेकिन न तो पुलिस को घटना की जानकारी हुई और न ही डाक्टर ने पुलिस को सूचना दी।


आनंद के पिता को सांत्वना देते विधायक।

### पीड़ित परिवार से मिले विधायक, बंधाया ढाढ़स

**गोंडा, अमृत विचार :** आनंद की हत्या के बाद उनके गांव बेलहरी में मातम पसरा है। मंगलवार को मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी ने गांव पहुंचकर परिवार के लोगों को ढाढ़स बंधाया। विधायक ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने बताया कि वारदात में शामिल तीसरे आरोपी राजन शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### भजनों में डूबा रानी बाजार, श्याम महोत्सव में उमड़े भक्त


भजन प्रस्तुत करतीं गायिका। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** रानी बाजार स्थित श्री खाटू श्याम बाबा परिवार के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक श्री श्याम महोत्सव के अवसर पर ओवरब्रिज के नीचे भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति के इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक भजनों की रसधारा में डूबे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सांवरिया ब्रदर्स के करन पटवा व श्याम मोदनवाल की जोड़ी ने गणेश वंदना से किया। इसके बाद गायक मयंक कसौधन ने हारे का सहारा, श्याम धणी आने में क्यों देर लगाओगे। जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कानपुर से आमंत्रित भजन गायिका दीपांशी तिवारी ने हारे का सहारा है मेरा श्याम धणी, मन की बात सांवरिया से आज सुना कर देख ले, मैं हूं नौकर तेरा जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं सुल्तानपुर से आईं गायिका महक कसौधन ने राम सिया राम और हनुमान चालीसा के माध्यम से भक्तों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बीच-बीच में आकर्षक झांकियां भी प्रस्तुत की गईं। भजन गायक आकाश गुप्ता ने भी अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। बाबा खाटू श्याम का दरबार विशेष रूप से सजाया गया, जहां पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। कन्या पूजन के साथ संकीर्तन का समापन हुआ, जिसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोविंद जालूका सहित अनेक गणमान्य लोग व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चोरों ने घर से लाखों के जेवर उड़ाये

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव के मजरा बिरजापुर में चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने जेवर सहित लाखों रुपए के सामान चोरी कर ले गए।

पीड़ित ज्ञानचंद ने बताया की वह पूरे परिवार के साथ हरियाणा में रहते हैं। गांव के घर में ताला लगाकर चले जाते हैं। घर के बरामदे में उनके माता-पिता रहते हैं। वह एक वर्ष के बाद हरियाणा से सोमवार को घर आये थे। घर का ताला खोलकर अन्दर गये तो देखा की एक कमरे का ताला टूटा हुआ है।

कमरे में रखा बक्सा गायब था जिसमें रखे सोने-चांदी के करीब 10 थान जेवरात व घर के बर्तन गायब थे। छत पर जाने के लिए बनी सीढ़ी का भी ताला टूटा हुआ मिला। इस संबंध में कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### आयोजन

नन्दिनी नगर कॉलेज में व्यक्तित्व विकास एवं शारीरिक प्रशिक्षण शिविर का समापन

# थारू जनजाति के बच्चों ने पेश किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवाबगंज, गोंडा



पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के साथ थारू जनजाति के बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नन्दिनी नगर महाविद्यालय में चल रहे 15 दिवसीय व्यक्तित्व विकास एवं शारीरिक प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया। विभिन्न जिलों से आए थारू जनजाति के बच्चों ने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। शिविर के समापन समारोह में प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ शिविर के दौरान प्राप्त शारीरिक प्रशिक्षण का भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बलरामपुर और श्रावस्ती जिलों से आए थारू जनजाति के किशोर-किशोरियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने अपने हुनर से सभी का मन मोह लिया।

शिविर के आयोजक पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज के गांवों में रहने वाले युवाओं की छिपी प्रतिभा को सामने लाना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साह और प्रदर्शन की सराहना की। कॉलेज के इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस समापन समारोह का संचालन डॉ. नवीन सिंह ने किया। कार्यक्रम में अयोध्या से आए महंत राजकुमार दास और हेमंत दास समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह, चेयरमैन सतेंद्र सिंह तथा ग्राम प्रधानों में रिशु श्रीवास्तव, रवि सिंह, विपिन सिंह और राहुल सिंह भी मौजूद रहे।

## आरओबी निर्माण की मंजूरी पर जतायी खुशी

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** नवाबगंज-उतरौला मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग संख्या 245 स्पेशल पर ओवरब्रिज निर्माण के प्रस्ताव को रेल मंत्रालय से मंजूरी मिलने पर क्षेत्र में खुशी है। कोट प्रबंधक हरीश कुमार पांडेय ने केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री व गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयास से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा इस परियोजना को मंजूरी मिली है। ओवरब्रिज बनने से नवाबगंज-उतरौला मार्ग पर जाम से राहत मिलेगी। समारोह में मंत्री प्रतिनिधि कमलेश पांडेय, यूपी सिंह, सौरभ सिंह, गन्ना चेयरमैन भरत सिंह, विधायक प्रतिनिधि बाबूलाल शास्त्री, जिपं सदस्य जनार्दन वर्मा, प्रमोद आर्य, चेयरमैन दुर्गेश कुमार सोनी (बब्लू सोनी), भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वैभव सिंह, ब्रह्माकुमारी उपमा बहन, सभासद सारिका सिंह, के.के. सिंह, ब्लॉक प्रमुख जगदेव चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### चौरासी कोसी परिक्रमार्थियों ने जिले में किया प्रवेश

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** अयोध्या की पावन चौरासी कोसी परिक्रमा में शामिल साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं के जत्थे ने मंगलवार को घाघरा नदी पार कर जिले में प्रवेश किया। साधु-संतों की सुविधा के लिए बहुअन मदार माझा के देवीगंज के सामने घाघरा नदी पर अस्थायी पीपा पुल का निर्माण कराया गया है, जिससे इस बार बड़ी सुगमता से परिक्रमार्थी जिले में प्रवेश किए हैं। जिले में प्रवेश के उपरांत परिक्रमार्थियों का प्रथम पड़ाव बहुअन मदार मांझा स्थित देवीगंज के दुलारे बाग में पीपल वृक्ष के नीचे श्रद्धालु रात्रि विश्राम करेंगे तथा रात्रि में भव्य जागरण एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आपको बताते चले कि दो अप्रैल को बस्ती जनपद के पौराणिक स्थल मखौड़ा धाम से प्रारंभ हुई चौरासी कोसी परिक्रमा बस्ती, अयोध्या, अंबेडकर नगर एवं बाराबंकी के विभिन्न पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की परिक्रमा करते हुए मंगलवार को प्रवेश कर जिले में लगभग दस दिनों तक प्रवास करेंगे। श्रद्धालुओं के स्वागत-सत्कार को लेकर ग्रामीणों ने व्यापक तैयारियां की हैं। भूलन सिंह एवं अंजू सिंह ने बताया कि परिक्रमार्थियों के लिए जलपान व रात्रि भोज की समुचित व्यवस्था की गई है। व्रतधारी संतों के लिए फलाहार की विशेष व्यवस्था भी की गई है। परिक्रमार्थियों के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और उनके स्वागत में लोग तत्परता से लगे हैं।

# वंचितों के उत्थान को समर्पित रहा बाबा साहेब का जीवन

## धूमधाम से मनायी गयी संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती, जिलेभर में आयोजित किये गये विविध कार्यक्रम

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को अंबेडकर पार्क में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में समिति अध्यक्ष एवं संयोजक सुरेंद्र सिंह गौतम के नेतृत्व में किया गया।

समारोह का शुभारंभ बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का संपूर्ण जीवन वंचित, शोषित और पीड़ित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। श्रावस्ती सांसद चौधरी राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के जरिए देश को समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का संदेश दिया।

सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। पालिका अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने उन्हें सामाजिक क्रांति का अग्रदूत बताया। गैसड़ी विधायक राकेश यादव और तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ला ने कहा कि बाबा साहेब का संविधान देश की आत्मा है।

इस मौके पर राजेंद्र चौधरी, चंद्रशेखर पासवान, सुशील पासवान, डॉ. सुरेश कुमार वर्मा, महेंद्र गौतम, दीपक गौतम, गीता गौतम, लालजी गौतम, मदन कुमार, वंदना शक्ति, हनुमान गौतम, अजय चौधरी, सुषमा देवी, मीना देवी, राजू गौतम, संदीप सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



जयंती पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सपा कार्यकर्ता।

### अंबेडकर जयंती पर कलेक्ट्रेट में हुई संगोष्ठी

**बलरामपुर,अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मंगलवार को जनपद भर में अत्यंत गरिमामय वातावरण में मनाई गई। सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी कार्यालयों तथा विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विशेष संगोष्ठी में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) ज्योति राय तथा एडीएम (न्यायिक) शिव नारायण सिंह ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को ऐसा प्रगतिशील संविधान प्रदान किया, जो प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, न्याय और सम्मान की गारंटी देता है। इस दौरान अपर उप जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जयंती पर हुई श्रद्धांजलि सभा, बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**बलरामपुर, अमृत विचार :** भारतीय संविधान के शिल्पकार और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय अटल भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने भारतीय लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके विचार, सिद्धांत और संघर्ष आज भी समाज को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन समानता, न्याय और समर्पण का प्रतीक है, जिससे हर व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, सदर विधायक पल्टूराम, चेयरमैन डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह 'गुड्डू', जिला महामंत्री अजय सिंह 'पिंकू', वंदना पासवान, डीपी सिंह बैस सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में सभी ने सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



जयंती पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा के पदाधिकारी।

### कांग्रेस की पदयात्रा, प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को कांग्रेस ने शहर में पदयात्रा निकालकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी। यात्रा वीर विनय चौराहे से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए अंबेडकर तिराहा पहुंची, जहां नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने कहा कि बाबा साहेब ने देश को ऐसा संविधान दिया, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है। जिलाध्यक्ष शिवलाल कोरी ने कहा कि उनका जीवन सामाजिक न्याय की मिसाल है। पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने संविधान को देश की एकता का आधार बताया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजबहादुर यादव और वरिष्ठ नेता मारकंडेय मिश्र ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे।

### श्रद्धा के साथ मनायी गयी डॉ. अंबेडकर की जयंती



जयंती पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करते लोग।

**जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे बालापुर स्थित बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज में मंगलवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष विवेक गोयल ने उनके स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामाजिक समरसता और शिक्षा के प्रसार का संकल्प लिया। उधर, कोतवाली जरवा परिसर में थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक जीयुत यादव, महेंद्र सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान के नियमों का पालन करने की शपथ ली।

### शिक्षकों ने निकाला मशाल जुलूस



टेट की अनिवार्यता के विरोध में मशाल जुलूस निकालते शिक्षक। ● अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर सोमवार देर शाम को जनपद मुख्यालय में शिक्षक संगठनों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर मशाल जुलूस निकाला। महासंघ के महासचिव दिलीप चौहान के नेतृत्व में निकला यह जुलूस तुलसी पार्क से शुरू होकर एमपीपी इंटर कॉलेज होते हुए वीर विनय चौराहे तक पहुंचा। जुलूस के दौरान शिक्षकों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें बुलंद कीं। सभा को संबोधित करते हुए महासचिव दिलीप चौहान ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता थोपना पूरी तरह अन्यायपूर्ण है और इसे तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष एवं महासंघ के जनपदीय महासचिव तुलाराम गिरी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल मंत्री अरुण मिश्रा, जिलाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शुक्ला, अटेवा के जिलाध्यक्ष अनुराग रस्तोगी, महामंत्री मोहम्मद शाकिर इकबाल, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा, अनुसूचित जाति/जनजाति शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवपूजन, मंत्री राम सेवक, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, गुरूबचन, मंत्री उमेश कुमार, मसऊद आलम अंसारी, रामानुज वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में सभी शिक्षकों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि जब तक टेट की अनिवार्यता समाप्त नहीं होगी, तब तक संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

# प्रेम-प्रसंग बना दोहरे हत्याकांड की वजह

- सड़क हादसे का रूप देकर शवों को फेंकने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** महराजगंज तराई थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना समझी जा रही दो युवकों की मौत का मामला पुलिस जांच में दोहरे हत्याकांड के रूप में सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने हत्या के बाद शवों को सड़क किनारे फेंककर पूरे मामले को हादसा दिखाने की साजिश रची थी।

पुलिस के अनुसार, रमवापुर निवासी प्रमोद ने अपने भाई मनोज और पड़ोसी दीपचंद उर्फ छोटू की मौत को लेकर तहरीर दी थी। प्रारंभिक तौर पर मामला सड़क दुर्घटना का दर्ज किया गया, लेकिन जांच के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और कॉल डिटेल रिकॉर्ड से खुलासा हुआ कि दोनों की हत्या की गई थी। जांच में सामने आया कि दीपचंद उर्फ छोटू का आरोपी प्रेमिका से विवाह पूर्व प्रेम संबंध था। शादी के बाद भी दोनों के बीच बातचीत होती रही, जिससे प्रेमिका के वैवाहिक जीवन में तनाव बना रहता था। बताया गया कि मृतक के पास प्रेमिका की कुछ पुरानी तस्वीरें भी थीं, जिनके जरिए वह उस पर दबाव बनाता था। इसी विवाद से परेशान होकर प्रेमिका ने अपने पति और रिश्तेदारों के साथ मिलकर दीपचंद को रास्ते से हटाने की साजिश रची। योजना के तहत दीपचंद और उसके साथी मनोज को गांव के बाहर बुलाया गया, जहां चारों आरोपियों ने मिलकर दोनों की हत्या कर दी। इसके बाद शवों को मोटरसाइकिल पर लादकर लौकहवा के सेवरहवा नाले के पास फेंक दिया गया और बाइक भी वहीं छोड़ दी गई, ताकि मामला सड़क हादसा लगे।

पुलिस ने इस मामले में अनिल कुमार निवासी मध्यनगर, प्रेमिका निवासी मध्यनगर, अजय कुमार वर्मा निवासी जैसिंहडीह तथा संतोष कुमार निवासी जैसिंहडीह को गिरफ्तार कर लिया है। घटना स्थल से मृतक के मोबाइल का टूटा हुआ हिस्सा, एक माला और मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में टीम ने इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा किया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय भेजा जा रहा है।



दोहरे हत्याकांड के गिरफ्तार आरोपियों के साथ एसपी और पुलिस टीम।

# मेला जाते समय हादसे में युवक की मौत, चार घायल

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिले में सोमवार देर रात और मंगलवार सुबह हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, जरवा थाना क्षेत्र के हलौरा गांव निवासी अनिल, रामसूरत, मुकेश और अनंत दो बाइकों से देवीपाटन मेला देखने तुलसीपुर जा रहे थे। रास्ते में नकटी नाला पुल के पास उनकी बाइक सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि 21 वर्षीय अनिल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रामसूरत, मुकेश और अनंत गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर पहुंचाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि मृतक अनिल की 15 अप्रैल को तिलक तथा शादी 29 अप्रैल को तय थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं।

वहीं मंगलवार सुबह तुलसीपुर क्षेत्र के नथुनिया मोड़ पर रमवापुर पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार 23 वर्षीय बालेंद्र को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

### फर्जी कागजात लगाकर बनवाए दो पासपोर्ट

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिले में पासपोर्ट बनवाने में जालसाजी का मामला सामने आया है। कूटरचित दस्तावेजों के सहारे दो अलग-अलग पासपोर्ट हासिल करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चीती का है। पुलिस के अनुसार शिकायत मिलने पर आरोपी मोहम्मद वसीम उर्फ मो. वसीम के पासपोर्ट अभिलेखों की जांच कराई गई। जांच में पता चला कि आरोपी ने अलग-अलग नाम, जन्मतिथि, पते और पारिवारिक विवरण का उपयोग कर दो पासपोर्ट बनवाए। बताया गया कि पहला पासपोर्ट वर्ष 2011 में बनवाया गया था, जबकि दूसरा वर्ष 2025 में अलग विवरणों के साथ जारी कराया गया। दस्तावेजों के मिलान में कई विसंगतियां सामने आने के बाद मामला संदिग्ध पाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक एवं पासपोर्ट नोडल अधिकारी के निर्देश पर उपनिरीक्षक अरुण कुमार पाटिल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष अविरल शुक्ल ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### कंबाइन मशीन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बलरामपुर अमृत विचार :** गौरा चौराहा थाना क्षेत्र में गेहूं की कटाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। खेत में चल रही कंबाइन मशीन की चपेट में आने से 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने मशीन को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, श्रीदत्तगंज क्षेत्र के ग्राम समदा मजरे कठेर निवासी आनंद सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी लालबाबू के खेत में कंबाइन मशीन से गेहूं की कटाई कराई जा रही थी। उनका छोटा भाई दीपक सिंह भी अपनी फसल कटवाने के लिए खेत पर गया था। वह खेत में खड़ा होकर कटाई कार्य देख रहा था। इसी दौरान चालक शाहबान ने कथित लापरवाही बरतते हुए मशीन आगे बढ़ा दी, जिससे दीपक उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए उतरौला ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से गांव में शोक का माहौल है। थानाध्यक्ष हरीश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कंबाइन मशीन को कब्जे में लेकर चालक शाहबान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### रानी बाजार मोहल्ले में घंटों गुल रही बिजली

**गोंडा, अमृत विचार :** शहर की रानी बाजार मोहल्ले में घंटों तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अचानक बिजली कटने से घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे गए। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को दिक्कत उठानी पड़ीं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि आपूर्ति बाधित कर दी गई, जिससे पानी की टंकियां नहीं भर सके और दैनिक कार्य प्रभावित हुए। कई लोगों ने बिजली विभाग के कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई, देर शाम आपूर्ति बहाल हो सकी। निवासियों ने नियमित और सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

### सफाई व्यवस्था बदहाल, ग्रामीणों में रोष

**गोंडा, अमृत विचार :** विकासखंड पंडरी कृपाल के सुभागपुर गांव में साफ-सफाई की व्यवस्था ध्वस्त होने से ग्रामीणों में गहरी नाराजगी व्याप्त है। गांव की सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर कूड़े के ढेर लगे हैं, जिससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। नालियां चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे राहगीरों और स्कूली बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार ग्राम पंचायत व संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक सफाई अभियान नहीं चलाया गया। लोगों का कहना है कि नियमित सफाई और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# 50 से कम गोवंशों वाली 21 गौशाला पर लगा ताला

**गोंडा, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर जिले में 50 से कम मवेशियों वाली 21 अस्थाई स्थाई गौशालाओं को बंद कर दिया गया है। इन गौशालाओं में संरक्षित मवेशियों को नजदीकी बड़ी और व्यवस्थित गौशालाओं में स्थानांतरित किया गया है। पशुपालन विभाग का कहना है कि इस निर्णय से मवेशियों की देखभाल और व्यवस्थाओं में सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन गौशालाओं में मवेशियों की संख्या कम थी, वहां संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा था। ऐसे में छोटे केंद्रों को बंद कर मवेशियों को बड़े और संसाधनयुक्त केंद्रों में समायोजित किया गया है। जिले में वर्तमान समय में कुल 108 गौशालाएं संचालित हैं। इनमें करीब 19 हजार से अधिक मवेशियों की देखभाल की जा रही है। शासन के निर्देश पर पड़रीकृपाल ब्लॉक की कपीसा, मुजेहना क्षेत्र के खौदी, परसिया पंडित, त्रिलोकपुर व बनकटी सूर्यबली सिंह, बभनजोत के कूकनगर ग्रंट, केशवनगर ग्रंट, अलाउद्दीनपुर, मनकापुर के अंधियारी तथा छपिया के दरियापुर मनिकपुर ग्रंट सहित 21 गौशालाओं को बंद किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि गौशालाओं के संचालन की लगातार समीक्षा की जा रही है।

> जिले की गौशालाओं में संरक्षित मवेशियों की बेहतर देखभाल के लिए 50 से कम संख्या वाली 21 गौशालाओं को बंद किया गया है। सभी मवेशियों को नजदीकी गौशालाओं में स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां पर्याप्त चारा, पेयजल और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है।
>
> – डॉ. शशि कुमार शर्मा, सीवीओ

# दिव्यांग का राशन कार्ड निरस्त

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** दिव्यांग का राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया। जिससे सरकारी खाद्यान्न योजना के लाभ से वह वंचित हो गया। पीड़ित ने आयुक्त, डीएम एवं डीएसओ से शिकायत की है। मामला विकासखंड रुपईडीह के ग्राम भंगहा का है। राजमणि विश्वकर्मा ने बताया कि उसका आठ यूनिट का राशन कार्ड बना है। सरकारी दुकान से खाद्यान्न मार्च महीने तक प्राप्त किया। इस माह जब वह खाद्यान्न लेने दुकान पर गया तो पता चला कि उसका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया। परिवार के भरण पोषण का मात्र यह राशन कार्ड ही सहारा था। राजमणि ने आयुक्त देवीपाटन मंडल, जिलाधिकारी तथा जिला पूर्ति अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर राशन कार्ड बहाल किए जाने की मांग की है।

# खनन माफिया हाफिज के घर दूसरी पत्नी का दावा पड़ा भारी, विवाहिता पर टूटा कहर

- धोखे से निकाह का आरोप, विरोध करने पर लाठी-डंडों से पिटाई हाफिज अली समेत 11 आरोपी नामजद

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** चकरसूल निवासी खनन माफिया हाफिज अली के परिवार से जुड़ा एक मामला सामने आया है, जहां हक की लड़ाई लड़ रही एक विवाहिता को कथित तौर पर बेरहमी से पीटा गया। पुलिस ने हाफिज अली समेत 11 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मंगलवार की सुबह करीब 11:30 बजे पारिवारिक विवाद ने उस वक्त हिंसक रूप ले लिया, जब खुद को दूसरी पत्नी बताने वाली नवविवाहिता हाजिरा बेगम को कथित तौर पर ससुराल पक्ष के विरोध का सामना करना पड़ा। पीड़िता ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि करीब दो वर्ष पूर्व उसका निकाह लायक अली उर्फ शेरा के साथ हुआ था तब से वह उसी के साथ रह रही है लेकिन उससे यह सच्चाई छुपाई गई कि वह पहले से शादीशुदा है। हाजिरा के मुताबिक, लायक अली की पहली पत्नी नुसरत फातिमा है, जिससे उसके दो बच्चे भी हैं। इस तथ्य की जानकारी होने के बाद जब उसने अपने वैवाहिक अधिकारों की मांग की, तो परिवार के लोग उसके खिलाफ हो गए और उसे घर में रखने से इनकार करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि कुख्यात खनन माफिया हाफिज अली अपने भाई लायक अली, मुबारक अली, लियाकत अली, कायम अली, बेटों आरिफ सैय्यद और असद सैय्यद, तथा भतीजे आशिफ और फहीम के साथ मिलकर उसे जबरन घर से निकालने लगे। जब हाजिरा ने इसका विरोध किया, तो माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि सभी ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान परिवार की महिलाएं नुसरत फातिमा और नाहीदा भी कथित रूप से हमले में शामिल रहीं और पीड़िता के साथ अभद्र व्यवहार किया। घायल हाजिरा किसी तरह वहां से निकलकर थाने पहुंची और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने हाफिज अली समेत 11 आरोपियों के खिलाफ बलवा, मारपीट व गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**आंकड़े** — एसआईआर के बाद सामने आया लगभग 23 फीसदी का अंतर

# मतदाता सूची में बड़ा अंतर, आधी आबादी की भागीदारी घटी

- उतरौला विधानसभा क्षेत्र में हटे सबसे ज्यादा मतदाता

सुशील सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचार :** विधानसभा मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जिले में मतदाताओं के आंकड़ों ने नई बहस छेड़ दी है। महिला मतदाताओं की संख्या में आई बड़ी गिरावट से चुनावी संतुलन प्रभावित होने के संकेत मिल रहे हैं।

ताजा स्थिति में महिला और पुरुष मतदाताओं के बीच करीब 23 प्रतिशत का अंतर दर्ज किया गया है जिसने राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी है।

जिले की चारों विधानसभा सीटों पर महिला मतदाताओं के नाम बड़ी संख्या में सूची से हटे हैं। सबसे अधिक असर उतरौला विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिला जहां 47,772 महिलाओं के नाम सूची से बाहर हो गए।

बलरामपुर में 47,542, तुलसीपुर में 31,820 और गैसड़ी में 28,984 महिला मतदाता सूची से हटाई गई हैं। यह स्थिति चुनावी दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

नेपाल सीमा से सटे इस जिले में सामाजिक और भौगोलिक परिस्थितियां भी इस बदलाव की वजह मानी जा रही हैं। बड़ी संख्या में बेटियों की शादी दूसरे जिलों या नेपाल में होने के कारण उनका निवास स्थान बदल गया है। विपक्षी दल जहां सत्यापन प्रक्रिया में कमी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं वहीं सत्तापक्ष इसे स्वाभाविक स्थानांतरण का परिणाम बता रहा है।

तुलसीपुर, गैसड़ी, उतरौला और बलरामपुर विधानसभा क्षेत्रों वाले इस जिले में वर्तमान में तीन सीटों पर भाजपा और एक पर सपा का कब्जा है। ऐसे में मतदाताओं की संख्या में यह बदलाव आने वाले चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

इस संबंध में राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मतदाता संख्या में असंतुलन से न केवल परिणाम प्रभावित होते हैं बल्कि दलों की जमीनी पकड़ भी कमजोर हो सकती है।

अब सभी दलों ने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की गहन जांच करने और छूटे हुए नामों को जुड़वाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए भी अभियान चलाने की रणनीति बनाई जा रही है।

जिले में कुल महिला मतदाताओं की संख्या 5,73,091 दर्ज की गई है जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 7,37,627 है। यह अंतर आगामी चुनावों में बड़ा प्रभाव डाल सकता है। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ तो कई सीटों पर अप्रत्याशित नतीजे सामने आ सकते हैं।

# पावर हाउस के सामने जलमग्न भूमि पर फिर किया गया कब्जा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** तहसील मुख्यालय से चंद कदम दूरी पर पॉवर हाउस के सामने गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित सरकारी जलमग्न भूमि, सिंघाड़े के लिए आरक्षित तालाब व नालों पर एक बार फिर कब्जे का सिलसिला तेज हो गया है। भूमाफिया रातों-रात मिट्टी पटाई कर भूमि को समतल कर कब्जा जमाने में जुटे हैं।

पिछले वर्ष भी इसी स्थान पर अवैध मिट्टी पटाई की शिकायत मिलने पर एसडीएम नेहा मिश्रा ने हस्तक्षेप करते हुए पुलिस व राजस्व टीम को मौके पर भेजकर कार्य रुकवाया था। साथ ही नगर पालिका को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक भूमाफियाओं के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। इसी का फायदा उठाते हुए अब गोंडा-लखनऊ मार्ग की दूसरी पटरी पर भी जलमग्न भूमि पर रातों-रात मिट्टी डालकर कब्जा करने का काम किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो सरकारी तालाब और नाले पूरी तरह समाप्त हो जाएंगे, जिससे जल निकासी व्यवस्था भी प्रभावित होगी। लेखपाल विकास सिंह ने बताया कि पैमाइश के बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। वहीं उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने कहा कि मामला संज्ञान में है और नगर पालिका सहित पुलिस व राजस्व टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही तालाब को उसके पुराने स्वरूप में बहाल किया जाएगा।

**सरयू डिग्री कालेज करनैलगंज-गोण्डा**
(सम्बद्ध : मा0 पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर)
9415458212, 9838989000, 9648469000, 9984223300

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर उर्दू राजनीति विज्ञान, रसायन विज्ञान, प्राणि विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित है–

**अर्हता–** स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको सहित, यू0जी0सी0 रेगुलेशन प्रमाणपत्र सहित पी–एच0डी0 उपाधि अथवा यू0जी0सी0 नेट प्रमाणपत्र।

**वेतन–** यू0जी0सी0/उत्तर प्रदेश शासन/मा0 पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

**नोट–** यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन–पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधिपत्रों एवं अनुभव की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर आवेदन करें।

प्रबन्धक

न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

**इकौना, श्रावस्ती:** नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र के कल्यानपुर निवासी रफीक (36) पुत्र कुतुब सोमवार देर शाम को बाइक से कटरा से पटना कोटार की ओर जा रहा था। इस दौरान कटरा–बीरपुर मार्ग पर पटना कोटार के पास पहुंचते ही पटना कोटार निवासी आदित्य (8) पुत्र प्रमोद मौर्य अचानक बाइक के सामने आ गया। इससे बालक को टक्कर मारते हुए रफीक बाइक समेत गिर गया। हादसे में दोनों घायल हो गए। बालक को पास के ही निजी चिकित्सक के यहां जबकि बाइक सवार रफीक को एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज बहराइच पहुंचने पर उसे हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया जहां उसकी मौत हो गई।

### पिकअप की टक्कर से दंपति घायल

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुजंगा के मजरा नौसहरा निवासी राजकुमार (24) बाइक से सोमवार देर शाम सेमरी से वापस घर लौट रहा था। साथ ही उसकी पत्नी रीना (20) भी बाइक पर सवार थी। भिनगा–सेमरी मार्ग पर ग्राम मखखनपुरवा के निकट सामने से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप से बाइक टकरा गई। दुर्घटना में दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा पहुंचाया। वहीं, चालक मौके से पिकअप लेकर भागने में सफल रहा।

### पेड़ से गिरकर बालिका घायल, चल रहा इलाज

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पाराबन निवासी नाजमा (10) मंगलवार को गांव के बाहर स्थित बाग में बच्चों के साथ आम के पेड़ पर चढ़कर खेल रही थी। इसी बीच उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गई। बच्चों ने घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी।

### दो वांछित समेत 13 आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** सिरसिया थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी को पीलीभीत के थाना बीसलपुर के बरसिया निवासी अतुल भगा ले गया था। उसे मंगलवार को पुलिस ने नहर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध कार्रवाई कर जेल भेजा है। वही सिरसिया पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम में वांछित इकौना के पीपल चौराहा निवासी मुंशारिफ की पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वही जिला पुलिस ने मंगलवार अभियान चलाकर अलग अलग थाना क्षेत्र से 11 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

## संविधान निर्माता की जयंती पर जिले में कई जगह हुए कार्यक्रम

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** आंबेडकर जयंती के अवसर पर मंगलवार को सबलापुर स्थित डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन और विचारों को याद किया गया। उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहेब के सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा दिखाते हैं। प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी ने उनके समानता और शिक्षा के लिए किए गए संघर्ष को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को आंबेडकर के आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर नीलेश तिवारी, रविंद्र कुमार, नीलकमल दीक्षित, महेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र तिवारी, गुरु प्रसाद शुक्ला, राबिया, आयुषी, पवक, मथन, राजनारायण द्विवेदी आदि रहे।



डॉ. सर्वेश शुक्ला के आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में मनाई गई आंबेडकर जयंती। अमृत विचार

**बड़का गांव में आयोजित शिविर में 311 को मिली सुविधा**

**पयागपुर, बहराइच:** सीएमओ डॉ. संजय कुमार शर्मा के निर्देशन में पयागपुर क्षेत्र में बड़कागांव हसुवापारा में स्वास्थ्य एवं जन-जागरूकता शिविर लगाए गए। शुभारंभ सदस्य विधान परिषद बहराइच श्रावस्ती डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी एवं जिला प्रचारक अजय ब्लाक प्रमुख पयागपुर समय प्रसाद मिश्रा द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित के पश्चात फीता काट कर किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की। 23 लोगों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड आयुष्मान मित्र रोहित मिश्रा सूरजभान गिरि द्वारा बनाया गया। एमएलसी ने कहा चिकित्सक के जीवन में सेवा भाव सर्वोपरि होता है। 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के मूल मंत्र के साथ इस तरह के आयोजन वंचितों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। संयोजक अनिल मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताया। इस दौरान डॉ. शरद भारती, डॉ, अशोक कुमार बीपीएम अनुपम शुक्ल द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में अनिल मिश्रा, ओम प्रकाश पांडेय, मोहित पाण्डेय, गुड्डू भृगुनाथ मिश्रा, जगदेव पाण्डेय पंकज, राजेंद्र यादव आदि रहे।



स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करतीं एमएलसी व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि। अमृत विचार

# मानवाधिकारों के सशक्त प्रहरी थे बाबा साहेब

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** भाजपा ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया।

भाजपा कार्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में डॉ. साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए जिलाध्यक्ष ने उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा डॉ. साहेब केवल संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के सशक्त प्रहरी थे। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा प्राप्त कर समाज में व्याप्त ऊंच-नीच और भेदभाव के विरुद्ध आवाज बुलंद की थी जो आज के युग में भी प्रासंगिक है।



भाजपा कार्यालय में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

जिला मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला ने बताया पार्टी जिले के सभी बूथों पर बाबा साहेब की जयंती को स्वच्छता अभियान और दीपोत्सव के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

इसी कड़ी में जनपद के छह अनुसूचित जाति छात्रावासों में विशेष संवाद कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रिसिया में सांसद आनंद गोंड, राजकीय बालक छात्रावास महाराजगंज में विधायक अनुपमा जायसवाल और राजकीय बालिका छात्रावास गेंदघर में एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी ने शिरकत की। वहीं कस्तूरबा महिला छात्रावास बिछिया में विधायक सरोज सोनकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित राजकीय बालिका छात्रावास में चेयरमैन सुधा टेकड़ीवाल तथा रूपईडीहा के राजकीय बालक छात्रावास में चेयरमैन उमाशंकर वैश्य सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारियों ने छात्रों से सीधा संवाद किया। वक्ताओं ने वंचितों के उत्थान के लिए बाबा साहेब द्वारा किए गए संघर्षों को याद करते हुए नई पीढ़ी को उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

## पति की मारपीट और जान से मारने की धमकी से महिला दहशत में, केस दर्ज

**जरवलरोड, बहराइच:** थाना जरवलरोड क्षेत्र के गुलरिहा मो० मुस्तफाबाद गांव की रहने वाली एक महिला ने अपने पति पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता सीमा पत्नी विजय कुमार ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पति विजय कुमार पुत्र महादेव ने 10 अप्रैल 2026 को घर के बर्तन और सामान ले जाकर बेच दिया। जब उसने इस संबंध में पूछताछ की, तो आरोपी पति ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि 11 अप्रैल 2026 को भी इसी बात को लेकर पति ने दोबारा उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। घटना में महिला को गंभीर चोटें आई हैं। मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है।



बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते सांसद आनंद गोंड। अमृत विचार

### सांसद ने किया बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण

**बहराइच, अमृत विचार :** भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ती के अवसर पर सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रिसिया में ग्रेनाइट पत्थर से नवनिर्मित बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी 08 फिट ऊंची मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर सांसद डॉ. गोंड ने बाबा साहब के कृतित्व एवं संविधान की मूल भावना से छात्राओं को परिचित कराते हुए कहा कि हम सभी को बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए शिक्षित व संगठित रहना होगा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में बाबा साहब के चित्रों पर आधारित लगायी गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री रणविजय सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पांडे, प्रधानाचार्य अंगद कुमार, सहायक प्रबंधक देवव्रत शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कंचन गौरव सम्मान से सम्मानित किए गए अध्यापक

## कंचन कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षाविद और लोकतंत्र सेनानी संत स्वरूप श्रीवास्तव की मनाई गई पुण्यतिथि

संवाददाता कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** शिक्षाविद् तथा लोकतंत्र सेनानी स्व. संत स्वरूप श्रीवास्तव की 25वीं पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय प्रबंधक सहित सभी शिक्षकों ने स्व. संत स्वरूप श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रध्दांजलि अर्पित किया। विद्यालय प्रबंधक एम. श्रीवास्तव ने संत स्वरूप श्रीवास्तव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों व सिद्धांतों का अनुसरण करने की बात कही। संबोधन के पश्चात विद्यालय की उपनिदेशक संगीता श्रीवास्तव व डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव व अमित श्रीवास्तव ने चित्रकला प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागी मारिया, बेगम, अर्श, शिवम दुआ, आकांक्षा, जया, दिव्या, गरिमा, इल्मा, ऋषभ, नैन्सी, सार्थक, श्रृद्धि, सचिन, शिवानी, सलोनी, मरियम, सपना, इल्मा खातून, आस्था सिंह, अनु राजपूत, नैन्सी, तान्या, अफसान, आस्था गुप्ता, सानिया, ऋद्धि, फजलुररहमान, नवनीत, नूरी, ज़िकरा, हिमांशी, राधिका, विभा, परी, अदीबाशिमला, मिस्बा, लक्ष्य, रुद्रांश, अभिश्री, मिश्कात, शारिब, खुशबू, शौर्य, सना, दिव्यांशी, महक को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके बाद शिक्षक एसके सिंह, केके मौर्या, डा. पंकज शुक्ला, विजय मिश्रा, रंजीत सिंह, मो. माजिद प्रदीप श्रीवास्तव, अबरार अहमद, रामजी मिश्रा, रमाकांत त्रिपाठी, पवन सिंह, सिद्धार्थ, आदित्य, नसीब अहमद, नीरज, मालती सिंह, शीबा, उम्मे रूबी, ज्योति सिंह, सुधा सिंह, प्रीति, फलक, रूबी मौर्या, क्षमा सिंह, कंचन गुप्ता, उर्फी, प्रज्ञा पाण्डेय, दिव्याशी, श्रयांशी, प्रियंका, डेजी सिंह, कमलेश्वर यादव, आदि शिक्षक-शिक्षकाओं कंचन गौरव सम्मान से सम्मानित किया।



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किये गये शिक्षक और बच्चे। अमृत विचार

### पुलिस व एसएसबी ने सीमा पर किया गश्त



नेपाल सीमा पर गश्त करती पुलिस व एसएसबी की टीम। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** इंडो–नेपाल सीमा सुरक्षा को लेकर सोमवार की देर शाम सिरसिया थाना प्रभारी शैलकांत उपाध्याय ने पुलिस व एसएसबी टीम के साथ गश्त की। थाना प्रभारी टीम के साथ सुईया बॉर्डर पहुंचे और पैदल गश्त की। उन्होंने सीमावर्ती गांव व नो मेंस लैंड का भी भ्रमण किया और सुरक्षा का जायजा लिया। इस दौरान सीमा क्षेत्र से गुजरने वाले बाइक व चार पहिया वाहनों को रोककर उनकी तलाशी ली और वाहन चालकों से यात्रा संबंधी जानकारी ली। थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या वस्तु दिखने पर तत्काल नजदीकी थाना व डॉयल 112 पर सूचना देने के प्रति जागरूक किया।

### पूर्व सांसद ने जताई शोक संवेदना



समाजसेवी के घर शोक संवेदना व्यक्त करते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह।

**जरवल रोड, बहराइच :** स्थानीय जरवल रोड बाजार निवासी समाजसेवी हीरो एजेंसी के मालिक कृष्ण कुमार गुप्ता के निधन की सूचना पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए इस दुख की घड़ी में साहस बनाए रखने की बात कही। इस दौरान मोहित पोरवाल एवं परिवार के अन्य सदस्यों को सांत्वना दी गई। मौके पर शरद पोरवाल, राकेश गुप्ता बहादुर गुप्ता विकास सिंह सौरभ कसौधन, शैलेंद्र पोरवाल, चंदन गुप्ता, धरमदत्त सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आग से पांच घर व दस बीघा गेहूं की पराली जली

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** सिरसिया क्षेत्र में मंगलवार को दो स्थानों पर अग्निकांड की घटना हुई। आग में पांच घर व 10 बीघे गेहूं की पराली जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। सिरसिया थाना क्षेत्र के बैरिहवा गांव में अज्ञात कारणों से गंगाराम के घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने बगल के ही बंशीलाल, जगमोहन, पहलवान व राम खेलावन के घर को भी अपनी आगोश में ले लिया। इस दौरान गांव में अफरा तफरी मच गई। लोग आग बुझाने की कोशिश करने लगे लेकिन आग की लपटों के आगे वेबश नजर अए। लोगों की ओर से अग्निकांड की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक लाखों का नुकसान हो गया। इसी तरह सिरसिया क्षेत्र के ही ग्राम पंचायत गब्बापुर कला में रामपुर बांध जाने वाले मार्ग पर गब्बापुर गांव के पास ही जर्जर बिजली की लाइन का तार टूटकर गिर गया। देखते ही देखते ग्रामीण अशीष शुक्ला के खेत में लगे गेहूं की ढंठल में आग लग गई। अग्निकांड की घटना देख ग्रामीण मौके पर एकत्र होकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन हवा चलने के कारण आग तेजी से गांव की ओर बढ़ रही थी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। प्रधान प्रतिनिधि रवि त्रिपाठी ने बताया कि बिजली का तार ढीला व जर्जर है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा के ग्राम अकबरपुर भेंड़हिया निवासी एक युवक की मंगलवार संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर भेड़हिया निवासी विजय कुमार वर्मा (22) मंगलवार को खेत जोतने गया था। वह खेत में लगे पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे फंदे से उतारकर जिला चिकित्सालय भिनगा लाए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई रंजीत वर्मा का आरोप है कि विजय सुबह घर से ट्रैक्टर लेकर गांव के एक व्यक्ति का खेत जोतने के लिए गया था। गांव के बाहर ट्रैक्टर खड़ा कर वह कहीं चला गया। बाद में दूसरा भाई भरतलाल वर्मा ट्रैक्टर लेकर गांव के ही सद्दीक का खेत जोतने चला गया। चचेरी बहनों ने घटना की जानकारी दी। उसे जिला चिकित्सालय लाया गया यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# आग ने मचाई तबाही, गेहूं की फसल राख

- पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत शिवदहा कंजेभरिया गांव में हुई घटना

संवाददाता खुटेहना, बहराइच

**अमृत विचार:** पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत शिवदहा कंजेभरिया गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक लगी भीषण आग ने किसानों की खड़ी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही देर में कई बीघा खेत में खड़ी फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई।

बताया जा रहा है कि आग इतनी तेजी से फैली कि ग्रामीणों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। खेतों में लहलहाती गेहूं की फसल, जो किसानों की सालभर की मेहनत और उम्मीद का सहारा थी, आग की लपटों में स्वाहा हो गई। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई दे रहा था, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। बाल्टियों, पंपसेट और ट्रैक्टर की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। कई किसानों की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक झटका लगा है।



आग से तबाह हुई गेहूं की फसल। अमृत विचार

## युवा संवाद में शामिल हो रवि ने बढ़ाया जिले का मान

**इकौना, श्रावस्ती:** इकौना नगर के छात्र ने लखनऊ में युवा एवं खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित माय भारत बजट क्वेस्ट यूथ संवाद 2026 में प्रतिभाग कर जिले का नाम रौशन किया है। इकौना के तिलक नगर निवासी बीएससी के छात्र रवि साहू का चयन युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित माय भारत बजट क्वेस्ट यूथ डायलॉग 2026 में सहभागिता के लिए माय भारत पोर्टल के माध्यम से अखिल भारतीय त्रिस्तरीय स्क्रीनिंग के जरिए हुआ। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 12 व13 अप्रैल को आयोजित किया गया। इसमें देश के विभिन्न जिलों से चयनित युवाओं ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने नीति निर्धारकों के साथ विचार-विमर्श किया। जहां उन्हें नीति निर्माण और बजट प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। आर्थिक रूप से साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र की उपलब्धि पर नगर के लोगों ने छात्र के घर पहुंच कर बधाई दी।

## सड़क दुर्घटना में युवक की गई जान

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** गिलौला थाना क्षेत्र के मसढ़ी चौराहे पर सोमवार को एक ऑटो रिक्शा व बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। बहराइच के थाना पयागपुर क्षेत्र के ग्राम पिपरिया निवासी कौशल (23) पुते ढोढे के गिलौला के ग्राम चंद्रावा अपने मामा के घर आए थे, जहां से देर शाम वह वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह बाइक लेकर थाना क्षेत्र के मसढ़ी चौराहे के पास पहुंचे। तभी उनकी बाइक की टक्कर एक ऑटो रिक्शा से हो गई।

धर्म–कर्म

भूपगंज में रामकथा के छठे दिन उमड़ी भारी भीड़

# मनुष्य के हाथ में है स्वर्ग व नरक की राह : अयोध्या प्रसाद

संवाददाता पयागपुर बहराइच

**अमृत विचार:** गायत्री नव चेतना विस्तार केंद्र के तत्वावधान में भूपगंज बाजार स्थित रामलीला मैदान पर आयोजित सात दिवसीय रामकथा एवं गायत्री महायज्ञ के छठे दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित अयोध्या प्रसाद त्रिपाठी ने 'कर्मफल सिद्धांत' पर मार्मिक व्याख्यान देते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया कथावाचक ने जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य दैवी और आसुरी दोनों शक्तियों का मिश्रण है। वह एक ऐसे मिलन बिंदु पर खड़ा है जहाँ से स्वर्ग और नरक दोनों के मार्ग जाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा मनुष्य अपनी रुचि के अनुसार चुनाव करने के लिए स्वतंत्र है। यदि वह मानवता और देवत्व को अपनाता है, तो स्वर्णिम परिस्थितियों का आनंद लेता है, लेकिन यदि वह पशुता और असुरता का वरण करता है, तो उसे नरक जैसी अशांत और क्षुब्ध मनोदशा में झुलसना पड़ता है कथा में प्रवाचक तिवारी ने आगे बताया गया कि जो व्यक्ति काम, क्रोध, मद और लोभ के 'अंधकूप' में गिरा है, वह ईश्वर के वास्तविक स्वरूप को नहीं देख सकता। जिस तरह कुएं में पड़ा व्यक्ति संसार का विस्तार नहीं देख पाता, वैसे ही विकारों से घिरा व्यक्ति प्रभु की महिमा से वंचित रह जाता है इस अवसर पर संगत टोली द्वारा प्रस्तुत भजन "जीते जी कर्मों के फल से न बच पाओगे, चलना बहुत संभाल के" ने पांडाल में मौजूद हर व्यक्ति को भावविभोर कर दिया अध्यात्म को व्यवहारिक जीवन से जोड़ते हुए महायज्ञ के दौरान विभिन्न वैदिक संस्कार भी संपन्न कराए गए। इसमें पुंसवन संस्कार (4), विद्यारंभ (8), जन्म दिवस पूजन (5), नामकरण (10), गुरुदीक्षा (10) और अन्नप्राशन (10) सहित कुल कई संस्कार विधि-विधान से पूरे किए गए कथा के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बालेन्द्र श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। गायत्री परिवार के परिव्राजक ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने उन्हें तिलक लगाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया इस आध्यात्मिक आयोजन में मुख्य रूप से यजमान वशिष्ठ त्रिपाठी, श्याम बिहारी अग्रवाल, मालिकराम शर्मा, अनुराग कश्यप, अनिल सिंह, संतोष ठेकेदार सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु देर रात तक कथा का अमृतपान करते रहे।



कथा कहते पं. अयोध्या प्रसाद त्रिपाठी।

## पयागपुर में भव्य होगा परशुराम जन्मोत्सव, जुटेंगे सनातनी

**पयागपुर, बहराइच :** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव इस बार पयागपुर में ऐतिहासिक होगा। सवर्ण आर्मी के तत्वावधान में आगामी 19 अप्रैल (अक्षय तृतीया) को जूनियर हाई स्कूल के मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के जाने-माने विचारक और दार्शनिक समाज को संबोधित करेंगे मंगलवार को पयागपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान सवर्ण आर्मी के चीफ सर्वेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम को लेकर समाज में कई भ्रांतियां फैलाई गई हैं, जबकि वे अन्याय के खिलाफ संघर्ष के प्रतीक थे। इस आयोजन का उद्देश्य उनके वास्तविक स्वरूप और न्यायप्रियता से समाज को रूबरू कराना है कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में देश के प्रसिद्ध विद्वान और शिक्षाविद अरुण प्रकाश पांडेय उपस्थित रहेंगे। आयोजन में आसपास के जिलों के प्रतिनिधि, अधिवक्ता, शिक्षाविद और विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग भी शिरकत करेंगे।

# अमृत विचार

बुधवार, 15 अप्रैल 2026




नज़रिया एक छोटी सी चीज़ है, जो बड़ा फर्क पैदा करती है।
-विंस्टन चर्चिल, इंग्लैंड के पूर्व प्रधानमंत्री



## असंतोष का उफान

नोएडा में मजदूरों-कर्मचारियों का हालिया उग्र प्रदर्शन भारत के औद्योगिक ढांचे में गहरे पैठे असंतोष का लक्षण है। यह घटना उद्योग और श्रम संबंधों के उस लंबे समय से दमित और तनावपूर्ण असंतुलन की ओर इशारा करती है, जो अब फूट पड़ा है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इस प्रदर्शन का कोई स्पष्ट पारंपरिक नेतृत्व नहीं था। तथाकथित 'जेनजी' श्रमिकों की अग्रिम भूमिका यह संकेत देती है कि पारंपरिक यूनियनें अप्रासंगिक नहीं हुईं हों, पर ट्रेड यूनियनों का प्रभाव कमजोर अवश्य हुआ है। नई पीढ़ी जिस तरह अधिक त्वरित, डिजिटल और स्वतः स्फूर्त संगठन की ओर बढ़ रही, उससे श्रम आंदोलन अधिक अनिश्चित और असंगठित हो गया है, जहां संवाद के औपचारिक मंच कमजोर पड़ते हैं और टकराव की संभावना बढ़ती है। प्रदर्शन के उग्र होने में प्रशासनिक विफलता स्पष्ट दिखती है। पांच दिन से चल रहे विरोध-प्रदर्शन के बावजूद पुलिस और प्रशासन आकलन नहीं कर पाया।

खुफिया निगरानी में कमी, श्रमिक असंतोष की गहराई को न समझ पाना और समय रहते संवाद स्थापित न करना, ये सभी कारण इस विफलता के साफ संकेत हैं। घटना का मूल कारण श्रमिकों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में निहित है। दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे सटे राज्यों में अकुशल श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में भारी अंतर है, दिल्ली में अकुशल श्रमिक को लगभग 20 हजार रुपये, हरियाणा में 15 हजार से अधिक और उत्तर प्रदेश में 11,313 रुपये मिलना असमान श्रम बाजार की तस्वीर प्रस्तुत करता है। सवाल यह है कि क्या इनमें से कोई भी वेतन आज की महंगाई, निजी शिक्षा-स्वास्थ्य और शहरी जीवन यापन की लागत के अनुरूप है? एक छोटे परिवार के लिए किराया, राशन, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन का खर्च जोड़ें तो वर्तमान न्यूनतम वेतन जीवनयापन के न्यूनतम मानकों को भी पूरा नहीं करता। ऐसे में 12 घंटे काम, ओवरटाइम का उचित भुगतान न होना, सुरक्षा मानकों की अनदेखी और श्रमिक कल्याण योजनाओं का अभाव, यह सब मिलकर असंतोष को विस्फोटक बनाते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उच्च स्तरीय समिति और न्यूनतम वेतन संशोधन जैसे कदम स्वागतयोग्य हैं, परंतु यह केवल तात्कालिक राहत हैं। जब तक श्रम कानूनों का कठोर क्रियान्वयन, निरीक्षण तंत्र की मजबूती और उद्योगों की जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक स्थिति में स्थायी सुधार संभव नहीं है।

न्यूनतम वेतन निर्धारण का आधार केवल 'जीवित रहने' की लागत नहीं, बल्कि उसमें 'सम्मानजनक जीवन', सामाजिक सुरक्षा भी शामिल हो। राज्यों के बीच वेतन असमानता को कम करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक संतुलित ढांचा बने। श्रमिक आंदोलन भी हिंसा से दूर रहें। हिंसा से न केवल वैध मांगें कमजोर होती हैं, बल्कि श्रमिक खुद कानूनी और प्रशासनिक दबाव में आ जाते हैं। यदि कोई बाहरी तत्व हिंसा भड़काने का प्रयास करता है, तो उसे सख्ती से अलग करना होगा। कुल मिलाकर यह घटना सरकार, उद्योग और समाज— तीनों के लिए चेतावनी है कि यदि श्रमिक असंतोष को समय रहते संवाद, न्यायपूर्ण वेतन और सुरक्षित कार्यस्थल के माध्यम से शांत नहीं किया गया, तो बड़े संकट का रूप ले सकता है।

### प्रसंगवश

## नारी सशक्तिकरण के बीच पुरुष संवेदनाओं की अनदेखी

देश के विभिन्न हिस्सों विशेषकर दिल्ली, गुरुग्राम और जयपुर से ऐसी खबरें सामने आई हैं, जहां पुरुषों ने मानसिक तनाव, आर्थिक दबाव और वैवाहिक विवादों के कारण कठोर कदम उठाए। ये घटनाएं केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं हैं, बल्कि समाज की उस सोच को दर्शाती हैं, जहां पुरुषों को अपनी भावनाएं व्यक्त करने का अवसर नहीं मिलता। वर्तमान समय में भारतीय समाज एक गहरे परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। नारी सशक्तिकरण ने महिलाओं को नई पहचान, आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता प्रदान की है, जो एक सकारात्मक और आवश्यक सामाजिक बदलाव है, किंतु इस परिवर्तन के साथ एक और पहलू उभर कर सामने आ रहा है, पुरुषों की बदलती सामाजिक और मानसिक स्थिति, जिस पर अपेक्षित गंभीरता से विचार नहीं किया जा रहा।



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

रिसर्चगेट पर उपलब्ध कई हालिया शोध (2020–2024) बताते हैं कि 25–35% पुरुष मानसिक या भावनात्मक प्रताड़ना का सामना करते हैं। इंडियन फैमिली फाउंडेशन की रिपोर्ट्स में भी पुरुषों के उत्पीड़न और आत्महत्या के मामलों को एक गंभीर सामाजिक मुद्दा बताया गया है। देश में हाल ही में वैवाहिक विवादों और तलाक के मामलों में बढ़ोतरी चर्चा का विषय बनी है। पारिवारिक अदालतों में आने वाले मामलों से यह स्पष्ट होता है कि पति-पत्नी के बीच संवाद की कमी, आर्थिक दबाव और आपसी समझ की कमी रिश्तों को कमजोर कर रही है। तलाक के बाद पुरुषों को न केवल आर्थिक जिम्मेदारियों जैसे गुजारा भत्ता का बोझ उठाना पड़ता है, बल्कि अपने बच्चों से दूर रहने की पीड़ा भी सहनी पड़ती है।

क्या एक समाज सच में इस तरह सशक्त कहलाया जा सकता है, अगर वह केवल एक पक्ष की आवाज़ सुनता हो? नारी सशक्तिकरण का मूल उद्देश्य महिलाओं को समान अधिकार और अवसर प्रदान करना है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। यह परिवर्तन समाज के संतुलित विकास के लिए आवश्यक है। महिला और पुरुष, दोनों मिलकर समाज की आधारशिला हैं, लेकिन समानता का वास्तविक अर्थ केवल एक वर्ग को आगे बढ़ाना नहीं, बल्कि दोनों वर्गों के बीच संतुलन स्थापित करना है।

आज भी समाज में पुरुषों के लिए एक तय छवि बनाई गई है उन्हें मजबूत रहना है, जिम्मेदार बनना है और अपनी भावनाओं को दबाकर रखना है। बचपन से ही उन्हें सिखाया जाता है, 'मर्द बनो, रोते नहीं।' यही वाक्य उनके पूरे जीवन की दिशा तय कर देता है। वे अपने दर्द को छुपाना सीख जाते हैं, अपनी कमजोरी को स्वीकार करने से डरते हैं और धीरे-धीरे एक ऐसी खामोशी में जीने लगते हैं, जो बाहर से मजबूती दिखती है, लेकिन अंदर से उन्हें तोड़ती रहती है।

एक उदाहरण के रूप में देखें, एक व्यक्ति का वैवाहिक विवाद तलाक तक पहुंच गया। कानूनी प्रक्रिया के बाद उसे हर महीने आर्थिक सहायता देनी पड़ी और बच्चों से मिलने का समय भी सीमित हो गया। बाहर से वह सामान्य जीवन जीता हुआ दिखाई देता था, लेकिन अंदर से वह अकेलेपन और मानसिक तनाव से जूझ रहा था। उसने अपनी भावनाएं किसी से साझा नहीं कीं, क्योंकि उसे डर था कि समाज उसे कमजोर समझेगा। यह स्थिति केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि हजारों ऐसे पुरुषों की है जो रिश्तों की टूटन के बाद खामोशी में जी रहे हैं। (यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

## नदियां: आर्थिक लाभ बनाम पर्यावरणीय हानि





प्रो. नीलिमा गुप्ता
पूर्व कुलपति

भारत की नदियां देश की जीवनरेखा मानी जाती हैं। भारत में गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी जैसी प्रमुख नदियां न केवल जल का स्रोत हैं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और अर्थव्यवस्था का आधार भी हैं। इन नदियों के किनारे सभ्यताओं का विकास हुआ और आज भी करोड़ों लोगों की आजीविका इन पर निर्भर है, किन्तु वर्तमान समय में बढ़ते हुई शहरीकरण के कारण नदियों का प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुका है। औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और बढ़ती जनसंख्या के कारण नदियों में अपशिष्ट पदार्थों का अत्यधिक प्रवाह हो रहा है।

कारखानों से निकलने वाले रासायनिक कचरे, सीवेज का बिना शोधन के सीधे नदियों में प्रवाह, कृषि में उपयोग होने वाले रसायनों का बहाव तथा धार्मिक गतिविधियों में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्टों का विसर्जन, ये सभी कारक नदियों के जल को दूषित कर रहे हैं। इससे न केवल जल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि जलीय जीव-जंतुओं का जीवन भी संकट में पड़ गया है और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

भारत की नदियां देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कृषि क्षेत्र में सिंचाई का प्रमुख स्रोत नदियां ही हैं, जिससे खाद्यान्न उत्पादन बढ़ता है और देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है। आर्थिक दृष्टि से देखें तो भारत के कृषि क्षेत्र का सकल उत्पादन (Gross Value Added – GVA) लगभग 20–25 लाख करोड़ रुपये (हाल के वर्षों के अनुमान अनुसार) है, जिसमें सिंचाई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अनुमानतः इस कृषि उत्पादन का 55–60% हिस्सा सीधे या परोक्ष रूप से नदी-आधारित सिंचाई से जुड़ा हुआ है। इसका अर्थ है कि नदियों के माध्यम से होने वाली सिंचाई से ही लगभग 12–15 लाख करोड़ रुपये के कृषि उत्पादन को समर्थन मिलता है।

इसके अतिरिक्त, जलविद्युत उत्पादन में भी नदियों का विशेष योगदान है, जो स्वच्छ ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत है। भारत में स्थापित कुल जलविद्युत क्षमता लगभग 45–50 गीगावाट (GW) के आसपास है। नेशनल हाइड्रोलिक पॉवर कॉर्पोरेशन (NHPC) तथा विभिन्न राज्य विद्युत बोर्डों द्वारा संचालित परियोजनाएं नदियों पर आधारित हैं, जैसे कि टेहरी डैम, भाखड़ा नांगल डैम और सरदार सरोवर डैम। आर्थिक दृष्टि से देखें तो भारत में जलविद्युत उत्पादन से प्रतिवर्ष लगभग 1.5 से दो लाख करोड़ यूनिट (kWh) बिजली उत्पन्न होती है। यदि प्रति यूनिट औसत दर 4–5 मानी जाए, तो जलविद्युत से होने वाला वार्षिक राजस्व लगभग 60,000 करोड़ से 1,00,000 करोड़ के बीच आंका जा सकता है। यह राजस्व केंद्र और राज्य सरकारों, बिजली वितरण कंपनियों तथा निजी क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण आय का स्रोत हैं।

कई उद्योग नदियों के जल पर निर्भर करते हैं, जैसे वस्त्र, कागज, चीनी और रासायनिक उद्योग। नदियां अंतर्देशीय जल परिवहन का भी माध्यम हैं, जिससे माल ढुलाई सस्ती और सुगम होती है। नदियों से संबंधित उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण आधार हैं और इनके माध्यम से बड़े पैमाने पर राजस्व अर्जित होता है। गंगा, यमुना और कृष्णा जैसी नदियों के किनारे अनेक उद्योग विकसित हुए हैं, जो जल पर प्रत्यक्ष रूप से निर्भर हैं।

भारत में वस्त्र (टेक्सटाइल), कागज (पेपर), चीनी (शुगर), रासायनिक (केमिकल), खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) और चमड़ा (टेनरी) उद्योग मुख्यतः नदी जल का उपयोग करते हैं। अनुमानतः देश के लगभग 30–40% मध्यम और बड़े उद्योग किसी न किसी रूप में नदी जल पर निर्भर हैं। केवल वस्त्र उद्योग ही भारत में लगभग 10–12 लाख करोड़ के वार्षिक कारोबार का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें एक बड़ा हिस्सा नदी तटीय क्षेत्रों में स्थित इकाइयों से आता है।

यदि समग्र रूप से देखा जाए, तो नदी-आधारित औद्योगिक गतिविधियों से भारत को प्रतिवर्ष लगभग 15–20 लाख करोड़ तक का आर्थिक योगदान (टर्नओवर स्तर पर) प्राप्त होता है। इसमें प्रत्यक्ष उत्पादन, निर्यात और सहायक सेवाएं शामिल हैं। उदाहरण के लिए, कागज उद्योग का आकार लगभग 80,000 करोड़ से अधिक है, जबकि चीनी उद्योग भी एक लाख करोड़ से अधिक के स्तर पर योगदान देता है और ये दोनों ही उद्योग जल पर अत्यधिक निर्भर हैं।

मत्स्य पालन (फिशरीज) के माध्यम से भी लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। भारत विश्व के अग्रणी मत्स्य उत्पादक देशों में से एक है। कुल मत्स्य उत्पादन (समुद्री+आंतरिक) हाल के वर्षों में लगभग 160–180 लाख टन प्रतिवर्ष तक पहुंच चुका है। इसमें से लगभग 70–75% हिस्सा आंतरिक जल स्रोतों, जैसे- नदियों, झीलों, तालाबों और नहरों से आता है। इसका अर्थ है कि केवल नदी एवं संबंधित जल स्रोतों से ही लगभग 110–130 लाख टन मत्स्य उत्पादन होता है।

नदियों के प्रदूषण को रोकने के लिए कई प्रभावी उपाय किए जा सकते हैं। सबसे पहले, औद्योगिक अपशिष्टों के निस्तारण के लिए कड़े नियमों का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रत्येक उद्योग को अपने अपशिष्ट जल का शोधन करना अनिवार्य होना चाहिए। इसके साथ ही, नगरों में आधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) स्थापित किए जाने चाहिए, ताकि गंदा पानी साफ करके ही नदियों में छोड़ा जाए।

दूसरा महत्वपूर्ण उपाय है जनजागरूकता। जब तक आम जनता को नदियों के महत्व और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक कोई भी प्रयास पूर्ण रूप से सफल नहीं हो सकता। लोगों को यह समझाना आवश्यक है कि वे प्लास्टिक, कचरा और अन्य हानिकारक पदार्थ नदियों में न डालें। धार्मिक आयोजनों में भी पर्यावरण के अनुकूल सामग्री का उपयोग किया जाना चाहिए।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

भारत की नदियां देश की जीवन रेखा मानी जाती हैं। शहरीकरण के कारण नदियों के बढ़ते प्रदूषण को रोकना होगा, जिससे कि भारत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके।

### आमने सामने



टीएमसी के नेताओं ने बालू माफिया, पत्थर माफिया और 'कट मनी' के जरिए जनता का पैसा लूटा है। भाजपा की सरकार बनने पर यह पैसा सूद समेत वापस लौटाया जाएगा। टीएमसी का सिंडिकेट राज अब खत्म होने वाला है। बंगाल की जनता भाजपा के पक्ष में वोट दे और परिवर्तन लाए।
-अमित शाह
गृहमंत्री

19 राज्य और केंद्र सरकार मेरे खिलाफ एकजुट होकर लड़ रहे हैं। मैं अकेले आम लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही हूं। दिल्ली की ताकतों के सहारे भाजपा कभी बंगाल नहीं जीत पाएगी। मतदाता सतर्क रहें और लोकतांत्रिक अधिकारों का सही प्रयोग करें।
-ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल



## वैश्विक स्तर पर रणनीतिक धातु बनती चांदी



ऋषभ मिश्रा
असिस्टेंट प्रोफेसर
कानपुर आईआईटी

बीते एक साल में अगर किसी धातु ने सबसे ज्यादा चौंकाया है, तो वह चांदी है। कभी गरीब का 'सोना' कही जाने वाली चांदी ने सिर्फ पिछले 12 महीनों में करीब 180 फीसदी की जबरदस्त छलांग लगाकर उद्योग निवेशकों और नीति निर्माताओं तीनों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों और सोलर पैनलों में बढ़ते उपयोग ने चांदी को भविष्य की रणनीतिक धातु के रूप में स्थापित कर दिया है। इसकी तेज़ी में मांग एवं आपूर्ति (डिमांड-सप्लाई) का अंतर (गैप) प्रमुख वजह है ही साथ ही जियो-पॉलिटिक्स भी बड़ी भूमिका निभा रही है। वहीं दूसरी तरफ, दुनिया में चांदी के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक देश चीन द्वारा इस साल इसके निर्यात पर लगे अनेक प्रतिबंधों के चलते माना जा रहा है कि आने वाले महीनों में भी चांदी की चमक बरकरार रहेगी। वैसे चांदी में यह बढ़त केवल हालिया नहीं है, बीते 45 सालों में इसके दामों में करीब 88 गुना तक की बढ़ोतरी हो चुकी है।

वस्तुतः पहले चांदी का ज्यादातर इस्तेमाल केवल आभूषणों व बर्तनों इत्यादि तक ही सीमित था, लेकिन अब जैसे-जैसे ग्रीन एवं क्लीन एनर्जी की तरफ देश आगे बढ़ रहा है, इससे संबंधित उद्योगों जैसे इलेक्ट्रिक कारों की बैटरियों और सोलर पॉवर के पैनल्स में चांदी की खपत तेजी से बढ़ रही है। यह चांदी की मांग और इसके फलस्वरूप कीमतों की वृद्धि में सबसे मजबूत कारक (फैक्टर) बन गया है। एक अध्ययन के अनुसार ग्रीन एवं क्लीन एनर्जी तथा इसके अन्य उपकरणों में 59 फीसदी तक चांदी का उपयोग होने लगा है।

चांदी के खनन में बीते दस सालों में गिरावट देखी गई है। 'वर्ल्ड सिल्वर सर्वे' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2015 में चांदी का वैश्विक उत्पादन 89 करोड़ आउंस था, जो कि 2024 में गिरकर 82 करोड़ आउंस रह गया। यानी कि इसके उत्पादन में 8.6 फीसदी की गिरावट आई है, जबकि इसी अवधि में मांग में 17 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। मांग एवं आपूर्ति में यह अंतर (गैप) भी कीमतों को बढ़ा रहा है। लगभग 6300 टन उत्पादन के साथ मेक्सिको चांदी का सबसे बड़ा उत्पादक देश है।

बाजार के विशेषज्ञों व निवेशकों ने भी समझ लिया है कि चांदी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं है, इसलिए निवेशकों ने भी इसमें निवेश करना शुरू कर दिया है। इसके अतिरिक्त सेंट्रल बैंकों की नजर भी अब चांदी पर टिक गई है और उन्हें यह प्रतीत होता दिखाई दे रहा है कि वे अपने रिज़र्व में चांदी भी रख सकते हैं। इससे बाजार में चांदी की और भी अतिरिक्त मांग बढ़ने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2025 में चांदी पर किए गए निवेश में 150 से 180 फीसदी तक का रिटर्न मिला है।

चांदी के दाम बढ़ने के पीछे भू-राजनीतिक वजहें भी हैं। ट्रंप कैंप का मानना है कि भविष्य की जंग तेल नहीं बल्कि टेक्नोलॉजी और मेटल्स पर लड़ी जाएगी। इसी के चलते अमेरिका ने हाल ही में चांदी और तांबे को 'रेयर मेटल' (दुर्लभ धातुओं) की श्रेणी में डाल दिया है। इसके मद्देनज़र चीन ने भी चांदी के निर्यात पर सख्ती करनी शुरू कर दी है। इससे भी चांदी की कीमतों पर असर पड़ा है। एक रिपोर्ट के अनुसार चीन की निर्यात संबंधी सख्ती की वजह से वैश्विक स्तर पर चांदी की आपूर्ति 60 फीसदी तक घट सकती है।

वस्तुतः चांदी की मांग को पूरा करने में दो बड़ी तकनीकी समस्याएं हैं। पहला चांदी का लगभग 70-80 फीसदी उत्पादन अन्य धातुओं जैसे लेड, जिंक कॉपर या सोने की खदानों से 'बाय-प्रोडक्ट' के रूप में होता है। जब कोई धातु बाय-प्रोडक्ट होती है, तो उसका उत्पादन केवल उसकी अपनी मांग के हिसाब से नहीं बढ़ाया जा सकता है। दुनिया में बहुत कम खदानें ऐसी हैं जो केवल चांदी निकालती हैं।

दूसरा, चांदी का बड़ा हिस्सा सोलर पैनल, सेमीकंडक्टर और मेडिकल उपकरणों अथवा डिवाइसेस में इस्तेमाल किया जाता है। सोने के उलट इसका अधिकांश हिस्सा इन उत्पादों में स्थाई रूप से खप जाता है। साथ ही इसकी 'रिसाइक्लिंग' करना आर्थिक रूप से महंगा होता है। इसी वजह से यह एक तरह से बाजार से स्थाई रूप से बाहर निकल जाती है। यानी कि हर बार प्रोडक्ट में इस्तेमाल के लिए नई चांदी की जरूरत पड़ती है।

फोटोवोल्टिक सोलर पैनलों पर भी सिल्वर पेस्ट का उपयोग किया जाता है। गौरतलब है कि चांदी में सूर्य की रोशनी से उत्पन्न इलेक्ट्रॉनों को बेहद कम हानि के साथ प्रवाहित करने की क्षमता होती है। एक सोलर पैनल में 15 से 20 ग्राम चांदी लगती है। वहीं विशेषज्ञों के अनुसार दुनिया भर में 2030 तक सोलर क्षमता के 170 फीसदी तक बढ़ने का अनुमान है।

एक ईवी में औसतन 25 ग्राम तक चांदी लगती है। यह चांदी बटेरियों, वायरिंग पावर, इलेक्ट्रॉनिक्स कंट्रोल यूनिट्स और चार्जिंग स्टेशनों में इस्तेमाल होती है। ईवी के चलन के साथ ही चांदी की भी मांग बढ़ती जा रही है। अमेरिका में ही 2030 तक 2.8 करोड़ ईवी चार्जिंग पोर्ट्स लगाने की योजना है, जिनमें चांदी की बड़ी खपत होगी। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

चांदी ने सिर्फ पिछले 12 महीनों में करीब 180 फीसदी की जबरदस्त छलांग लगाकर उद्योग निवेशकों और नीति निर्माताओं तीनों का ध्यान खींचा है।

### सोशल फोरम

## फारसी के लफ्ज

ईरानी सिनेमा देखते समय बार-बार ये भी एहसास होता है कि फ़ारसी ज़बान के कितने लफ़्ज़ आज हमारी भाषा में चले आए हैं और यूं रच-बस गए हैं कि ख़याल भी नहीं आता ये पराये हैं। इधर मैंने यही प्रयोग किया कि ईरान की एक शॉर्ट फिल्म लगा ली और गिनने लगा कि इसमें ऐसे कितने लफ़्ज़ आते हैं, जिन्हें हम पहचानते हैं। एक दर्जन के बाद मैंने गिनना छोड़ दिया।



सुशोभित
लेखक

हिंदी ख़ुद एक फ़ारसी लफ़्ज़ है! हिंदू और हिंदुस्तान भी। ऋग्वेद में जो सप्त-सिंधु है, वही अवेस्ता ग्रंथों में हप्त-हिंदू करके आया है। हिंदू लफ़्ज़ की एटिमोलॉजी अगर आप खोजते-खोजते अतीत में चलते चले जाएं, तो फ़ारस की सरज़मीं पर ख़ुद को पाएंगे। इस शब्द का अरबी ज़बान से भी रिश्ता है। हिंदा- अरबी औरतों का एक प्रचलित नाम रहा है। इस्लामिक इतिहास की क़द्दावर शख़्सियत अबू-सूफ़्यान की बीवी का नाम हिंदा ही था।

बेशक, ईरानी फिल्मों में इन लफ़्ज़ों का उच्चारण थोड़ा फ़र्क़ होता है। जैसे युद्ध के लिए जंग शब्द हम अकसर इस्तेमाल करते हैं, उसको वो लोग 'जैंज' की तरह बोलते हैं। इंसानियत हमारा एक जाना-पहचाना शब्द है, इसे हम 'सा' पर हल्का-सा बलाघात देकर मोनोसिलेबिक अंदाज़ में बोल देते हैं, ईरानी लोग इसे थोड़ा खींचकर बोलेंगे- 'इंसाऽऽनियऽऽत', लेकिन शब्द वही है। इसे बोलने का संगीत और मिठास फ़ारसी में थोड़ा ज़्यादा है।

दारिउश मेहरजुई की फिल्म है- 'गाव'। यह वास्तव में 'गाय' शब्द है, जो गाय और काऊ के बीच एक सेतु बनाता है। इसी तरह माजिद माजिदी की फिल्म है- 'पेदार'। यह 'पिता' शब्द है- पितृ और फ़ादर के बीच सेतु बनाने वाला। इस तर्ज़ में सोचें तो आप इंडो-यूरोपियन ज़बानों के बीच एक लंबा तारतम्य पा सकते हैं। बीसियों ऐसे शब्द खोज सकते हैं।

आज बोलचाल की हिंदी में ऐसे कितने शब्द हैं, जो फ़ारसी ज़बान से आए हैं? कोई गिनती ही नहीं। सैकड़ों लफ़्ज़ हैं। कुछ तो ऐसे, जिनके बारे में हमें कभी ख़याल भी नहीं आता कि ये हमारे नहीं हैं। जैसे कि- कि, अगर, शहर, शुक्रिया, अंदर, दरवाज़ा, कुर्सी, दीवार, बाज़ार, सरकार, सब्ज़ी, दुनिया, ख़ुशी, हमेशा। हम इन शब्दों को रोज़ बोलते चले जाते हैं। वक़्त, ख़बर, अख़बार, माफ़ी, परेशानी, इम्तिहान, तक़दीर, ख़याल, अदालत, ज़िला, मेहरबानी- ये तमाम फ़ारसी के लफ़्ज़ हैं। भाषाएं जड़ नहीं होतीं। वो आपस में लड़ती नहीं। लगातार बहती और एक-दूसरे में घुलती-मिलती जाती हैं- पानी की तरह। -फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## वर्क कल्चर: समर्पण या छिपा हुआ प्रेशर

हाल ही में सोशल मीडिया पर शादी के दिन दूल्हा और दुल्हन के काम करने वाले ऐसे कई मामले वायरल हो रहे हैं, जिन्होंने वर्क लाइफ बैलेंस पर नई बहस छेड़ दी है। एक कंपनी के सीईओ ने गर्व के साथ बताया कि उनकी टीम का एक कर्मचारी अपनी शादी के दिन भी ऑनलाइन आकर काम के मैसेज का जवाब दे रहा था। सीईओ ने इसे समर्पण बताया, लेकिन इंटरनेट यूजर इस बात से सहमत नहीं दिखाई दे रहे हैं। लोगों ने सवाल उठाया कि अगर छुट्टी थी, तो काम के लिए मैसेज क्यों किया गया? क्या ये सच में समर्पण है या छिपा हुआ प्रेशर? कई यूजर्स ने कहा कि शादी जैसा खास दिन जिंदगी में बार-बार नहीं आता। ऐसे समय पर काम करना नहीं, बल्कि काम करवाना समस्या है। कुछ ने इसे टॉक्सिक वर्क कल्चर का उदाहरण भी बताया।



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

इसके बाद इस मुद्दे पर सीधी बहस छिड़ गई है। सवाल यह उठ रहा है कि काम जरूरी है, लेकिन क्या हर कीमत पर? असल में यह मामला सीधा-सादा नहीं है। सच कहा जाए, तो समर्पण बनाम दबाव की बहस में दोनों पक्षों में कुछ सच्चाई है, हालांकि पूरी तस्वीर समझने के लिए हमें इरादा, माहौल और सिस्टम तीनों को देखना पड़ेगा। कुछ लोग अपने काम को लेकर इतने समर्पित होते हैं कि वे खुद ही जुड़ाव बनाए रखते हैं। उन्हें लगता है कि जवाब दे देना कोई बड़ी बात नहीं है। वे अपनी टीम और प्रोजेक्ट को लेकर जवाबदेह महसूस करते हैं। अगर यह पूरी तरह स्वेच्छा है, तो इसे समर्पण कहा जा सकता है। सोशल मीडिया की प्रतिक्रिया इसलिए नकारात्मक थी, क्योंकि ऐसे मामलों में अक्सर बॉस या कंपनी की चाहत रहती है कि हर समय उपलब्ध रहो। न कहने पर कॅरियर पर प्रभाव पड़ने का डर रहता है।

कुछ लोगों का कहना है कि छुट्टी टेक्निकली होती है, पर व्यावहारिक नहीं। ऐसे में कर्मचारी खुद जवाब देता दिखता है, लेकिन निर्णय पूरी तरह उसका नहीं होता। सवाल यह उठता है कि शादी जैसा दिन क्यों मायने रखता है? असल में शादी कोई सामान्य दिन नहीं है। यह जिंदगी का दिन है, जो केवल एक बार आता है। ऐसे दिन काम करना इच्छा कम और कल्चर का प्रभाव ज्यादा लगता है, इसलिए लोगों ने इसे समर्पण नहीं, बल्कि बाउंड्री फेल्योर माना है। इन सब बातों के बीच असली मुद्दा वर्क कल्चर है। यह घटनाएं एक बड़े सवाल की तरफ इशारा करती हैं।

क्या कंपनी सच में कर्मचारियों को डिस्कनेक्ट करने की आजादी देती हैं या हमेशा उपलब्ध रहना ही सफलता का रास्ता बना दिया गया है? असल में हेल्दी वर्क कल्चर में छुट्टी का विकल्प होता है। जरूरी काम के लिए बैकअप सिस्टम होता है। कर्मचारी की व्यक्तिगत जिंदगी का सम्मान किया जाता है। कंपनी में काम करते समय कर्मचारी को छुट्टी मिलना एक जिम्मेदारी होती है।

सोशल मीडिया पर बहस इस बात पर भी छिड़ गई है कि काम जरूरी है, लेकिन हर कीमत पर नहीं। अगर छुट्टी वाले दिन भी कर्मचारी खुद खुशी से जुड़ा है, तो यह ठीक है। पर अगर सिस्टम ऐसा है कि उसे जुड़ना पड़ता है, तो यह समस्या मानी जानी चाहिए। असल में यह घटना किसी एक कर्मचारी की नहीं, बल्कि पूरे वर्क ईको सिस्टम की कहानी है। समर्पण तब तक अच्छा है, जब तक वह स्वतंत्रता से आता है, न कि किसी डर या दबाव की वजह से। वर्क कल्चर कोई सजावटी शब्द नहीं है। यह तय करता है कि नौकरी सिर्फ काम है या जिंदगी का हिस्सा। अच्छा वर्क कल्चर वह है, जहां काम प्रमुख है, लेकिन इंसान उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।





## सुपरहिट शो और पद्मश्री सम्मान

रेलिया बैरिन पिया को लिए जाए रे जैसे गीतों के जरिए मालिनी ने तमाम सुपरहिट शो दिए। उनकी कला साधना ने उन्हें पद्मश्री से पहले यशभारती सम्मान, कालिदास सम्मान और अवध सम्मान दिलाए। उनकी साधना ने उन्हें ऐसी पहचान दी कि पति अपर मुख्य सचिव रहे हों या मौजूदा समय में मुख्यमंत्री के सलाहकार हैं, लेकिन यह आरोप नहीं लगता कि बड़े अफसर की बीवी हैं, इसलिए सफल हैं, जिसने उनके सुपरहिट शो देखे हैं, वो जानता है कि यह सफलता सिफारिश वाली नहीं जबरदस्त रियाज वाली है।

# शालू के मालिनी अवस्थी में बदलने का सफर

**भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में एक शाम मालिनी अवस्थी के नाम से भी सजी। खचाखच भरे राज बिसारिया प्रेक्षागृह में प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने अभिनय, नृत्य और गायिकी में गुंथी जिंदगी के सफर की स्क्रिप्ट को इस अंदाज में पेश किया कि देखने वाले ठगे से रह गए। मालिनी अवस्थी ने अपने इस दो घंटे के शो में यह साबित किया कि जिंदगी में कोई बड़ा मुकाम हासिल करने के पीछे न जाने कितने बरसों की जद्दोजहद होती है। एक बड़े परिवार में जन्म लेने या बड़े परिवार में शादी हो जाने से मंच तो हासिल हो सकते हैं, लेकिन उन मंचों पर टिके रहने के लिए लगातार कई बरस तक किए गए संघर्ष और अच्छे उस्तादों से हासिल की गई शिक्षा ही काम आती है।**

**-शबाहत हुसैन विजेता**
लखनऊ

कला साधना के दौरान उस्ताद राहत अली खान न मिले होते, उस्ताद नगीना साहब का आशीर्वाद न मिला होता, गिरिजा देवी जैसी गुरु न मिली होतीं, तो कन्नौज के एक डॉक्टर के घर जन्मी शालू आईएएस अफसर अवनीश अवस्थी से शादी होकर भी शालू ही रह जातीं, मालिनी अवस्थी न बन पातीं। उन्हें ऐसे उस्ताद मिले, जिन्होंने कहा कि गजल सीखनी है, तो शीन काफ दुरुस्त होना चाहिए। वो सवाल उठाती हैं कि कहां हैं ऐसे उस्ताद जो शागिर्द की डायरी पर गजल लिखकर दें। वो बताती हैं कि ईसाई स्कूल में पढ़ीं, घर में उस्ताद आते थे मुसलमान। गोरखपुर में रहकर संस्कृत सीखी। संस्कृत बीए तक साथ रही। उन्होंने माना कि अनुभव, जज्बात और किस्से कहानियों में भी शिक्षा होती है।

पिता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक थे, उस्ताद राहत अली खां से उनके दोस्ताना रिश्ते थे, उन्होंने कहा कि मेरी बेटी को भी सिखा दें, एक दिन वो घर आए भी सिखाने, सबक भी दे गए, लेकिन तीन महीने तक वो लौटे नहीं और शालू वही सबक तीन महीने तक दोहराती रही। उनकी मां ने समझाया कि प्यासे के



पास कुआं नहीं आता, प्यासे को जाना पड़ता है कुएं के पास। मां गाड़ी चलाकर रोज बेटी को ले जातीं राहत अली खां के घर। वो भजन गाते तो लगता मंदिर में बैठे हैं। राम के भजन ऐसे सुनाते वैसे क्या कोई राम भक्त सुनाएगा।

एक तरफ संगीत की शिक्षा चल रही थी, तो दूसरी तरफ मां-बाप को कभी कहना नहीं पड़ा कि पढ़ लो। पढ़ाई ऐसी कि पूरी क्लास में अव्वल आती थीं। लाइट अक्सर गायब हो जाती थी, तो कुप्पी में बैठकर पढ़ाई करती थीं। स्कूली शिक्षा और संगीत ट्रेन के ट्रैक की तरह साथ-साथ चले एक जैसी रफ्तार में। पिता का लखनऊ ट्रांसफर हो गया, तो भातखंडे में तालीम ली, रवींद्रालय में पहली बार गाया, तब धर्मनाथ मिश्र ने हारमोनियम पर संगत की, आज भी वही करते हैं। लखनऊ से हर शनिवार-रविवार गोरखपुर जाकर राहत अली खां से सीखने का क्रम चलता रहा। उस्ताद राहत अली लखनऊ में कार्यक्रम में आए तो उन्होंने अपने कार्यक्रम में शिष्या मालिनी से गवाया। वो उन्हें उस्ताद नगीना साहब का आशीर्वाद दिलाने ले गए। बड़ी हुईं तो घर वालों को चिंता हुई कि गाती हैं, देशभर में कार्यक्रम करने जाती हैं, शादी कैसे होगी? हालांकि मां हर जगह साथ में जाती थीं, लेकिन उन्हें कैंसर हो गया था। किसी ने कहा कि पड़ोस वाले अवस्थी जी का लड़का आईआईटी में पढ़ रहा है। उनसे बात चलाओ। बात हुई और मारुती वैन में सवार होकर अवस्थी परिवार मालिनी के घर पहुंच गया। उन्हें भातखंडे में क्लास से बुलाकर घर भेजा गया।

## लंदन में अंत्याक्षरी के शो ने बदल दिए दिन

टेलीविजन पर गजेन्द्र सिंह अंत्याक्षरी का संचालन कर रहे थे, उन्होंने बुलाया। लंदन में शो हुआ, तो मालिनी अवस्थी और भोजपुरी गायक बालेश्वर ने समां बांध दिया। इसके बाद पीछे मुड़कर देखने का मौका नहीं मिला।

## संगीत की दुनिया में शुरू की दूसरी पारी

जो स्लेट कोरी हो गई थी, उसे फिर से लिखने के लिए संवारा, संगीत की दुनिया में फिर से घुटनियों चलना शुरू किया। फिर से आकाशवाणी में काम मिलने लगा। संस्कृति विभाग कार्यक्रम देने लगा। अवनीश जब ललितपुर में डीएम थे, तो असगरी बाई से मिलने कालपी गई थीं। असगरी बाई ने समझाया था कि गाती थीं, तो गाती रहो।



## अवनीश अवस्थी से हुई शादी

मुलाकात के बाद अवनीश अवस्थी अपने ममेरे भाई के साथ मालिनी से मुलाकात करने आए। रिश्ता पक्का हो गया। उन्होंने कहा कि मेरी और मालिनी की पढ़ाई पूरी हो जाए, तब शादी होगी। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी हुई, तो अवनीश सिविल सर्विस की तैयारी करने लगे। वो आईएएस में सिलेक्ट हुए, सेलेक्शन के बाद अवनीश ने कहा-"सेवा के भाव से आईएएस में जा रहा हूं। हो सकता है, तुम्हें वो सुख न दे पाऊं, जो आईएएस की पत्नियों को मिलता है।" मालिनी ने कहा- "तुम सबसे सम्मान से मिलना, फिर इसके बाद शादी हो गई।" शादी से पहले के दो साल दोनों ने एक दूसरे को खूब चिट्ठियां लिखीं। चिट्ठियां इसलिए लिखीं, क्योंकि पहले महीने इतनी बात की कि 42 हजार रुपये का बिल आ गया। दूसरे महीने भी ऐसा ही होता, तो परिवार जान जाता कि दोनों हरदम बतियाते हैं। शादी के बाद लोगों को लगता था कि आईएएस की पत्नी है, इसलिए कार्यक्रम मिलते हैं। लोगों की यह सोच ऐसी चुभी कि घर में ही घुसी रह गईं। अपने दोनों बच्चों के पालन-पोषण में लग गईं। वो कहती हैं कि जीवन आनंद से भरा था, लेकिन अवनीश के पास समय नहीं था, मेरी स्थिति चांद तन्हा है आसमां तन्हा... और शाम वादा था ढल गया सारा... जैसी स्थिति हो गई। प्यार करने वाला पति, दो-दो बच्चों से भरी गोद, फिर भी बहुत कुछ खो गया था। गाना छूट गया था। पिताजी ने आकाशवाणी से बात की फिर से गाने की शुरुआत हुई।

## अनोखी परंपरा



# हैदराबाद की शामः रूहानियत खुशबू और सुकून का संगम

आधुनिकता की चमक-दमक और ऊंची-ऊंची इमारतों के बीच भी हैदराबाद का पुराना शहर अपनी परंपराओं को संजोए हुए है। यहां की तंग गलियों और ऐतिहासिक हवेलियों में आज भी एक पुरानी रस्म जीवित है, जो हर शाम मगरिब की अजान के साथ निभाई जाती है। यह परंपरा है घर के दरवाजे खोलना और लोबान या अगरबत्ती की खुशबू से पूरे वातावरण को महकाना। जैसे ही मगरिब की अजान की आवाज गूंजती है, पुराने शहर में एक खास तरह की शांति छा जाती है। दिनभर की हलचल मानो थम जाती है और घरों में एक अलग ही माहौल बन जाता है। इस समय घर की महिलाएं या बुजुर्ग खिड़कियां और मुख्य द्वार खोल देते हैं। साथ ही, मिट्टी के धुएंदान में सुलगते कोयलों पर लोबान डाला जाता है या अगरबत्ती जलाई जाती है, जिससे उठने वाला सुगंधित धुआं पूरे घर को एक रूहानी एहसास से भर देता है।

स्थानीय लोगों के लिए यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि घर में सकारात्मक ऊर्जा और सुकून लाने का माध्यम है। कुछ लोगों का मानना है कि दिन और रात के संधिकाल में वातावरण में एक विशेष परिवर्तन होता है, जिसे शुभ माना जाता है। इसी कारण खुले दरवाजे उस सकारात्मकता के स्वागत का प्रतीक माने जाते हैं। हालांकि इसका कोई ठोस धार्मिक आधार नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक विश्वास और जीवनशैली का हिस्सा है। यह प्रथा केवल हैदराबाद तक सीमित नहीं है। भारत के कई हिस्सों में शाम के समय अगरबत्ती जलाना या दीपक जलाने की परंपरा है, जिसे शांति और सकारात्मकता से जोड़ा जाता है। दिलचस्प बात यह है कि यह रिवायत गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल भी पेश करती है। जिस समय मुस्लिम परिवारों में लोबान जलाया जाता है, उसी समय हिंदू परिवारों में संध्या के दौरान दीप जलाकर पूजा की जाती है। दोनों ही परंपराओं में शाम का समय पवित्र और शुभ माना गया है।

हालांकि इस्लामी मान्यताओं के अनुसार मगरिब के समय दरवाजे बंद रखने की सलाह दी जाती है, क्योंकि इसे संवेदनशील समय माना गया है। ऐसे में दरवाजे खोलने की यह परंपरा अधिकतर सांस्कृतिक रूप में प्रचलित है। इस रस्म के पीछे कुछ व्यावहारिक कारण भी हैं। लोबान का धुआं वातावरण को शुद्ध करने और कीटाणुओं व मच्छरों को दूर रखने में सहायक माना जाता है। वहीं, दरवाजे और खिड़कियां खोलने से घर में ताजी हवा का प्रवाह होता है, जिससे दिनभर की घुटन कम हो जाती है। हैदराबाद की यह परंपरा न केवल सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखे हुए है, बल्कि जीवन में सुकून और संतुलन का संदेश भी देती है।

## लोकायन

# रूप बदलने वाले बहुरूपिए

एक बार बादशाह अकबर के दरबार में एक बहुरूपिया आया। उसने दरबार में चुनौती दी कि वह ऐसा भेष बदल सकता है कि उसे कोई पहचान नहीं सकता। अगर कोई उसके भेष में कमी निकाल दे, तो वह उसे अपना गुरु बना लेगा। शर्त मान ली गई। एक दिन बादशाह के दरबार में एक बैल घुस आया। सभी दरबारी इधर-उधर भागने लगे। बैल, बादशाह के सिंहासन के पास आकर पंगुराने लगा। तभी बीरबल ने एक कंकड़ बैल की पीठ पर मारा। बैल ने पीठ हिलाई। बस बीरबल बोल पड़ा-"शहंशाह, यह बैल नहीं बहरूपिया है।" बैल चोट लगने से उधर की खाल हिलाता है, जिधर उसे चोट लगती है, किंतु बहरूपिए ने धोखे से दूसरी तरफ की खाल हिला दी। एक छोटी-सी गलती से वह पकड़ा गया। एक समय था जब रूप बदलना एक महत्वपूर्ण कला थी। बहरूपियों का समाज में सम्मान था। वे राजदरबारों में आदर पाते, इनाम-इकराम हासिल करते थे। जयपुर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्य प्रदेश के बहरूपिए विख्यात थे। आज बहरूपियों के



शिवचरण चौहान
लेखक

परिवार संकट में हैं। बहरूपियों की कला को सम्मान देने वाला कोई नहीं बचा। बहरूपियों का इतिहास बहुत प्राचीन है। बहरूपिए राजा, फकीर, साधु, देवी-देवता, डाकू, पागल, विद्वान, राजसैनिक, सिपाही, हरकारा, वैद्य, हकीम, गूजरी, महिला, बैल, बंदर आदि का रूप धारण कर लोगों का मनोरंजन करते थे। आज भी कुछ शहरों में बहरूपियों को कभी-कभार हाट-बाजारों में घूमते देखा जा सकता है। रूप बदलने के लिए बहुरूपिया मिट्टी, सिंदूर, बाल आदि से लेकर आधुनिक साधनों का प्रयोग करते हैं।



होली, दीवाली के त्योहार पर आज भी बहरूपियों को गली, मुहल्लों और बाजारों में घूमते हुए देखा जा सकता है। जैन साहित्य में बहरूपिए की एक कथा प्रसिद्ध है। पाटन-गुजरात के महाराजा कुमार पाल का महामंत्री उदयन एक युद्ध में गंभीर रूप से घायल हो गया। उदयन ने अपने बेटों से कहा- "मेरा अंत समय आ गया है। यदि मैं पंचमहाव्रतधारी महामुनि के दर्शन कर लूं, तो मुझे मोक्ष प्राप्त हो जाए।" युद्ध भूमि में किसी साधु का मिलना मुश्किल था। उसके बेटे वाग्भट्ट के दिमाग में एक बात आई। वह तुरंत एक बहुरूपिए के पास पहुंचा। धन देने का लालच देकर उसे साधु बनाकर ले आया। उदयन ने सामने मुनिराज को देखा तो बहुत प्रसन्न हुआ। चरण-स्पर्श के लिए मुनिराज को पास बुलाया और उसी के चरणों में अपने प्राण त्याग दिए।

वाग्भट्ट जब उसे पैसे देने लगा तो उसने लेने से इंकार कर दिया। बोला-"जिस रूप को देखकर महामंत्री ने परम प्रसन्न व श्रद्धावनत होकर प्राण त्यागे, अब वह रूप नहीं बदलेगा।" सचमुच वह बहुरूपिया साधु बनकर वन में चला गया। बहुरूपियों का कहना है कि नाटक, नौटंकी और टीवी के कारण उनका पेशा लगभग समाप्त हो रहा है। अब लोग आदर नहीं देते। बच्चे जरूर हंसते हैं, पर बड़े लोग भगा देते हैं। उन्हें दुकान-दुकान, मकान-मकान भटकना पड़ता है, तब कहीं शाम को रोटी नसीब होती है। समाज व सरकार यदि बहरूपियों को पुरस्कार, सम्मान या पेंशन देने लगे तो लुप्त होती इस कला को बचाया जा सकता है।

# प्राचीन वैश्विक संपर्कों के साक्ष्य : मिस्र की समाधियों में तमिल शिलालेख

अक्सर देखा जाता है कि पर्यटक किसी ऐतिहासिक इमारत या स्थल पर अपना नाम अंकित कर देते हैं। सामान्यतः इसे अनुचित और विरासत के प्रति असंवेदनशील व्यवहार माना जाता है। किंतु विडंबना यह है कि कभी-कभी ऐसी ही लिखावटें इतिहास के कुछ अनजाने अध्यायों को उजागर करने का माध्यम भी बन जाती हैं। हाल के दिनों में सामने आई एक महत्वपूर्ण खोज इसी का उदाहरण है, जिसमें लगभग 2,000 वर्ष पूर्व एक भारतीय पर्यटक सिकाई कोर्रन द्वारा मिस्र के प्रसिद्ध 'वैली ऑफ द किंग्स' में प्राचीन तमिल भाषा में अपना नाम आठ बार अंकित किए जाने के प्रमाण मिले हैं। यह खोज न केवल भारतीय उपमहाद्वीप और मिस्र के बीच प्राचीन संपर्कों को रेखांकित करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि सांस्कृतिक और व्यापारिक आदान-प्रदान की परंपरा कितनी गहरी और व्यापक रही है।

भारतीय उपमहाद्वीप और मिस्र के बीच प्राचीन संपर्कों को रेखांकित करता यह महत्वपूर्ण शोध फ्रांसीसी विद्वान चार्लोट शिमड और स्विस प्रोफेसर इंगो स्ट्रॉच द्वारा प्रस्तुत किया गया है। उनके अनुसार, मिस्र की विभिन्न समाधियों में प्राप्त भारतीय भाषाई शिलालेखों में से लगभग एक-तिहाई अकेले सिकाई कोर्रन द्वारा अंकित हैं। यह तथ्य इस खोज को और भी अधिक विशिष्ट बनाता है, क्योंकि यह किसी एक व्यक्ति की उपस्थिति और उसके सांस्कृतिक हस्ताक्षर का प्रमाण प्रस्तुत करता है। यह शोध "तमिल एपिग्राफी : चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (11-14 फरवरी 2026), कार्यवाही खंड 1" शीर्षक पुस्तक में प्रकाशित हुआ है और इसे फरवरी 2026 में चेन्नई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया। इस सम्मेलन में तमिल अभिलेखों,



उनके ऐतिहासिक संदर्भों और वैश्विक प्रसार पर गंभीर विमर्श हुआ।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

विशेषज्ञों का मानना है कि सिकाई कोर्रन संभवतः एक व्यापारी, यात्री या तीर्थयात्री रहे होंगे, जो उस समय के समुद्री व्यापार मार्गों के माध्यम से भारत से मिस्र पहुंचे। स्पष्ट है कि प्राचीन काल में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिल क्षेत्र, रोमन साम्राज्य और मिस्र के साथ सक्रिय व्यापारिक संबंध रखता था। मसाले, वस्त्र, मोती और हाथी-दांत जैसी वस्तुएं भारत से निर्यात होती थीं, जबकि सोना, चांदी और अन्य विलासितापूर्ण वस्तुएं आयात की जाती थीं। मिस्र के मकबरों में तमिल लिपि में अंकित नाम इस बात के प्रमाण हैं कि भारतीय व्यापारी या यात्री न केवल वहां पहुंचते थे, बल्कि उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए स्थानीय स्मारकों पर लेखन भी किया। यह प्रवृत्ति आज के "ग्रैफिटी" के समान है, जहां व्यक्ति किसी स्थान





पर अपने अस्तित्व का चिह्न छोड़ता है। हालांकि प्राचीन संदर्भ में यह केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि सांस्कृतिक उपस्थिति का भी संकेत है। इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह भारतीय भाषाओं विशेषतः तमिल-की प्राचीनता और उसके अंतर्राष्ट्रीय प्रसार को रेखांकित करती है।

तमिल विश्व की सबसे प्राचीन जीवित भाषाओं में से एक है और इस प्रकार के शिलालेख उसके ऐतिहासिक विस्तार के ठोस प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के लिए यह खोज अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह वैश्विक इतिहास के उस पक्ष को उजागर करती है, जिसमें विभिन्न सभ्यताओं के बीच संपर्क और संवाद स्थापित था। यह केवल व्यापार तक सीमित नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक, भाषाई और मानवीय स्तर पर भी सक्रिय था। अंततः सिकाई कोर्रन द्वारा छोड़े गए ये तमिल शिलालेख हमें यह समझने में मदद करते हैं कि प्राचीन विश्व उतना अलग-थलग नहीं था, जितना अक्सर माना जाता है। बल्कि, यह एक जीवंत, परस्पर जुड़ा हुआ संसार था, जहां लोग, भाषाएं और संस्कृतियां सीमाओं को पार कर एक-दूसरे से संवाद कर रही थीं। यह खोज न केवल अतीत की एक रोचक कहानी है, बल्कि वर्तमान में वैश्विक सांस्कृतिक संवाद की जड़ों को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है।



## हुईं आंखें नम

रात की खामोशी में 'चांदनी' मुस्कुराती है,
कहीं दूर से उनकी आवाज चली आती है।
कभी "पिया तू अब तो आजा..." की धुन,
ये दिल को मचलाने लगती 'गीत' को सुन।
कभी "दम मारो दम" की जबरदस्त मस्ती,
रूह में रंग भर जाती है आशा ताई हस्ती।
हर युग, हर दौर में उनका 'जादू' है कायम,
सदियों गूंजेगा ये सुर हर पीढ़ी को नायब।

जो उन्होंने हमें दिया है गजल या हो ठुमरी,
देखी फिल्मी गीतों की 'रंग-रंगीली' झुमरी।
मधुर स्वर की छाया हर दिल को छू जाती,
'संगीत' की रंगीन दुनिया में सबको रमाती।
आशाजी ने लिखा है संगीत में अपना नाम,
कोई जब गीत बजे दिल को रख लेते थाम।
उनकी मीठी तान सुन के हर दर्द खो जाता,
हुईं आंखें नम हमारी तोड़ गईं जैसे नाता।

**-संजय एम तराणेकर, कवि**

## गोल्ड ईटीएफ में 31,561 करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली। भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों के पारंपरिक सुरक्षित निवेश विकल्प की ओर रुख करने से जनवरी-मार्च तिमाही में गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 31,561 करोड़ रुपये का निवेश हुआ जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग छह गुना वृद्धि दर्शाता है।

अमृत विचार
अयोध्या, बुधवार, 15 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## इंडिगो की चार दिन की सेल, टिकट पर 10 प्रतिशत तक छूट

नई दिल्ली। प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार से चार दिन की सेल की घोषणा की है जिसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर बुकिंग में 10 प्रतिशत तक छूट दी जायेगी। 'समर गेटअवे' सेल के तहत 14 अप्रैल से 17 अप्रैल के बीच बुकिंग करायी जा सकती है जबकि यात्रा की तारीख 01 जुलाई से 09 अक्टूबर 2026 के बीच होने की शर्त रखी गयी है। यात्री इंडिगो की वेबसाइट, मोबाइल ऐप, एआई-संचालित असिस्टेंट 6ईस्काई, इंडिगो के व्हाट्सएप नंबर (91-70651 45858), या चुनिंदा ट्रैवल पार्टनर के वेबसाइट्स और ऐप के माध्यम से बुकिंग करते समय 'एसयूएमआर10' (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) प्रोमो कोड का उपयोग करके इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, एयरलाइंस ने चुनिंदा ऐड-ऑन सेवाओं पर भी आकर्षक ऑफरों की घोषणा की है।

## केयरएज ने अदाणी ग्रीन एनर्जी को दी सर्वोच्च रेटिंग

नई दिल्ली। अदाणी समूह की नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को केयर ईएसजी रेटिंग्स से 87.3 स्कोर के साथ शीर्ष रेटिंग मिली है, जो इस एजेंसी द्वारा आंकी गई भारतीय कंपनियों में सर्वोच्च स्तर है। रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि 'केयरएज-ईएसजी 1प्लस' की रेटिंग नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में टिकाऊ तौर-तरीकों के प्रति कंपनी की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह आकलन पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन (ईएसजी) से जुड़े जोखिमों और अवसरों के विश्लेषण पर आधारित है। पाया गया कि कंपनी ने जलवायु जोखिम प्रबंधन, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण जैसे क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन किया है।

## युवाओं को हुनरमंद बनाएगी विजन इंडिया किया समझौता

नई दिल्ली। मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाली कंपनी विजन इंडिया ने युवाओं को हुनरमंद बनाने और रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत संचालित राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि यह समझौता उसके रोजगार मंच 'जस्ट जॉब्स' के माध्यम से किया गया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आवश्यक कौशल प्रदान करना और उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। समझौते पर नाइलिट के कार्यकारी निदेशक डॉ. नितिन कुमार पुरी और विजन इंडिया के प्रतिनिधि आलोक रंजन ने हस्ताक्षर किए।

# ऊंची बनी रह सकती हैं ईंधन, उर्वरक की कीमतें

## अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने संयुक्त बयान में जतायी चिंता

वॉशिंगटन, एजेंसी





अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) का कहना है कि पश्चिम एशिया में युद्ध से स्थिति अनिश्चित बनी रहने के मद्देनजर ईंधन और उर्वरक की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक समूह के प्रमुखों ने पश्चिम एशिया में युद्ध के ऊर्जा एवं आर्थिक प्रभावों से निपटने के लिए इस महीने की शुरुआत में गठित समन्वय समूह के हिस्से के रूप में यहां मुलाकात की। संयुक्त बयान में तीनों संस्थानों ने कहा कि युद्ध के कारण लोगों का जबरन विस्थापन हुआ है, रोजगार प्रभावित हुए हैं और यात्रा व पर्यटन में गिरावट आई है जिसे सामान्य होने में समय लग सकता है।

बयान में कहा गया कि जैसा कि हमने इस महीने की शुरुआत में उल्लेख किया था कि युद्ध का प्रभाव व्यापक, वैश्विक और अत्यधिक असमान है। इसका असर खास तौर पर ऊर्जा आयात करने वाले देशों और निम्न-आय वाले देशों पर अधिक पड़ा है। इसमें कहा गया कि इस झटके के कारण तेल, गैस एवं उर्वरकों की कीमतें बढ़ी हैं जिससे खाद्य सुरक्षा तथा रोजगार को लेकर चिंताएं भी बढ़ी हैं।

बयान के अनुसार, पश्चिम एशिया के कुछ तेल एवं गैस उत्पादक देशों को निर्यात राजस्व में भी भारी नुकसान हुआ है। इसमें कहा गया कि पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी बेहद अनिश्चित है और होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों का आवागमन अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुआ है। समन्वय समूहों ने कहा, भले ही होर्मुज जलडमरूमध्य से सामान्य आवाजाही बहाल हो जाए, फिर भी प्रमुख वस्तुओं की वैश्विक आपूर्ति को युद्ध के पूर्व स्तर पर लौटने में समय लगेगा और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान के कारण ईंधन एवं उर्वरक की कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं।

कहा गया कि आपूर्ति में बाधाओं के कारण आवश्यक कच्चे माल की कमी से ऊर्जा, खाद्य एवं अन्य उद्योगों पर असर पड़ सकता है। युद्ध के कारण लोगों का विस्थापन, रोजगार पर असर और यात्रा व पर्यटन में कमी आई है जिसे सामान्य होने में समय लगेगा। इन तीनों संस्थानों के प्रमुखों ने ऊर्जा बाजार, वैश्विक अर्थव्यवस्था और विभिन्न देशों पर युद्ध के प्रभाव के अपने ताजा आकलन साझा किए। यह बैठक आईईए की मासिक ऑयल मार्केट रिपोर्ट और आईएमएफ के 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' जारी होने से पहले हुई।

### पेट्रोल पर 18, डीजल पर 35 रुपये प्रति लीटर का घाटा

नई दिल्ली, एजेंसी। कच्चे माल की लागत में भारी बढ़ोतरी के बावजूद सरकारी तेल विपणन कंपनियों के पंप कीमतों को स्थिर रखे हुए हैं जिसके कारण पेट्रोल पर नुकसान बढ़कर 18 रुपये और डीजल पर 35 रुपये प्रति लीटर हो गया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कीमतों को एक दशक से अधिक पहले विनियमन-मुक्त किए जाने के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अप्रैल 2022 से पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। ये तीनों कंपनियां प्रतिदिन करीब 2,400 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही थीं, जो अब सरकार द्वारा पेट्रोल-डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद घटकर लगभग 1,600 करोड़ रुपये प्रतिदिन रह गया है।

### तीन गुना हुआ मार्च में रूस से कच्चे तेल का आयात

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की मार्च, 2026 में रूस से कच्चे तेल की खरीद तीन गुना से अधिक होकर 5.3 अरब यूरो रही है। यह वृद्धि आयात मात्रा दोगुनी होने और वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के कारण हुई। यूरोपीय शोध संस्था सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में खरीद में गिरावट के बाद मार्च में भारत ने रूस से तेल की खरीद फिर तेज कर दी। रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च, 2026 में भारत रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा। इस दौरान भारत ने कुल 5.8 अरब यूरो के रूसी ईंधन उत्पादों का आयात किया, जिनमें कच्चे तेल की हिस्सेदारी 91 प्रतिशत (5.3 अरब यूरो) रही।

# मझोले स्तर पर बढ़ेंगी भर्तियां पांच से 10 प्रतिशत वेतन बढ़ने का अनुमान : रिपोर्ट

मुंबई, एजेंसी

कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर में तेजी से जुड़ी चिंताओं के बीच भारतीय कॉरपोरेट जगत में 2026-27 के दौरान भर्ती मुख्य रूप से मझोले स्तर के पदों पर केंद्रित रहने और वेतन वृद्धि पांच से 10 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

कार्यबल भर्ती से जुड़ी कंपनी जीनियस एचआरटेक की यह रिपोर्ट कहती है कि 49 प्रतिशत कंपनियों ने मझोले स्तर के पेशेवरों की भर्ती पर प्रमुख रूप से ध्यान केंद्रित करने की बात कही है। कुल कार्यबल विस्तार के संदर्भ में 28 प्रतिशत संगठनों ने 10-15 प्रतिशत से अधिक की भर्ती वृद्धि की योजना जताई, जबकि 43 प्रतिशत ने शून्य से पांच प्रतिशत की सीमित बढ़ोतरी का अनुमान व्यक्त किया। वेतन के मोर्चे पर 46 प्रतिशत कंपनियां पांच से 10 प्रतिशत वृद्धि की योजना बना रही हैं, जबकि 34 प्रतिशत कंपनियों ने 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी का संकेत दिया है। नए श्रम कानूनों के लागू होने से 57 प्रतिशत कंपनियां अपने वेतन ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वेतन वृद्धि का सबसे अधिक लाभ मध्यम-वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों (48 प्रतिशत) को मिलने की संभावना है, जबकि कनिष्ठ एवं वरिष्ठ स्तर का हिस्सा क्रमशः 26 एवं 22 प्रतिशत रहेगा।

### कर्मचारियों का नौकरियां छोड़ना चिंता का विषय

कर्मचारियों का नौकरी छोड़ना कंपनियों के लिए चिंता का प्रमुख विषय बना हुआ है। करीब 55 प्रतिशत संगठनों ने 10-20 प्रतिशत कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने का अनुमान जताया, जबकि 15 प्रतिशत कंपनियों ने इस दर के 20 प्रतिशत से अधिक रहने की आशंका जताई। रिपोर्ट कहती है कि खासकर युवा कर्मचारियों में काम का लचीलापन, उद्देश्य और तेज करियर प्रगति जैसी अपेक्षाएं नौकरी छोड़ने की स्थिति को प्रभावित कर रही हैं।

# भारत की मजबूत बुनियाद तेल संकट के प्रभाव को कम करने में होगी मददगार: एसएंडपी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की मजबूत वृहद आर्थिक और वित्तीय बुनियाद कच्चे तेल की कीमतों में लगातार होने वाले उतार-चढ़ाव के प्रभाव को कम करने में मददगार हो सकती है। हालांकि, अगर 2026 में कच्चे तेल की औसत कीमत 130 डॉलर प्रति बैरल रहती है, तो आर्थिक वृद्धि दर में 0.80% तक की गिरावट आ सकती है।

इस परिदृश्य के तहत, वित्त वर्ष 2026-27 में कंपनियों की ब्याज, कर, मूल्यह्रास और ट्रेडमार्क, पेटेंट तथा अन्य संपत्ति की समय बढ़ने के साथ लागत में कमी के आकलन से पहले की आय (ईबीआईटीडीए) में 15-25 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। इससे कर्ज में 0.5 गुना से एक गुना तक बढ़ने का अनुमान है। वहीं बैंकिंग क्षेत्र की परिसंपत्ति की गुणवत्ता कमजोर हो सकती है, जिससे एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) लगभग 3.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध से उत्पन्न झटकों से भारत अछूता नहीं है। ऊर्जा की ऊंची कीमतों और आपूर्ति में व्यवधान की समस्या कई महीनों तक बनी रह सकती है, जिससे सभी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। हालांकि, कंपनियों का मजबूत बही-खाता, बैंकों में अच्छी पूंजी और मजबूत बाह्य स्थिति इस प्रभाव से बचाव प्रदान करेंगे।

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने तनावपूर्ण स्थिति में ब्रेंट क्रूड की कीमत 2026 में 130 डॉलर और 2027 में 100 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान लगाया है, जबकि तुलनात्मक आधार पर यह कीमत क्रमशः 85 डॉलर और 70 डॉलर है। एजेंसी को भारत की रेटिंग पर तत्काल किसी प्रभाव की उम्मीद नहीं है। हालांकि, राजकोषीय मोर्चे पर मजबूत प्रयासों को अस्थायी रूप से झटका लग सकता है।

तेल की ऊंची कीमतों से चालू खाते घाटा बढ़ सकता है। अनुमान के अनुसार, 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि से यह घाटा जीडीपी के लगभग 0.4 % तक बढ़ सकता है।

### यूपीआई ने पिछले साल पार किया 228 अरब लेनदेन का आंकड़ा

मुंबई, एजेंसी। भुगतान सेवाओं में अग्रणी वैश्विक कंपनी वर्ल्डलाइन ने मंगलवार को कहा कि भारत में डिजिटल भुगतान के वातावरण में अब परिपक्वता आ चुकी है और साल 2025 में इसका आंकड़ा 228 अरब लेनदेन का पार गया। वर्ल्डलाइन की वार्षिक रिपोर्ट 'इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट - ईयर 2025 इन रिव्यू' में कहा गया है कि अब देश में यूपीआई, कार्ड्स और भारत बिलपे जैसे भुगतान प्लेटफॉर्म एक-दूसरे के पूरक रूप में काम कर रहे हैं। इससे पूरी तरह डिजिटल और सातों दिन चौबीसों घंटे चलने वाली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआई के जरिये साल 2025 में 228.5 अरब लेनदेन किये गये जो साल-दर-साल 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इन लेनदेन का कुल मूल्य 299.74 लाख करोड़ रुपये रहा। अब रोजाना होने वाले अधिकांश लेनदेन इसी प्लेटफॉर्म पर हो रहा है। वर्ल्डलाइन के अनुसार, भारत धीरे-धीरे छोटे-छोटे ट्रांजेक्शन वाली अर्थव्यवस्था बन रहा है। छोटे-छोटे लेनदेन अब नकद की जगह डिजिटल माध्यमों से हो रहे हैं - चाहे वह स्थानीय दुकानों, परिवहन या रोजमर्रा की सेवाओं में हो। साथ ही यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या 15% बढ़कर अब 73.14 करोड़ पर पहुंच गयी है।

### काम की बात

# Pivot क्या है और कब करना चाहिए




कारोबार डेस्क

स्टार्टअप की दुनिया में एक शब्द बहुत कॉमन है- Pivot (पिवट), यह एक छोटा सा शब्द बड़े काम का है। यह एक शब्द ही किसी डूबते बिजनेस को फलक पर ले जा सकता है। स्टार्टअप जगत में Pivot का अर्थ होता है बिजनेस की दिशा, प्रोडक्ट या स्ट्रेटेजी में डेटा और बाजार के हिसाब से परिवर्तन करना। कई बिजनेस फाउंडर्स समय पर Pivot नहीं करते और गलत मॉडल से चिपके रहते हैं, जिससे कंपनी पर बोझ बढ़ता जाता है और अंतत: बिजनेस बिजनेस फेल होने की नौबत आ जाती है। यदि सही समय पर Pivot कर लिया जाये तो घाटे में जाता हुए बिजनेस भी ग्रोथ इंजन बन सकता है। कई बड़े स्टार्टअप जो आज यूनिकॉर्न हैं, उन्होंने समय रहते ही अपना आइडिया बदल दिया था। अर्थात Pivot = फेल होना नहीं, बल्कि स्मार्ट तरीके से दिशा परिवर्तन करना है। आइये समझते हैं कि पिवट कब करना चाहिए-

### पिवट क्या होता है?

- पिवट का अर्थ है कंपनी को बंद किए बिना बिजनेस मॉडल, प्रोडक्ट, टारगेट कस्टमर या स्ट्रेटेजी में परिवर्तन करना। यह नया स्टार्टअप बनाने के स्थान पर पुराने अनुभवों के आधार पर सही दिशा में आगे बढ़ना होता है।

### कब करना चाहिए?

- **जब प्रोडक्ट मार्केट के लिए फिट नहीं बैठ रहा हो**
अगर लोग आप जैसे प्रोडक्ट उपयोग तो कर रहे हैं, लेकिन आपसे नहीं खरीद रहे, तो पिवट जरूरी हो जाता है।
- **राजस्व नहीं आ रहा या लगातार घट रहा हो**
निरंतर कम बिक्री, ग्राहकों की पुनरावृत्ति कम होने का अर्थ है कि आपका बिजनेस मॉडल सही नहीं है, उसमें बदलाव जरूरी है।
- **खर्च ज्यादा और कमाई कम हो**
जब खर्च तेजी से बढ़ रहा हो और कमाई स्थिर हो या कम हो रही हो, तो पिवट ही कारोबार को संजीवनी दे सकता है।
- **मार्केट बदल चुका हो**
आजकल तकनीकि क्षेत्र,एआई, जैसे क्षेत्र में मार्केट बहुत तेजी से बदलता है। इसमें प्रत्येक कुछ महीनों के अंतराल पर नये अपडेट होते रहते हैं। ऐसे में बदलाव करने ही होंगे।
- **बदल जाए ग्राहक का व्यवहार**
अगर बड़ी संख्या में ग्राहकों की मांग बदल गयी हो तो भी बिजनेस में पिवट करने का सही समय माना जाता है।

### पिवट कितने प्रकार के हो सकते हैं

- **प्रोडक्ट पिवट** = प्रोडक्ट बदलना या नया वर्जन बनाना।
- **कस्टमर पिवट**=नए टारगेट ऑडियंस पर फोकस करना।
- **बिजनेस मॉडल पिवट**= रेवेन्यू मॉडल बदलना।
- **टैक्नोलॉजी पिवट**=नई टेक्नोलॉजी अपनाना।
- **मार्केट पिवट** = नए शहर या नए मार्केट में जाना।

पिवट एक रणनीतिक बदलाव है न कि घबराहट में उठाया कदम।

### पिवट से डर के कारण

- भावनात्मक लगाव
- ईगो प्रॉब्लम
- निवेशकों का दबाव
- लागत भ्रांति

### कब नहीं करें

- सिर्फ ट्रेंड देखकर
- घबराकर या
- प्रतियोगी को हराने की मंशा से

### काम की बात

- पिवट कारोबारी दुनिया का सबसे शक्तिशाली लेकिन गलत समझा जाने वाला निर्णय होता है। यह पराजय नहीं, बल्कि बिजनेस को डूबने से बचाने के लिए किया जाने वाला बदलाव होता है। जो फाउंडर्स समय पर डेटा देखकर Pivot कर लेते हैं, वे लंबे समय तक टिकते हैं। अन्यथा अपने ही बिजनेस को स्वयं डुबो देते हैं।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# प. बंगाल में भय का माहौल; बलात्कार हत्याएं, राजनीतिक हिंसा चरम पर : मोदी

## 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं से किया ऑनलाइन संवाद

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में भय का माहौल है, जहां हत्या, बलात्कार, दंगे और राजनीतिक हिंसा की घटनाएं चरम पर पहुंच गई हैं। मोदी ने कहा कि बंगाल में लोगों के बीच भाजपा को लेकर ऊर्जा और उत्साह वास्तव में उल्लेखनीय है।

मोदी ने 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पश्चिम बंगाल के कार्यकर्ताओं से डिजिटल माध्यम से संवाद करते हुए कहा कि राज्य के लोग वाम मोर्चा के शासन में हुए अत्याचारों से मुक्ति पाने के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को सत्ता में लाए थे, लेकिन ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार अपनी पूर्ववर्ती सरकारों से भी आगे निकल गई है।

मोदी ने कहा कि उन्हें पूरे पश्चिम बंगाल में भय का माहौल दिखाई दे रहा है, जहां युवा नौकरी को लेकर चिंतित हैं, आलू किसान टीएमसी के सिंडिकेट से डरते हैं और सरकारी कर्मचारियों को अपने अधिकार पाने के लिए अदालत जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बंगाल में भय का वातावरण है। हत्याएं, बलात्कार, दंगे और राजनीतिक हिंसा अपने चरम पर हैं। हर कोई बहुत परेशान है। प्रधानमंत्री ने टीएमसी शासन को कट-मनी सरकार करार देते हुए कहा कि यह आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है।

### प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं को मुक्तकंठ से सराहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- यह आप सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। हर कार्यक्रम में मैं आपकी मेहनत देखता हूं और समाज के सभी वर्ग सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। यह अपने आप में बहुत उत्साहजनक अनुभव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अटूट प्रतिबद्धता पार्टी की जड़ों को और मजबूत कर रही है।

उन्होंने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत के मंत्र के साथ आप अपने-अपने बूथ पर लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंच रहे हैं। टीएमसी की निर्दयी सरकार के भय के बारे में अच्छी तरह लोगों को बता रहे हैं। मोदी ने कहा कि आगामी पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए भाजपा के घोषणापत्र को भी लोग काफी सराह रहे हैं।

## संविधान को नष्ट कर रही है भाजपा-आरएसएस की नफरत भरी सोच: राहुल गांधी

रायगंज/मालदा (पश्चिम बंगाल), एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 'नफरत भरी सोच' संविधान को नष्ट कर रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रही है।

रायगंज और मालदा में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार ने बेरोजगारी भत्ते का वादा किया था जिसके लिए 84 लाख युवाओं ने आवेदन किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पांच लाख लोगों को नौकरियां देने का वादा किया था। लेकिन 84 लाख युवाओं ने बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन किया है। राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए उन पर नफरत भरी सोच से संविधान को नष्ट करने और 'वोट चोरी में लिप्त' होने का आरोप भी लगाया। गांधी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को 'असंवैधानिक' करार दिया। उन्होंने भाजपा पर चुनाव जीतने के लिए धर्म और जाति के नाम पर एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ भड़काने का आरोप लगाया।

# चुनाव आयोग के प्रारूप के तहत तार्किक विसंगति मान्य नहीं : ममता

कोलकाता, एजेंसी




तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्रयुक्त तार्किक विसंगति निर्वाचन आयोग के प्रारूप के तहत आधिकारिक रूप से मान्य नहीं है और इसका इस्तेमाल बिहार के विपरीत पश्चिम बंगाल में चुनिंदा ढंग से भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है।

पश्चिम मेदिनीपुर के पिंगला, पूर्व मेदिनीपुर के तमलुक और हावड़ा के डोमजूर में जनसभाओं को संबोधित करते हुए बनर्जी ने महिलाओं से अपील की कि यदि लोगों को मतदान से रोकने की कोशिश की जाए तो वे डटकर मुकाबला करें। मुख्यमंत्री ने कहा-निर्वाचन आयोग के ढांचे में तार्किक विसंगति जैसा कोई आधिकारिक शब्द नहीं है। इसे बिहार के विपरीत पश्चिम बंगाल में चुनिंदा तरीके से लागू किया जा रहा है ताकि भारतीय जनता पार्टी को फायदा पहुंचाया जा सके। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मैंने ऐसी ओछी पार्टी कभी नहीं देखी। बनर्जी ने कहा किकेंद्रीय बलों का काम शांति बनाए रखना है, हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन अगर वे लोगों को वोट डालने से रोकेंगे तो क्या होगा? मैं महिलाओं से अनुरोध करूंगी कि वे अपने हाथों में झाड़ रखें और बूट पहने एवं हथियार लिए लोगों के खिलाफ मजबूती से खड़ी हों। मैं किसी को हमला करने या दंगा भड़काने को नहीं कह रही, लेकिन अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आपको हर संभव प्रयास करना होगा। आरोप लगाया ... अगर आपका एकमात्र उद्देश्य यहां शांति बनाए रखना था, तो आप पश्चिम बंगाल पुलिस का इस्तेमाल कर सकते थे।

## तमिलनाडु : अब तक 727.58 करोड़ रुपये की नकदी ज़ब्त हुई

चेन्नई,एजेंसी। निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के उड़न दस्ते और सर्विलांस टीम के अधिकारियों ने तमिलनाडु में चुनावी खर्चे पर निगरानी रखते हुए 727.58 करोड़ रुपये की नकदी एवं अन्य सामग्री ज़ब्त की है, जिसमें शराब और ज्वैलरी भी शामिल हैं।

मुख्य चुनाव अधिकारी अर्चना पटनायक ने मंगलवार को कहा कि चुनाव कराने में पारदर्शिता और जिम्मेदारी तय करने के लिए, ईसीआई ने चुनावों के लिए 326 पर्यवेक्षक तैनात किए हैं। इनमें 136 सामान्य पर्यवेक्षक, 40 पुलिस पर्यवेक्षक और 151 व्यय लेखा पर्यवेक्षक शामिल थे और उन्हें तमिलनाडु के 234 विधानसभा क्षेत्रों में लगाया गया था। केन्द्रीय पर्यवेक्षक के संपर्क विवरण की जानकारी संबंधित जिला चुनाव अधिकारी के ज़रिए दी गई हैं, ताकि नागरिक, राजनीतिक पार्टियां और उम्मीदवार सीधे चुनाव से जुड़ी शिकायतें दर्ज कर सकें या उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकें।

सुश्री अर्चना पटनायक ने कहा कि ज़ब्त की गई कुल रकम में से 381 करोड़ रुपये सही दस्तावेज जमा करने पर बिना किसी परेशानी के जारी कर दिए गए हैं।

## तमिलनाडु: टीवीके की सरकार बनी तो किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा : विजय

तिरुपुर (तमिलनाडु), एजेंसी। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) अध्यक्ष विजय ने तमिलनाडु की सत्ता में आने पर किसानों के फसल ऋण माफ करने का मंगलवार को भरोसा दिया और राज्य में कथित तौर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बंद करने के मामले में एमके स्टालिन-नीत द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार की कड़ी आलोचना की। अभिनय से राजनीति में आए विजय ने यहां आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए वादा किया कि पांच एकड़ से कम जोत वाले छोटे किसानों का शत-प्रतिशत, जबकि पांच एकड़ से अधिक जोत वाले किसानों का 50 प्रतिशत फसल ऋण माफ किया जाएगा। विजय ने धान के लिए 3,500 रुपये प्रति क्विंटल और गन्ने के लिए 4,500 रुपये प्रति टन न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का भी वादा किया।

## परिसीमन को लेकर केंद्र पर बरसे स्टालिन, बोले- अपनी साजिश को कानून का रूप देने का प्रयास कर रहा

वेल्लोर (तमिलनाडु),एजेंसी। प्रस्तावित परिसीमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर एक और हमला बोलते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनसंख्या नियंत्रण उपायों को लागू करने वाले दक्षिणी राज्यों को दंडित करने की कोशिश कर रही है। संसद के 16 अप्रैल से शुरू होने वाले सत्र का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सत्र के दौरान केंद्र सरकार इस मामले में अपनी साजिश को कानून का रूप देने की योजना बना रही है। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष ने कहा, ''जब हम परिसीमन और संबंधित मामलों के संबंध में तमिलनाडु के समक्ष उत्पन्न खतरों और केंद्र में फासीवादी भाजपा सरकार के कामकाज पर बोलने की कोशिश करते हैं, तो तथाकथित विद्वान लोग, उदाहरण के लिए पीयूष गोयल, अहंकार के साथ बोलते हैं। मैं उनसे संयम से बोलने के लिए कहता हूं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### तुर्किये में स्कूल में की गोलीबारी, 16 घायल

**अंकारा।** दक्षिणपूर्वी तुर्किये के एक वोकेश्नल हाई स्कूल में मंगलवार को एक पूर्व छात्र ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 16 लोग घायल हो गए। हमलावर ने बाद में खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। सानलिउर्फा के राज्यपाल हसन सिल्दाक ने बताया कि 18 वर्षीय हमलावर के पास एक शॉटगन थी और उसने सानलिउर्फा प्रांत के सिवेरेक स्थित इस स्कूल में अंधाधुंध गोलीबारी की और फिर उसी इमारत के अंदर छिप गया। उन्होंने बताया कि हमलावर ने बाद में उसी बंदूक से खुद को गोली मारकर अपनी जान ले ली। सिल्दाक ने बताया कि इस हमले में 10 छात्र, चार शिक्षक, कैंटीन का एक कर्मचारी तथा एक पुलिस अधिकारी घायल हो गए।

### स्पेन ने तेहरान में फिर से खोला दूतावास

**मॉस्को।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद स्पेन ने तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। स्पेन के राजनयिक मिशन ने यह जानकारी दी है। दूतावास ने सोमवार को एक्स पर कहा, "हम तेहरान लौट रहे हैं। संघर्ष विराम के बाद ईरान में स्पेनिश दूतावास फिर से खुल रहा है। राजदूत एंटोनियो सांचेज़-बेनेडिटो गैस्पर, राजनयिक टीम और स्थानीय कर्मचारियों के साथ, शांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काम पर लौट रहे हैं। स्पेन के दूतावास को सात मार्च को खाली करा लिया गया था।

### बांग्लादेशी पर मानव तस्करी का आरोप

**न्यूयॉर्क।** सेंट्रल अमेरिका के रास्ते कई लोगों को अवैध तरीके से अमेरिका लाने की साजिश में शामिल होने के आरोप में एक बांग्लादेशी नागरिक को ब्राजील से प्रत्यर्पित किया गया है। सैफ उल इस्लाम (39) को टेक्सास के लारेडो में अदालत में पेश किया गया। टेक्सास के सदर्न डिस्ट्रिक्ट में एक अभ्यारोपण में इस्लाम पर एक व्यक्ति को गैर-कानूनी तरीके से अमेरिका लाने की साज़िश रचने और वित्तीय लाभ के लिए लोगों को सेंट्रल अमेरिका के रास्ते अमेरिका लाने के कई मामलों में आरोप लगाया गया है।

### जेलेंस्की ने की जर्मन चांसलर से मुलाकात

**बर्लिन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को बर्लिन में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मुलाकात की। यूक्रेन-रूस युद्ध में कीव का समर्थन करने वाले देशों में जर्मनी प्रमुख है। यह युद्ध अब पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने भी अपने यूक्रेनी समकक्ष मिखाइलो फेडोरोव के साथ बातचीत की है।

### राजदूत ने बाबासाहेब को दी श्रद्धांजलि

**पेरिस।** संयुक्तराष्ट्र संघ के पेरिस स्थित संगठन यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत विशाल वी शर्मा ने अंबेडकर जयंती पर भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। राजनयिक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। शर्मा ने यूनेस्को की कार्यकारी परिषद के 224वें सम्मेलन के दौरान अलग से आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### पाकिस्तानी राजदूत ने भारत की सराहना की

**मॉस्को।** रूस में पाकिस्तान के राजदूत ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद के परमाणु सुरक्षा रिकॉर्ड की सराहना करते हुए दावा किया कि दोनों देशों ने एक-दूसरे की परमाणु सुविधाओं पर हमला न करने की पारस्परिक गारंटी दी है। राजदूत फैसल नियाज तिरमिजी ने निजी समाचार पोर्टल आरटीवीआई डॉट कॉम में कहा कि पश्चिम एशिया में वर्तमान संघर्ष के मद्देनजर ऐसी गारंटी का विशेष महत्व है।

# स्किन केयर प्रोडक्ट : केमिकल कॉकटेल से सेहत को नुकसान

आज के दौर में 'ग्लोइंग स्किन' की चाहत ने ब्यूटी इंडस्ट्री को अरबों डॉलर का साम्राज्य बना दिया है। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और विज्ञापनों के दबाव में आकर लोग बिना सोचे-समझे अपनी त्वचा पर रसायनों का प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिस क्रीम को आप अपनी सुंदरता निखारने के लिए लगा रहे हैं, वह आपके हॉर्मोन्स को बिगाड़ सकती है या कैंसर का कारण बन सकती है?




### नेचुरल और हर्बल दावों का सच

- **ग्रीनवॉशिंग :** मार्केटिंग में इन शब्दों का इस्तेमाल अक्सर उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए ग्रीनवॉशिंग के रूप में किया जाता है।
- **भ्रामक लेबलिंग :** कई बार किसी क्रीम में 1% हर्बल तत्व होने पर भी उसे हर्बल बता दिया जाता है, जबकि बाकी 99% हिस्सा सिंथेटिक रसायनों से बना होता है।
- **सुरक्षा का भ्रम :** यह सोचना गलत है कि हर नेचुरल चीज सुरक्षित है। उदाहरण के लिए, नींबू या टमाटर जैसे प्राकृतिक एसिड संवेदनशील त्वचा पर गंभीर जलन पैदा कर सकते हैं।
- **सनस्क्रीन का सच :** कुछ हर्बल सनस्क्रीन पर्याप्त एसपीएफ प्रदान नहीं करते हैं, जिससे आप सूरज की हानिकारक किरणों के प्रति असुरक्षित रहते हैं।

### स्किन केयर में छिपे खतरनाक रसायन

- **पैराबेन्स :** ये प्रिजर्वेटिव्स के रूप में इस्तेमाल होते हैं, शरीर में हार्मोनल असंतुलन पैदा कर सकते हैं, जिसे स्तन कैंसर के जोखिम से जोड़ा गया है।
- **सल्फेट :** ये झाग बनाने में उपयोग किए जाते हैं, ये त्वचा की प्राकृतिक नमी छीन लेते हैं, जिससे खुजली, सूखापन, आंखों में जलन हो सकती है।
- **हाइड्रोक्विनोन :** गोरा बनाने वाली क्रीमों में मौजूद यह ब्लीचिंग एजेंट त्वचा को बहुत पतला कर देता है। लंबे समय में नीला-काला पिगमेंटेशन पैदा कर सकता है।
- **पारा (मर्करी) :** गोरा बनाने वाले उत्पादों में इसकी मात्रा निर्धारित सीमा से 100 गुना अधिक तक पाई गई है, जिससे किडनी फेलियर और दिमाग संबंधी बीमारियां हो सकती हैं।
- **थैलेट्स :** खुशबू और बनावट सुधारने के लिए उपयोग किए जाने वाले ये रसायन प्रजनन विषैलेपन से जुड़े हैं।



### नियामक खामियां

- **नियंत्रण :** भारत में सौंदर्य प्रसाधन ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत नियंत्रित होते हैं।
- **खामी :** नियामक संस्थाएं बाजार में आने से पहले हर उत्पाद के लेबल को मैन्युअली चेक नहीं करतीं, जिससे कंपनियों को सामग्री छिपाने का मौका मिल जाता है।
- **अनिवार्य लेबलिंग :** लेबल पर सभी सामग्रियों की सूची, निर्माता का नाम, बैच नंबर और समाप्ति तिथि होना अनिवार्य है।

### TSDF महामारी

- भारतीय डर्मेटोलॉजिस्ट्स के अनुसार, भारत में Topical Steroid-Dependent Face (TSDF) एक गंभीर समस्या बन चुका है।
- उत्तर प्रदेश के एक सरकारी अस्पताल (GIMS) में 2025 में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि गोरा बनाने वाली क्रीमों के दुरुपयोग के कारण 87.5% मरीजों में त्वचा का पतला होना और 87.5% में सफेद धब्बे देखे गए।

### गोरा बनाने के दावों की हकीकत

- **विज्ञापनों का स्कैम :** कई कंपनियां तीन हफ्ते में गोरापन जैसे झूठे दावे करती हैं, जिनके लिए उपभोक्ता फोरम उन पर भारी जुर्माना भी लगा चुके हैं।
- **छिपे हुए स्टेरॉयड :** कई सस्ती या बिना लेबल वाली क्रीमों में स्टेरॉयड होते हैं। ये शुरुआत में चेहरा साफ दिखाते हैं, लेकिन बंद करने पर चेहरा काला पड़ने लगता है।

# महिला आरक्षण कानून लागू होने पर और मजबूत बनेगा लोकतंत्र

## महिलाओं के नाम लिखे पत्र में प्रधानमंत्री ने कहा-तेज होगी विकास यात्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि यदि 2029 में लोकसभा और विभिन्न विधानसभाओं के चुनाव महिला आरक्षण के पूर्ण रूप से लागू होने के साथ कराए जाते हैं तो भारतीय लोकतंत्र और अधिक मजबूत तथा जीवंत बनेगा।

देश की महिलाओं को लिखे एक पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह भी कहा कि जब महिलाएं नीति-निर्माण और निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करेंगी तब विकसित भारत की यात्रा और अधिक सशक्त एवं तेज होगी। इसलिए यह अनिवार्य है कि हम अपने विकास की गति को तेज करने के लिए हर संभव प्रयास करें और इसके लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अपरिहार्य है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसी सिद्धांत पर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हुआ था और इसी सिद्धांत के कारण यह संविधान संशोधन समय की आवश्यकता बन गया है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए विधायी निकायों में उनकी हिस्सेदारी बढ़ना उचित है। उन्होंने कहा कि संसद की तीन दिवसीय बैठक 16 अप्रैल से शुरू हो रही है और इसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधनों को पारित किया जाना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की और अधिक देरी दुर्भाग्यपूर्ण एवं भारत की महिलाओं के साथ घोर अन्याय जैसा होगा। प्रधानमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किए गए पत्र में कहा कि यदि 2029 के लोकसभा चुनाव और उस वर्ष होने वाले विभिन्न विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के पूर्ण रूप से लागू होने के साथ कराए जाते हैं, तो हमारा लोकतंत्र और अधिक मजबूत तथा जीवंत बनेगा। मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि देश की महिलाएं अगले कुछ दिनों में संसद में संविधान संशोधन विधेयक के पारित होने का इंतजार कर रही हैं। उन्हें अनंतकाल तक इंतजार नहीं कराया जा सकता।



### 2029 के लोस चुनाव से लागू करने की मंशा

मौजूदा कानून के तहत, महिलाओं के लिए आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता, क्योंकि यह 2027 की जनगणना के बाद परिसीमन प्रक्रिया के पूरा होने से जुड़ा हुआ था। इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव की आवश्यकता थी, इसलिए सरकार कानून में संशोधन पारित करने के लिए बजट सत्र में तीन दिन की बैठक अलग से बुला रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद की फिर बैठक होगी जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित एक महत्वपूर्ण संविधान संशोधन पर चर्चा होगी और उम्मीद है कि वह पारित भी होगा। कहा कि मैं देख रहा हूं कि इसे लेकर हर तरफ जोश और उत्साह का माहौल है। माताएं और बहनें खुशी जाहिर कर रही हैं।

### जब महिलाएं मजबूत होंगी तो लोकतंत्र की आवाज भी होगी और सशक्त

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब हमारी विधायिकाओं में महिलाओं की आवाज और मजबूत होती है, तो लोकतंत्र की आवाज भी और अधिक सशक्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि मैं संसद की अगली बैठक और संविधान संशोधन के पारित होने के लिए आपका तथा भारत की करोड़ों महिलाओं का आशीर्वाद चाहता हूं। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि अपने स्थानीय सांसदों को पत्र लिखें और उनसे इस ऐतिहासिक संसद सत्र में भाग लेने का अनुरोध करें। वे सांसदों को याद दिलाएं कि वे ऐसा काम करने जा रहे हैं जिसका प्रभाव सदियों तक महसूस किया जाएगा। इससे निश्चित रूप से उनका मनोबल बढ़ेगा! सितंबर 2023 में संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम जिसे आमतौर पर महिला आरक्षण अधिनियम के नाम से जाना जाता है, पारित किया था। इसे विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। इस अधिनियम में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान किया गया।

## संघर्ष टालने को चीन ने पेश किया शांति का प्रस्ताव

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पश्चिम एशिया युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका में दिलचस्पी दिखाते हुए कहा है कि उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए यहां अबू धाबी के युवराज ज़ायेद अल नहयान के साथ बैठक में चार-सूत्री प्रस्ताव रखा है। शी ने शांति पर जोर देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र के लिए एक साझा, विस्तृत, सहयोगपूर्ण और टिकाऊ सुरक्षा व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता का भी पूरी तरह सम्मान होना चाहिए। साथ ही नागरिकों एवं अवसंरचनाओं की भी सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। शी ने कहा कि दुनिया को जंगल बनाने से बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी पक्षों से साथ आकर क्षेत्रीय विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने अनुरोध किया।

## भारत से चीन के संबंध बेहतर नीति में नहीं किया है बदलाव

- **अरुणाचल में नाम बदलने के कदम का चीन ने किया बचाव**

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए नए नाम प्रकाशित करने के अपने कदम का बचाव करते हुए मंगलवार को कहा कि भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने की उसकी नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

भारत ने चीन द्वारा भारतीय क्षेत्र को काल्पनिक नाम देने के प्रयासों को रविवार को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि इस तरह के बेबुनियाद विमर्श गढ़ने की कोशिशें वास्तविकता को नहीं बदल सकतीं और द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों को पटरी से उतार सकती हैं। भारत की तीखी प्रतिक्रिया बीजिंग द्वारा अक्साई चिन में एक तीसरा नया प्रशासनिक क्षेत्र स्थापित करने की पृष्ठभूमि में आई है। इस इलाके को भारत अपना संप्रभु क्षेत्र मानता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चीन की ओर से भारत के क्षेत्रों का काल्पनिक नाम देने के किसी भी प्रयास को भारत सिरे से खारिज करता है। जायसवाल की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां कहा कि जांगनान चीन का क्षेत्र है, और चीन ने कभी भी तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को मान्यता नहीं दी है।

जांगनान अरुणाचल प्रदेश का चीनी नाम है। चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा होने का दावा करता है। गुओ ने अरुणाचल प्रदेश के लिए नाम प्रकाशित करने के बीजिंग के कदम का बचाव करते हुए कहा कि जांगनान क्षेत्र में कुछ स्थानों के नामों को मानकीकृत करना पूरी तरह से चीन की संप्रभुता के अंतर्गत आता है। कहा कि वर्तमान में चीन-भारत संबंध सामान्यतः स्थिर हैं।

## महाराष्ट्र में टैक्सी चालकों के लिए मराठी भाषा अनिवार्य

**ठाणे।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री प्रताप सरनाइक ने मंगलवार को कहा कि राज्य में एक मई से सभी लाइसेंस प्राप्त रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी जानना अनिवार्य होगा और मोटर परिवहन विभाग के कार्यालयों के माध्यम से एक राज्यव्यापी अभियान चलाया जाएगा। अपने कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में सरनाइक ने चेतावनी दी कि जिन चालकों को मराठी का बुनियादी ज्ञान नहीं है, उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। मंत्री ने कहा, एक मई से सभी लाइसेंस प्राप्त रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी जानना अनिवार्य होगा। मोटर परिवहन विभाग के 59 क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से राज्यव्यापी निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि चालक मराठी पढ़ और लिख सकते हैं या नहीं। सरनाइक ने कहा कि लाइसेंस जारी करने के लिए स्थानीय भाषा के ज्ञान की आवश्यकता वाला नियम पहले से ही लागू है।

## आस्ट्रेलिया को मिलने जा रही पहली महिला सेना प्रमुख

**कैनबरा, एजेंसी।** लेफ्टिनेंट जनरल सुसान कॉयल की नियुक्ति के साथ ही ऑस्ट्रेलिया को अपनी पहली महिला सेना प्रमुख मिलेगी। कॉयल फिलहाल संयुक्त क्षमता विभाग की प्रमुख हैं। वह ऑस्ट्रेलियाई सेना में किसी भी शाखा की प्रमुख नियुक्त होने वाली पहली महिला हैं। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को नए सैन्य प्रमुखों की नियुक्तियों की घोषणा की। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब सरकार इस सप्ताह के अंत में रक्षा रणनीति और निवेश पर 2026 का अपना वक्तव्य जारी करेगी। ये नियुक्तियां जुलाई से प्रभावी होंगी। नौसेना के प्रमुख वाइस एडमिरल मार्क हैमंड ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के प्रमुख अध्यक्ष होंगे। वह एडमिरल डेविड जॉनसन की जगह लेंगे। हैमंड पनडुब्बियों और ऑस्ट्रेलियाई बेड़ों की कमान संभाल चुके हैं। वह 2022 से नौसेना प्रमुख हैं। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल (एडीएफ) के प्रमुख के रूप में लगातार दूसरे नौसेना अधिकारी होने के नाते हैमंड की विशेषज्ञता खासकर एयूकेयूएस समझौते को लेकर ऑस्ट्रेलिया के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है। कॉयल 1987 में आर्मी रिजर्व में भर्ती हुई थीं। वह सामरिक, परिचालन और रणनीतिक स्तरों पर तथा कमान भूमिकाओं में काम कर चुकी हैं। इनमें टास्क ग्रुप अफगानिस्तान की कमांडर और 17वीं सिग्नल रेजिमेंट की कमांडिंग ऑफिसर की भूमिका शामिल हैं। वह लेफ्टिनेंट जनरल स्टुअर्ट की जगह सेना प्रमुख का पद संभालेंगी।

## किम जोंग ने किया नए युद्धपोत से क्रूज मिसाइल परीक्षणों का निरीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने सप्ताहांत में अपने नए युद्धपोत से और मिसाइल परीक्षणों का निरीक्षण किया। किम ने इस दौरान परमाणु क्षमता वाले हथियारों के बढ़ते जखीरे के साथ नौसेना की अभियानगत क्षमताओं को मजबूत करने का संकल्प भी जताया। उत्तर कोरिया के आधिकारिक समाचार पत्र रोडोंग सिनमुन ने अपनी खबर में बताया कि किम ने रविवार को 5,000 टन श्रेणी के अपने विध्वंसक युद्धपोत 'चोए ह्योन' से दो सामरिक क्रूज मिसाइलों और तीन पोत रोधी मिसाइलों के प्रक्षेपण का निरीक्षण किया। चोए ह्योन युद्धपोत का अप्रैल 2025 में अनावरण किया गया था। क्रूज़ मिसाइलें ने निर्धारित लक्ष्यों को सटीकता से भेदा।

## अमेरिका में 5.7 तीव्रता का भूकंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नेवादा प्रांत की राजधानी कार्सन सिटी के पूर्व स्थित ग्रामीण इलाके में सोमवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप शाम 6:30 बजे से ठीक पहले महसूस किया गया और इसका केंद्र सिल्वर स्प्रिंग्स शहर से 20.7 किलोमीटर पूर्व में सतह से पांच किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

## विशेष चुनाव में जीत से कार्नी सरकार को बहुमत

- **कानून पास करने को नहीं लेना होगा अब विपक्ष का समर्थन**

**टोरंटो, एजेंसी**

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने सोमवार रात विशेष चुनाव में जीत हासिल करके अपनी सरकार के लिए बहुमत सुनिश्चित कर लिया। इससे उनकी लिबरल पार्टी अब बिना विपक्षी दलों के समर्थन के भी कानून पारित कर सकेगी। मतदाताओं ने 343 निर्वाचन क्षेत्रों में से तीन रिक्त सीट के लिए मतदान किया।

टोरंटो में, लिबरल पार्टी उम्मीदवार डेनियल मार्टिन ने यूनिवर्सिटी रोजडेल जिले से चुनाव जीता और लिबरल पार्टी उम्मीदवार डॉली बेगम ने स्कारबोरो साउथवेस्ट जिले से जीत हासिल की। क्यूबेक जिले के परिणाम बाद में आने की उम्मीद है। नतीजों के बाद लिबरल पार्टी 2029 तक सत्ता में बनी रह सकती है। कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विलय की धमकियों के



कारण जनता में उपजे गुस्से के बीच पिछले साल कनाडा में जीत हासिल की थी। तब से, मुख्य विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के चार सदस्यों सहित विपक्षी दलों से पांच सदस्यों ने दल-बदल किया है और कार्नी की लिबरल पार्टी को बहुमत तक पहुंचा दिया। कार्नी ने मार्टिन और बेगम को बधाई दी। मार्टिन ने कहा, आज रात, मार्क कार्नी और लिबरल टीम ने एक बेहतर कनाडा के निर्माण के लिए मजबूत जनादेश प्राप्त कर लिया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

- **मेष** — आज किसी पारिवारिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। कानूनी विवादों में सफलता मिल सकती है। दूसरों से अपनी तुलना न करें।
- **वृष** — आज उच्च अधिकारी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं। आलोचनाओं से दु:खी न हो। दूसरों के भरोसे में न रहें।
- **मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। आपकी बुद्धि और संचार क्षमता मजबूत रहेगी। नए संपर्क बनेंगे और लाभ के अवसर मिलेंगे।
- **कर्क** — आज काम की अधिकता के कारण आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं।
- **सिंह** — आज रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। दूरस्थ स्थानों की यात्रा हो सकती है। नौकरी में विवाद शांत होंगे।
- **कन्या** — व्यावसायिक संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग के साथ आपको संबंध अच्छे रखने चाहिए।
- **तुला** — आज अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। मानसिक थकान का अनुभव करेंगे। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।
- **वृश्चिक** — आज दिन की शुरुआत सावधानी से करें, क्योंकि कार्यों में रुकावट आ सकती है। धैर्य रखने पर स्थिति सुधरेगी। लाभ के योग हैं।
- **धनु** — आज विरोधियों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। व्यवसाय में कमी होने से थोड़ा तनाव होगा। संबंधों में अनबन हो सकती है।
- **मकर** — आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं।
- **कुंभ** — आज अपने लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा न करें। कारोबार में बदलाव करने से बचें। आपका स्वास्थ्य कमजोर रहने वाला है।
- **मीन** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी उलझन के साथ हो सकती है। परिवार का सहयोग रहेगा। खर्च पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 15 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 22.31 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- वसंत।

**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-पूर्व भाद्रपद 15.22 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

### सुडोकू - 119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 5 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 8 | 4 |

### सुडोकू -120

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | 8 | | 3 | | | | 5 | 7 |
| | | 9 | | 7 | | 6 | | |
| 6 | | | | 1 | 5 | | 7 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 9 | | 2 | 3 | | | | 4 |
| | | 7 | | | | 8 | | 3 |
| 3 | 6 | | | | 8 | | 2 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |

## पश्चिम एशिया संकट

**संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में देश के मानव विकास की प्रगति में कुछ कमी आने का दावा**

# भारत में 25 लाख लोगों के गरीबी की चपेट में आने का खतरा

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में संघर्ष से भारत में 25 लाख लोगों के गरीबी में धकेल दिए जाने का खतरा है और देश के मानव विकास की प्रगति में कुछ कमी आने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने पश्चिम एशिया में सैन्य वृद्धिः एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास पर प्रभाव शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा कि यह संघर्ष एशिया तथा प्रशांत क्षेत्र में मानव विकास के दबाव को बढ़ा रहा है। इसमें कहा गया कि ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ने से घरेलू क्रय शक्ति घट रही है, खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है, सरकारी बजट पर दबाव पड़ रहा है और आजीविका कमजोर हो रही है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोग गरीबी के जोखिम में आ सकते हैं और इस सैन्य तनाव से एशिया-प्रशांत क्षेत्र को 299 अरब डॉलर तक का नुकसान हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में गरीबी से प्रभावित लोगों की संख्या लगभग चार लाख से बढ़कर 25 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। संघर्ष के कारण दुनिया भर में गरीबी में धकेले जाने वाले लोगों की संख्या लगभग 19 लाख से बढ़कर करीब 88 लाख तक हो सकती है जिसमें दक्षिण एशिया के लोग सबसे अधिक होंगे। चीन में गरीबी की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या में मामूली वृद्धि का अनुमान है जो लगभग 1,15,000 से बढ़कर 6,20,000 से अधिक हो जाएगी। हालांकि यह बहुत बड़ी जनसंख्या के मुकाबले मामूली प्रभाव को दर्शाता है। सबसे गंभीर परिदृश्य में भारत की गरीबी दर 23.9 से बढ़कर 24.2 प्रतिशत हो सकती है जिससे अतिरिक्त 24,64,698 लोग गरीबी में चले जाएंगे। देश में गरीबी में रहने वालों की संख्या 35.40 करोड़ तक पहुंच सकती है जो पहले 35.15 करोड़ थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) प्रगति में भारत में लगभग 0.03 से 0.12 वर्ष तक की गिरावट हो सकती है।

### संघर्ष के कारण ऊर्जा विकल्पों पर भी असर

रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपनी 90 प्रतिशत से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और कच्चे तेल का 40 प्रतिशत से अधिक तथा एलपीजी का 90 प्रतिशत आयात पश्चिम एशिया से करता है। इसके अलावा, उर्वरक आयात का 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है। संघर्ष के कारण ऊर्जा विकल्पों पर भी असर पड़ा है। 36 में 25 देशों में मालभाड़ा शुल्क, युद्ध जोखिम बीमा, मार्ग परिवर्तन और देरी जैसी समस्याएं देखी गई हैं। भारत के कुल निर्यात का 14 प्रतिशत और आयात का 20.9 प्रतिशत पश्चिम एशिया से जुड़ा है।

## हड़ताल के चलते लुफ्थांसा की 700 से अधिक उड़ानें रद्द

**मॉस्को।** जर्मनी की सबसे बड़ी एयरलाइन समूह लुफ्थांसा में हड़ताल के पहले दिन 700 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। यह जानकारी वेरेनिगुंग कॉकपिट यूनियन ने दी। जर्मन ट्रेड यूनियन वेरेनिगुंग कॉकपिट ने इससे पहले 13-14 अप्रैल को लुफ्थांसा पायलटों की तीसरी हड़ताल का आह्वान किया था। पायलटों और फ्लाइट अटेंडेंटों की हड़ताल की पहली और दूसरी लहर फरवरी और मार्च 2026 में हुई थी, जिसके कारण जर्मनी के प्रमुख शहरों के हवाई अड्डों पर सैकड़ों उड़ानें रद्द हो गई थीं।



"शमी हमारी गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ है । काफी समझदार है और उसमें नेतृत्व क्षमता भी है । वह गेंद को शुरू में ही स्विंग करा लेता है । वह 130 से ऊपर से गेंदबाजी कर रहा है जो अच्छी बात है । हम सभी को पता है कि वह विश्व स्तरीय गेंदबाज है ।''
–टॉम मूडी, एलएसजी


# स्टेडियम

अयोध्या, बुधवार, 15 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

बनाम

लखनऊ सुपर जायंट्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद 224 रन
- ईशान किशन हैदराबाद 213 रन
- वैभव सूर्यवंशी राजस्थ 200 रन

**पर्पल कैप**



- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात 10 विकेट
- रवि बिश्नोई राजस्थान 9 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई 8 विकेट

**हाईलाइट**

### पीएसएल ने मुजरबानी पर दो साल का बैन लगाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) ने ज़िम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर दो साल का बैन लगाकर एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। यह बैन पीएसएल से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जाने के बाद लगाया गया है। इस घटना ने फ्रेंचाइज क्रिकेट में चल रही "प्लेयर लॉयल्टी बनाम मौका" बहस में एक नया मुद्दा बना दिया है। मुजरबानी को शुरू में पीएसएल में इस्लामाबाद यूनाइटेड ने रिप्लेसमेंट प्लेयर के तौर पर चुना था, क्योंकि वह आईपीएल और पीएसएल दोनों ऑक्शन में नहीं बिके थे। हालांकि, बाद में उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स से मौजूदा आईपीएल सीजन में ऑफर मिलने के बाद अपनी पीएसएल डील खत्म कर दी, जहाँ वह पहले ही दो मैच खेल चुके थे।

### भारत को पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स में स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के खिलाड़ी नवनीत सिंह ने हाल ही में संपन्न एशियाई लॉन बाउल्स चैंपियनशिप में पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स (चार खिलाड़ी) स्पर्धाओं में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की। दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम में छह से 12 अप्रैल तक आयोजित टूर्नामेंट में भारत ने पुरुष पेयर्स के फाइनल में हांगकांग को 17-15 से और पुरुष फोर्स के फाइनल में मलेशिया को 19-6 से हराया। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत ने पुरुषों की समग्र चैंपियन ट्रॉफी, समग्र टीम ट्रॉफी और चैलेंज ट्रॉफी जीती।

### माराडोना की मौत के मामले की सुनवाई फिर शुरू

**ब्यूनस आयर्स।** महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना की मौत में लापरवाही के आरोपी सात स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ मामले की सुनवाई मंगलवार को एक साल बाद फिर शुरू हुई । मूल कार्यवाही एक साल पहले रुक गई थी जब मामले पर बनी एक डॉक्यूमेंट्री में नजर आने के बाद पीठासीन न्यायाधीश ने पद छोड़ दिया था। यह लापरवाही का मामला सात स्वास्थ्यकर्मियों पर केंद्रित हैं जिन पर पांच साल पहले ब्यूनस आयर्स के बाहरी इलाके में एक घर में माराडोना की मौत से पहले कई हफ्तों तक उनकी उचित देखभाल नहीं करने का आरोप है। दुनिया के महानतम फुटबॉल खिलाड़ी माराडोना की 60 वर्ष की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

# स्टार्क व दीप्ति बने विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

- **शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, पंत व सिराज विजडन के 'साल के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर'**

लंदन, एजेंसी

मिचेल स्टार्क को विजडन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना है। उन्होंने 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और एशेज में अहम भूमिका निभाई। वहीं दीप्ति शर्मा को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का सम्मान मिला है। नवंबर में घरेलू जमीन पर भारत की ऐतिहासिक विश्व कप जीत में उनका बड़ा योगदान रहा।

इन पुरस्कारों का ऐलान अल्मनाक के 163वें संस्करण के प्रकाशन से पहले किया गया। 36 साल के स्टार्क ने इस साल 11 टेस्ट मैचों में 17.32 की औसत से 55 विकेट लिए। इसमें वेस्टइंडीज के ख़िलाफ़ सिर्फ़ नौ रन देकर छह विकेट लेने का उनका करियर बेस्ट प्रदर्शन भी शामिल रहा। इसके बाद 2025-26 एशेज के पहले दो टेस्ट में उन्होंने 18 विकेट झटके और पूरी सीरीज़ में 19.93 की औसत से 31 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। 28 साल की दीप्ति शर्मा भारत की 'प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट' रहीं। भारत ने नवी मुंबई में खेले गए फ़ाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीता।



मिचेल स्टार्क



दीप्ति शर्मा

पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने 30.71 की औसत से 215 रन बनाए और 20.40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। फ़ाइनल में उन्होंने 58 रन की अहम पारी खेली और 5 विकेट लेकर मैच अपने नाम किया। भारत के पुरुष क्रिकेटरों को भी इस बार अल्मनाक में बड़ी पहचान मिली है। शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को विजडन के 'साल के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर' में शामिल किया गया।

इन सभी ने पिछले साल इंग्लैंड के ख़िलाफ़ 2-2 से ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। गिल को विजडन ट्रॉफी भी मिली। इंग्लैंड की तरफ़ से इस बार बड़े पुरस्कार जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी पूर्व ओपनर हसीब हमीद रहे। उन्हें भी 'साल के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर' में शामिल किया गया।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | +0.889 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | +0.720 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 0 | 6 | +1.148 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | +0.576 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | +0.322 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 7. | लखनऊ सुपर जायंट्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.427 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.772 |
| 9. | चेन्नई सुपर किंग्स | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -1.532 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |

# चेन्नई ने कोलकाता को दी 193 रनों की चुनौती

## कोलकाता के स्पिनर सुनील नारायण ने की अच्छी गेंदबाजी, बीच के ओवरों में रन फ्लो को रोका



**सैमसन**
48 रन
32 गेंद
04 चौके
03 छक्के

मैच के दौरान शॉट लगाते संजू सैमसन।

चेन्नई, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाफ मंगलवार को आईपीएल मुकाबले में 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे चेन्नई के लिए संजू सैमसन ने 48, डेवाल्ड ब्रेविस ने 41, आयुष म्हात्रे ने 38, सरफराज खान ने 23 और शिवम दुबे ने नाबाद 13 रन बनाए।

सैमसन ने 32 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के, म्हात्रे ने 17 गेंदों में छह चौके और दो छक्के, ब्रेविस ने 29 गेंदों में चार चौके और दो छक्के, सरफराज ने 18 गेंदों में एक चौका और दो छक्के और शिवम ने 12 गेंदों में एक चौका लगाया। कोलकाता ने डेथ ओवरों में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चेन्नई को 200 से कम पर रोक दिया।

कोलकाता के स्पिनर खास तौर पर सुनील नारायण बहुत अच्छे थे, उन्होंने बीच के ओवरों में रन फ्लो को रोका। पेसर, खासकर कार्तिक त्यागी ने डेथ ओवरों में अच्छी बॉलिंग की क्योंकि बैट्समैन को बड़े शॉट खेलने में मुश्किल हो रही थी। कार्तिक ने सैमसन और ब्रेविस के विकेट भी झटके। ब्रेविस और सरफराज ने 50 रन की पार्टनरशिप की, लेकिन उन्हें बाउंड्री लगाने में दिक्कत हुई। इससे पहले, सैमसन और आयुष ने चेन्नई को ज़बरदस्त शुरुआत दी, लेकिन टीम बीच में लड़खड़ा गई। पिच पर शॉट लगाना मुश्किल है क्योंकि बॉल सरफेस पर पकड़ बना रही है।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाड़ी।

**चेन्नई सुपर किंग्स पारी**

- संजू सैमसन बो त्यागी 48
- रूतुराज गायकवाड़ का पॉवेल बो रॉय 7
- आयुष म्हात्रे का रमनदीप बो अरोड़ा 38
- ब्रेविस का अरोड़ा बो त्यागी 41
- सरफराज खान बो नारायण 23
- शिवम दुबे नाबाद 13
- जैमी ओवर्टन नाबाद 12

**अतिरिक्त** : 15 रन

**योग** : 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन

**विकेट पतन** : 1-25, 2-72, 3-111, 4-162, 5-171

**गेंदबाजी** :
- अरोड़ा 4 .0 .55 .1
- ग्रीन 2 .0 .30 .0
- रॉय 3 .0 .21 .1
- नारायण 4 .0 .21 .1
- चक्रवर्ती 3 .0 .26 .0
- त्यागी 4 .0 .35 .2

# सूर्यकुमार के भविष्य पर हो सकती चर्चा

**फॉर्म को लेकर उठे सवाल**

नई दिल्ली, एजेंसी

सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में भारत ने भले ही टी20 विश्व कप के खिताब का सफल बचाव किया हो, लेकिन उनकी बल्लेबाजी फॉर्म को देखते हुए सवाल उठने लग गए हैं कि क्या उन्हें वर्ष 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए टीम में शामिल किया जाएगा या नहीं। इस संदर्भ में जून-जुलाई में भारत का इंग्लैंड और आयरलैंड का दौरा कप्तान के लिए महत्वपूर्ण होगा क्योंकि उनकी कप्तानी से कहीं अधिक उनकी बल्लेबाजी पर नजर रखी जाएगी। इस दौरे से यह तय हो सकता है कि क्या उन्हें 2028 में होने वाली बड़ी प्रतियोगिताओं तक टीम में बनाए रखा जाएगा या नहीं। वर्ष 2028 में अमेरिका में ओलंपिक और ऑस्ट्रेलिया में होने वाला टी20 विश्व कप शामिल हैं। सूर्यकुमार अब भी मुख्य कोच गौतम गंभीर की पहली पसंद बने हुए हैं, जिनका कार्यकाल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले 2028 टी20 विश्व कप तक बढ़ाए जाने की संभावना है। हालांकि यह देखना दिलचस्प होगा कि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति गंभीर से सहमत होती है या नहीं, क्योंकि ओलंपिक के समय सूर्यकुमार की उम्र लगभग 38 साल हो जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि सूर्या अभी टीम की कप्तानी कर रहे हैं। लेकिन उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि एक बल्लेबाज के रूप में वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें। ब्रिटेन दौरे में वह कप्तानी करेंगे, लेकिन उसके बाद 2028 तक की चर्चा पूरी तरह से प्रदर्शन पर आधारित हो सकती है। सूर्यकुमार के लिए 2025 का साल बेहद खराब रहा, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 120 से भी कम हो गया और वे एक भी अर्धशतक नहीं बना सके थे। उन्होंने 2026 में हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें चार अर्धशतक भी शामिल है। टी20 विश्व कप में हालांकि अमेरिका के खिलाफ पहले मैच को छोड़कर सूर्यकुमार का प्रदर्शन उल्लेखनीय नहीं रहा।



# कोविड के टीके के कारण हुई थी पापा की मौत: जैक्सन वार्न

- **2022 में थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से वार्न का हुआ था निधन**

सिडनी, एजेंसी

शेन वार्न के निधन के चार साल बाद उनके बेटे जैक्सन वार्न ने दावा किया है कि इस दिग्गज स्पिनर की मौत संभवतः कोविड के उन 'तीन या चार' टीकों के कारण हुई थी जो उन्हें 'काम करने के लिए मजबूरन लेने पड़े थे। जैक्सन ने एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए अपने पिता की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को भी स्वीकार किया।

वार्न का 2022 में थाईलैंड में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। उस समय उनकी उम्र 52 वर्ष थी। जैक्सन ने कहा कि मुझे पक्का लगता है कि इसमें (कोविड टीके का) हाथ था। मुझे नहीं लगता कि अब यह कहने से किसी तरह का विवाद पैदा होगा। भले ही डैड (पिताजी) को पहले से ही कुछ स्वास्थ्य समस्याएं थीं, लेकिन मुझे लगता है कि टीका लगाने के कारण उनकी बीमारी खुलकर सामने आ गई। यह एक ऐसी बात है जिससे मैं हमेशा सोचता रहता हूं।



# एलएसजी के खिलाफ आरसीबी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद

बेंगलुरु, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अब तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपने बल्लेबाजों से फिर से धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। आरसीबी अभी छह अंकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर हैं और चार अन्य टीमें चार-चार अंकों के साथ उसका पीछा कर रही हैं।

बेंगलुरु की टीम शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स से दो अंक और पंजाब किंग्स से एक अंक पीछे है। लेकिन सच्चाई यह है कि आईपीएल के इस सत्र में आरसीबी के बल्लेबाजों ने गेंदबाजों के मन में जितना खौफ पैदा किया है, उतना कोई अन्य टीम नहीं कर पाई है। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और सभी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक आरसीबी ने सर्वाधिक छक्के जड़े हैं और उन्होंने 'रेंज-हिटिंग' को एक नए स्तर पर पहुंचा दिया है। इसी का नतीजा है कि आरसीबी में वर्तमान सत्र में अभी तक किसी भी मैच में 200 से कम रन नहीं बनाए हैं जिससे उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का अंदाजा लगाया जा सकता है।

आरसीबी अपने घरेलू मैदान पर अगले तीन मैच में भी परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाना चाहेगा। वह एलएसजी के बाद दिल्ली कैपिटल्स (18 अप्रैल) और गुजरात टाइटन्स (24 अप्रैल) के खिलाफ यहां मैच खेलेगा। इसके बाद वह अपने अंतिम दो घरेलू मैच रायपुर में खेलेगा। लेकिन क्या चिन्नास्वामी स्टेडियम में सुपर जायंट्स के गेंदबाजी आक्रमण से उन्हें किसी तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। एलएसजी की तरफ से अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव और दिग्वेश राठी ने अब तक प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। ऋषभ पंत की अगुवाई वाला बल्लेबाजी क्रम अभी तक लय में नहीं आया है।



**टीमें इस प्रकार हैं**

- **लखनऊ सुपर जायंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), एडेन मार्क्रम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, मिचेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, वानिंदु हसरंगा, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम. सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।
- **रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल। विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**जज्बा**

**इरफ़ान पठान ने बताया, प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन ने बॉलिंग में पेस व वेरिएशन का किया सही बैलेंस**

# ...जब साकिब की शूज के लिए उनकी मां ने बेच दी अपनी ज्वेलरी



हैदराबाद, एजेंसी

सनराइज़र्स हैदराबाद ने टाटा आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स पर 57 रन से ज़बरदस्त जीत दर्ज की। इरफ़ान पठान ने बताया कि कैसे प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन ने एसआरएच की बॉलिंग में पेस और वेरिएशन का सही बैलेंस बनाया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी पॉजिटिव बात यह थी कि उन्होंने पेस और वेरिएशन दोनों दिए, जिसकी सनराइजर्स हैदराबाद को बिल्कुल जरूरत थी। उन्होंने तेज पेस, बाउंस और थोड़ी स्विंग के साथ शुरुआत की, और जैसे-जैसे बॉल पुरानी होती गई, उनके वेरिएशन काम आने लगे। साकिब, खासकर, शानदार थे। उनकी कलाई की पोजीशन उन्हें सूखी सतह पर भी तेज टर्न और धोखा देने वाली धीमी गेंदें फेंकने में मदद करती है। प्रफुल हिंगे नई बॉल और यॉर्कर के साथ असरदार होंगे, जबकि साकिब अपनी वेरिएशन से बीच के ओवरों को कंट्रोल कर सकते हैं। यह कॉम्बिनेशन उनके बॉलिंग अटैक को कहीं ज़्यादा कम्प्लीट बनाता है।

प्रफुल और साकिब के असर पर उन्होंने कहा कि यह सनराइजर्स हैदराबाद के लिए एक बड़ा बूस्ट था क्योंकि उनकी बॉलिंग को उस एक्स्ट्रा फायरपावर की जरूरत थी। जहां जयदेव उनादकट और हर्षल पटेल जैसे अनुभवी बॉलर वैरिएशन पर भरोसा कर रहे थे, वहीं प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन तेज पेस और बाउंस लेकर आए, जिससे सच में फर्क पड़ा। साकिब का सफ़र शानदार है। उनकी मां ने उनके लिए पहले क्रिकेट शूज़ खरीदने के लिए अपनी ज्वेलरी बेच दी थी, उन्हें इतने बड़े स्टेज पर ऐसा परफॉर्मेंस देते देखना उनके परिवार के लिए बहुत खास होगा। इन युवा खिलाड़ियों को हाई-प्रेशर गेम में सपोर्ट करने का क्रेडिट टीम मैनेजमेंट और ईशान किशन को भी जाता है। वह भरोसा काम आया, और एसआरएच के लिए आगे का समय रोमांचक लग रहा है।



साकिब की मां।



### विशेष शर्मा ने पहले दिन बनाई एक शॉट की बढ़त

**हैदराबाद।** हैदराबाद के 19 वर्षीय विशेष शर्मा ने सात अंडर 65 का शानदार स्कोर बनाकर हैदराबाद के बोल्डर हिल्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले जा रहे एक करोड़ रुपये इनामी राशि वाले पहले बोल्डर्स क्लासिक के उद्घाटन राउंड में एक शॉट की बढ़त हासिल की। विशेष का 65 का स्कोर नया कोर्स रिकॉर्ड रहा, जिसमें पार-5 14वें होल पर एक ईगल, छह बर्डी और एकमात्र बोगी शामिल रही। दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता शुभंकर शर्मा ने छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर दिल्ली के विनय कुमार यादव के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर जगह बनाई। यह राउंड दिसंबर 2021 में जमशेदपुर में टूर चैम्पियनशिप के बाद शुभंकर की इस टूर पर वापसी थी।

# एआईएफएफ ने नस्लीय दुर्व्यवहार मामले को समिति को भेजा

- **11 अप्रैल को कांतीरवा स्टेडियम में मैच के दौरान एक खिलाड़ी के लिए नस्लीय टिप्पणियां की गई थी**

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के दौरान कथित नस्लीय दुर्व्यवहार की शिकायतों को अपनी अनुशासनात्मक समिति को भेज दिया है, क्योंकि केरल ब्लास्टर्स ने अपने एक खिलाड़ी से जुड़ी घटना पर कार्रवाई की मांग की थी। केरल ब्लास्टर्स ने एआईएफएफ से शिकायत की थी 11 अप्रैल को कांतीरवा स्टेडियम में बेंगलुरु एफसी के खिलाफ खेले गए आईएसएल मैच के दौरान उनके एक खिलाड़ी के लिए नस्लीय टिप्पणियां की गई।

केरल ब्लास्टर्स के सेनेगल के डिफेंडर फालू नदिये के लिए बेंगलुरु एफसी के समर्थकों ने कथित तौर पर नस्लीय टिप्पणियां की थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। केरल ने वह मैच 2-1 से जीता था।

एआईएफएफ ने मंगलवार को बयान में कहा कि इंडियन सुपर लीग 2025-26 के दौरान खिलाड़ियों के खिलाफ कथित नस्लीय दुर्व्यवहार के संबंध में एआईएफएफ को कुछ शिकायतें मिली हैं। हम खिलाड़ियों और हर उस व्यक्ति के साथ मजबूती से खड़े हैं, जिसे बिना किसी भेदभाव के इस खूबसूरत खेल में भाग लेने का अधिकार है।